भाद्रपद कृष्ण पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 27 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 153, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





बलूचिस्तान में बंदूकधारियों के हमले में 37 की मौत 16
फिल्म सिटी पहुंचकर भावुक हुईं प्रियंका 15





**जय श्रीकृष्णा...** मुरादाबाद में दिल्ली रोड स्थित होटल में आयोजित इस्कॉन के कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण का दुग्ध अभिषेक करते श्रद्धालु। रात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण जन्म पर आरती उत्सव का आयोजन हुआ।

**हिमाचल प्रदेश से भाजपा सांसद कंगना का किसान आंदोलन पर विवादित बयान**

# शीर्ष नेतृत्व मजबूत नहीं होता तो पंजाब बन जाता बांग्लादेश

नई दिल्ली, एजेंसी

फिल्म अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत एक बार फिर विवादों में फंस गई हैं। इस बार उन्होंने किसान आंदोलन को लेकर ऐसी टिप्पणी की है, जिससे खुद उनकी पार्टी बैकफुट पर आ गई है। दरअसल, एक साक्षात्कार में कंगना ने कहा कि अगर हमारा शीर्ष नेतृत्व मजबूत नहीं रहता तो किसान आंदोलन के दौरान पंजाब को भी बांग्लादेश बना दिया जाता।

कंगना ने आगे कहा कि पंजाब में किसान आंदोलन के नाम पर उपद्रवी हिंसा फैला रहे थे। वहां दुष्कर्म और हत्याएं हो रही थीं। किसान विधेयक को वापस ले लिया गया। वरना, इन उपद्रवियों की बहुत लंबी प्लानिंग थी। वे देश में कुछ भी कर सकते थे। इस बयान के बाद विपक्ष भी सरकार पर हमलावर हो गया है। मामला तूल पकड़ता देख भाजपा ने न सिर्फ कंगना के बयान से पल्ला झाड़ लिया, बल्कि उन्हें नीतिगत मामलों में न बोलने की हिदायत भी दी। पार्टी ने एक बयान में कहा, "भाजपा सांसद कंगना द्वारा किसान आंदोलन के परिप्रेक्ष्य में दिया गया बयान पार्टी का मत नहीं है। पार्टी की ओर से पार्टी के नीतिगत विषयों पर बोलने के लिए उन्हें न तो अनुमति है और न ही वह अधिकृत हैं।"

पार्टी की ओर से कहा गया, "भाजपा की ओर से कंगना रानौत को निर्देशित किया गया है कि वे इस प्रकार के कोई बयान भविष्य में न दें।

- पार्टी ने किया किनारा, कहा- नीतिगत विषयों पर बोलने के लिए वे अधिकृत नहीं



### भाजपा सहमत नहीं तो पार्टी से निकाले: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भाजपा द्वारा अपनी सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत के किसानों से जुड़े विवादित बयान से असहमति जताए जाने के बाद सोमवार को कहा कि यदि सत्तारूढ़ दल अपनी सांसद की टिप्पणियों से असहमत है तो उन्हें पार्टी से बाहर करे। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यह भी कहा कि सरकार को कंगना के इस दावे पर स्पष्टीकरण देना चाहिए कि अमेरिका और चीन देश के अंदर अस्थिरता की साजिश कर रहे थे। सुप्रिया ने कहा, 'किसी नेता ने आज तक अन्नदाताओं के खिलाफ उन शब्दों का इस्तेमाल नहीं था, जो कंगना रनौत ने किए हैं।' सुप्रिया ने कहा कि कंगना के बयान पर आक्रोश पैदा हुआ तो भाजपा से उसके रुख के बारे में पूछा गया। हरियाणा का चुनाव का नजदीक है और पता है कि भाजपा हारने जा रही है। ऐसे में भाजपा की तरफ से एक बयान आया, जिसमें कंगना की टिप्पणियों से असहमति जताई गई।









# एक रहेंगे तो नेक रहेंगे, बटेंगे तो कटेंगे

## आगरा पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने बांग्लादेश का किया जिक्र, कहा- राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं

राज्य ब्यूरो, आगरा/लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट संदेश दिया है कि राष्ट्र तभी मजबूत होगा, जब हम सब एक होंगे। बंटेंगे तो कटेंगे। उन्होंने इस क्रम में बांग्लादेश का उदाहरण देते हुए कहा कि वे गलतियां यहां नहीं होनी चाहिए। एक रहेंगे-नेक रहेंगे, सुरक्षित रहेंगे और समृद्धि की पराकाष्ठा तक पहुंचेंगे।

योगी आदित्यनाथ सोमवार को आगरा पहुंचे थे। यहां उन्होंने राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद उन्होंने ताजमहल मेट्रो स्टेशन पर आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं हो सकता। योगी ने राधे-राधे कहकर जनसभा में उपस्थित लोगों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा का अनावरण ऐसे समय में कर रहे हैं, जब हम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में दर्ज काकोरी ट्रेन एक्शन का शताब्दी वर्ष मना रहे हैं। देश की आजादी में 9 अगस्त 1925 में लखनऊ में पं. राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां, चंद्रशेखर आजाद जैसे क्रांतिकारियों ने ट्रेन एक्शन की घटना को अंजाम देकर उस समय अंग्रेज हुकूमत को चुनौती दी थी।

योगी ने कहा कि हम इतिहास जानते हैं। औरंगजेब का इस आगरा से भी कुछ संबंध था। इसी आगरा में हिंदवी पद बादशाही के महानायक छत्रपति शिवाजी महाराज ने औरंगजेब की सत्ता को चुनौती दी थी। उन्होंने कहा था कि तुम चूहे की तरह तड़पते रह जाओगे, लेकिन तुझे हिंदुस्तान पर कब्जा नहीं करने देंगे। राजस्थान में महाराजा जसवंत सिंह इस मोर्चे को संभाल रहे थे। महाराजा जसवंत सिंह के महत्वपूर्ण सेनापति राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर जी थे। औरंगजेब ने कई बार कोशिश की, लेकिन कब्जा नहीं कर पाया। क्योंकि जहां राष्ट्रवादी राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर जैसे वीर हों, वहां कैसे कोई विदेशी आक्रांता कब्जा कर सकता है।



- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा का किया अनावरण



### श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचकर किया दर्शन-पूजन

**मथुरा।** जन्माष्टमी पर सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मस्थान मथुरा पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीकृष्ण के दर्शन-पूजन किए। योगी ने यहां कान्हा को पंचामृत स्नान कराया व भोग प्रसाद अर्पित किया। उन्होंने गर्भ गृह में भी दर्शन किया। गर्भ गृह को कारागार के रूप में सजाया या। फिर मंदिर प्रांगण का अवलोकन किया। इस दौरान पूरा प्रांगण 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' गूंज से गुंजायमान हो गया। इससे पहले रविवार को जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर योगी ने वृंदावन पहुंचकर बांके बिहारी के दर्शन-पूजन किया था।

### पीएम का 'रोल प्ले' न करें योगी: अखिलेश



**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बांग्लादेश पर दिए गए बयान पर तंज कसते हुए सोमवार को कहा कि वह (योगी) प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं। कम से कम उन्हें प्रधानमंत्री का 'रोल प्ले' नहीं करना चाहिए। सपा प्रमुख यादव यहां सोमवार को संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बांग्लादेश का मामला देश की विदेश नीति से जुड़ा है और यह कार्य प्रधानमंत्री जी का है, भारत सरकार का है कि दुनिया में किस देश के साथ कैसा संबंध रखना है। सपा प्रमुख ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि केंद्र वाले उन्हें समझाएंगे कि दिल्ली वाले फैसलों में वह हस्तक्षेप न करें।

**भ्रष्टाचार मामले में पूर्व प्राचार्य पर सीबीआई का शिकंजा**

# गैर-जमानती धाराओं में दर्ज की एफआईआर

कोलकाता, एजेंसी

सीबीआई ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष के खिलाफ एक और मामला दर्ज किया है। यह उनके कार्यकाल के दौरान संस्थान में वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ा है। एजेंसी ने आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार आदि की सात धाराओं में मामला दर्ज किया है।

कलकत्ता हाईकोर्ट के एक वरिष्ठ वकील ने कहा कि इन सभी मामलों को एक साथ पढ़ने पर ये संज्ञेय अपराध लगते हैं और गैर-जमानती प्रकृति के हैं। घोष के अलावा, सीबीआई ने मध्य जोरहाट, बानीपुर, हावड़ा के मेसर्स मा तारा ट्रेडर्स, जेके घोष रोड, बेलगछिया, कोलकाता के मेसर्स ईशान कैफे और मेसर्स खामा लौहा के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। राज्य स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव देबल कुमार घोष द्वारा दर्ज कराई गई लिखित शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई। सीबीआई द्वारा कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देश पर राज्य द्वारा गठित एसआईटी से जांच अपने हाथ में लेने के बाद शनिवार को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। 9 अगस्त को एक महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के मामले में पश्चिम बंगाल सरकार ने एसआईटी का गठन किया था। यह आदेश आरजी कर अस्पताल के पूर्व उपाधीक्षक अख्तर अली की याचिका पर जारी किया गया, जिन्होंने संस्थान में कथित वित्तीय कदाचार की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जांच कराने का अनुरोध किया था।

अली ने उच्च न्यायालय का रुख किया था, क्योंकि इस बात को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं कि क्या संस्थान में भ्रष्टाचार का संबंध महिला डॉक्टर की मौत से जुड़ा है और क्या पीड़िता को इसकी जानकारी थी एवं इससे मामले के उजागर होने का खतरा था।



- स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव ने की थी डॉ. घोष की शिकायत

## एक नजर

### झारखंड विस चुनाव से पहले यशवंत सिन्हा बनाएंगे नई पार्टी

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा झारखंड में विधानसभा चुनाव से पहले अपनी नई पार्टी बना सकते हैं। सोमवार को दिल्ली रवाना होने से पहले यशवंत सिन्हा ने पत्रकारों से कहा कि समाज के तमाम वर्गों से परामर्श के बाद जल्द ही अटल विचार मंच (एवीएम) के गठन पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। वहीं, इससे पहले रविवार को आयोजित हुई बैठक की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व कार्यकारी सदस्य और पूर्व भाजपा सांसद जयंत सिन्हा के प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार सिन्हा ने की और इसमें जयंत सिन्हा और यशवंत सिन्हा दोनों के समर्थक शामिल हुए। झारखंड में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

### छग: 19 नक्सलियों का सरेंडर, इनमें छह इनामी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर में 29 लाख रुपये के इनामी छह कट्टर नक्सलियों ने अपने 19 अन्य साथियों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया है। समर्पण करने वालों में पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी की दो महिला नक्सली भी शामिल हैं। संगठन में भेदभाव से परेशान होकर नक्सलियों ने यह कदम उठाया है। बीजापुर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव के सामने सोमवार को इन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। सभी नक्सली गांगलूर इलाके में सक्रिय थे। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को प्रोत्साहन के तौर पर 25-25 हजार रुपये की राशि भी प्रदान की गई है।

# जो कांशीराम को गंवारा नहीं वह मेरे लिए भी संभव नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बसपा प्रमुख मायावती ने सक्रिय राजनीति से संन्यास की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि जो कांशीराम को गंवारा नहीं, तो उनके लिए भी यह संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि बहुजनों के आंबेडकरवादी कारवां को कमजोर करने की विरोधी पार्टियों की साजिश को विफल करने के लिए डॉ. आंबेडकर व कांशीराम की तरह ही जिंदगी की आखिरी सांस तक पार्टी व इसके स्वाभिमान मूवमेंट को समर्पित रहने का उनका फैसला अटल है।

बसपा प्रमुख ने कहा कि सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता है। उन्होंने कहा कि भतीजे आकाश आनंद को उनके न रहने या अस्वस्थ्य होने के विकट हालात में उत्तराधिकारी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि यह भी दुष्प्रचार किया जा रहा है कि उन्हें राष्ट्रपति बनाया जाएगा, जबकि कांशीराम ने ऐसे ही ऑफर यह कहकर ठुकरा दिया था कि राष्ट्रपति बनना सक्रिय राजनीति से संन्यास लेना है, जो पार्टी के हित में कतई गंवारा नहीं था, तो उनकी शिष्या होकर उनके उन्हें यह स्वीकार करना कैसे संभव है।



- संन्यास की अटकलों को बसपा प्रमुख ने किया खारिज

# त्रिपुरा: मंदिर में मूर्तियां खंडित पाए जाने के बाद 12 घर जलाए

**अगरतला।** पश्चिमी त्रिपुरा के रानीरबाजार क्षेत्र में एक मंदिर में मूर्ति क्षतिग्रस्त पाए जाने के बाद अज्ञात लोगों ने कम से कम 12 घरों और कुछ वाहनों को आग लगा दी। रानीरबाजार के अंतर्गत जिरानिया उपखंड में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है।

सहायक महानिरीक्षक (कानून एवं व्यवस्था) अनंत दास ने बताया कि कैतुरबाड़ी में देवी काली की मूर्ति खंडित पाए जाने के बाद रविवार देर रात उपद्रवियों ने रानीरबाजार में करीब 12 घरों में आग लगा दी। आग में कुछ मोटरसाइकिलें और पिकअप वाहन भी जलकर खाक हो गए। इस घटना में किसी व्यक्ति के हताहत की सूचना नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उग्र भीड़ को देखकर लोग अपने घरों से भाग गए। दास ने कहा कि तनाव कम करने के लिए भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है और पुलिस महानिदेशक (खुफिया) अनुराग धनखड़ और पश्चिमी त्रिपुरा के पुलिस अधीक्षक किरण कुमार ने क्षेत्र का दौरा किया है।

# देश में रहना है तो राम-कृष्ण की जय कहना होगा: मोहन यादव

भोपाल, एजेंसी

जन्माष्टमी के मौके पर सोमवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि देश में रहना है तो राम-कृष्ण की जय कहना होगा। उन्होंने कहा कि रहीम या रसखान अपने आपको यहां की मिट्टी में जोड़कर चले तो आज सदियों से हम उनका स्मरण करते हैं। लेकिन सावधान! जो यहां का खाता है और कहीं और का बजाता है, ये नहीं चलेगा। मुख्यमंत्री यादव सोमवार को अशोकनगर जिले के चंदेरी में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मोहन यादव ने कहा, "भारत के अंदर रहना होगा तो राम-कृष्ण की जय कहना होगा। इनके बाहर कुछ नहीं है। हमारे अपने देश के अंदर हम सबका सम्मान करना चाहते हैं। हम किसी का अपमान नहीं करते।" उन्होंने बताया कि चंदेरी की साड़ी बनाने वाले हैंडलूम पार्क में गया था। यहां क्या हिंदू और मुसलमान, धूमधाम से मेहनत कर रहे हैं। ये पवित्रता का भाव चाहिए। मोहन यादव ने कहा कि हमारे यहां हिंदू-मुस्लिम का भाव नहीं है। हमारे यहां परमात्मा को, सृष्टि को समझने वाले लोग चाहिए। हम सबके लिए पवित्रता का भाव रखते हैं। हम तो भाग्यशाली हैं कि भगवान राम-कृष्ण की भूमि पर जन्म लिया। हमारे देवी-देवताओं को समझने जाओगे तो पता चलेगा कि उन्होंने कदम-कदम पर कष्ट उठाए हैं।



- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जन्माष्टमी के अवसर पर दिया बयान

# महादेव सट्टेबाजी एप मामलों की होगी सीबीआई जांच

**रायपुर।** बहुचर्चित महादेव सट्टेबाजी एप घोटाला मामलों की जांच सीबीआई करेगी। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार ने इस घोटाले के संबंध में दर्ज मामलों को सीबीआई को सौंप दिया है। महादेव घोटाले से जुड़े 70 मामले राज्य के विभिन्न थानों और एक मामला आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा में दर्ज किया गया था।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह मुद्दा केवल एक राज्य के बजाय कई राज्यों का मामला बन गया है। ऐसा कहा जाता है कि इसके कुछ 'किंगपिन' विदेश में रहते हैं। अब सीबीआई इस मामले की जांच करेगी। बता दें कि इसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भी नाम आया था।

# चार हफ्तों के भीतर दें खुली जेलों की जानकारी: कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को चार सप्ताह के भीतर खुली जेलों के कामकाज के संबंध में पूरी जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ को वरिष्ठ अधिवक्ता एवं न्याय मित्र के. परमेश्वर ने सूचित किया कि कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अभी तक अपने जवाब दाखिल नहीं किए हैं। परमेश्वर जेलों में कैदियों की बढ़ती संख्या से संबंधित मामले में शीर्ष अदालत की न्याय मित्र के रूप में सहायता कर रहे हैं। पीठ ने कहा कि दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश और पंजाब जैसे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने खुली जेलों की स्थिति और कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी मांगने के लिए प्रश्नावली प्रसारित किए जाने के बावजूद अभी तक जानकारी उपलब्ध नहीं कराई हैं। यह भी नहीं बताया है कि क्या ऐसी जेलें उनके अधिकार क्षेत्र में मौजूद हैं या नहीं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद के लिए सूचीबद्ध की।

- उच्चतम न्यायालय ने राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों को दिया आदेश

# लद्दाख में होंगे पांच नए जिले गृहमंत्री शाह ने किया ऐलान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में पांच नए जिले बनाने की घोषणा की। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एक विकसित और समृद्ध लद्दाख बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पांच नए जिले बनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि ये नए जिले जंस्कार, द्रास, शाम, नुबरा और चांगथांग होंगे, जो लद्दाख के हर हिस्से में शासन को मजबूत करके लोगों के लिए फायदों को उनके दरवाजे तक पहुंचाएंगे। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने लद्दाख में पांच नए जिलों के गठन की सराहना करते हुए इसे बेहतर शासन और समृद्धि की दिशा में एक कदम बताया। उन्होंने कहा कि जंस्कार, द्रास, शाम, नुबरा और चांगथांग पर अब अधिक ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिससे सेवाओं और अवसरों को लोगों के और करीब लाया जा सकेगा।

# अब 21 दिन के भीतर होगा जन शिकायतों का निवारण

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने जन शिकायत निवारण की समय सीमा मौजूदा 30 दिन से घटाकर 21 दिन कर दिया है। संशोधित दिशा-निर्देशों से जुड़े आदेश में शिकायतों के निपटारे के लिए समर्पित अधिकारियों की नियुक्ति का सुझाव दिया गया है।

प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि इसका अर्थ यह है कि शिकायत को किसी भी मामले में यह कहकर बंद किया जाएगा कि इस मंत्रालय/विभाग/कार्यालय से संबंधित नहीं है या इस तरह की अन्य भाषा के आधार पर इसे नहीं बंद किया जाएगा। यदि शिकायत का विषय प्राप्त करने वाले मंत्रालय से संबंधित नहीं है, तो इसे सही प्राधिकारी को हस्तांतरित करने का प्रयास किया जाएगा।

डीएआरपीजी के आदेश में कहा गया है कि जिन मंत्रालयों-विभागों में बड़ी संख्या में जन शिकायतें प्राप्त होती हैं, वहां स्वतंत्र प्रभार के साथ पर्याप्त पद पर एक समर्पित नोडल अधिकारी नियुक्त करने की सलाह दी जाती है। संशोधित दिशा-निर्देशों का उल्लेख करने वाला यह आदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 29 जून को भारत सरकार के सचिवों के साथ बातचीत के दौरान दिए गए निर्देशों के बाद जारी किया गया। निर्देशों के अनुपालन में, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने केंद्रीयकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली को नागरिकों के लिए अधिक संवेदनशील, सुलभ और सार्थक बनाने के लिए मौजूदा प्रक्रियाओं की समीक्षा की। यह एक ऑनलाइन पोर्टल है, जो लोगों को सरकारी विभागों के खिलाफ शिकायत दर्ज करने की सुविधा देता है।

**केंद्र सरकार ने मौजूदा 30 दिन की समयसीमा घटाई**




### निवारण में ज्यादा समय लगे तो शिकायतकर्ता को बताएं कारण

प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा 23 अगस्त, 2024 जारी आदेश में कहा गया है कि सीपीजीआरएएमएस में शुरू किए गए 10 चरणों के सुधारों ने औसत समाधान समय को काफी कम कर दिया है। इसे ध्यान में रखते हुए सीपीजीआरएएमएस में मामलों के लिए डीएआरपीजी द्वारा सुझाए गए अधिकतम निवारण समय को और घटाकर 21 दिन कर दिया गया है। आदेश में कहा गया कि जिन मामलों में निवारण में अधिक समय लगता है, वहां कारण बताते हुए अंतरिम उत्तर दिया जा सकता है तथा शिकायत के समाधान की अपेक्षित समयसीमा भी बताई जा सकती है।

## शहर में आज



☞ सेल्स टैक्स कार्यालय में जोनल टैक्स बार एसोसिएशन की बैठक 4:00 बजे।

☞ रोटरी क्लब की ओर से मां भगवती गोपुनर्वास आश्रम मोरा की मिलक में गोसेवा कार्यक्रम सुबह 8:00 बजे।

## एक नजर



राधा-कृष्ण स्वरूप में सजे बच्चे।

### पाकबड़ा में सजे मंदिर धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर क्षेत्र के सभी मंदिरों को सजाया गया। धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने मटकी फोड़ कार्यक्रम किया। सुंदर-सुंदर झांकियां देखने को मिली। सोमवार को कृष्ण जन्माष्टमी पर कस्बे के बड़ा मंदिर, कहारों वाला मंदिर, शिवसहाय मंदिर, कलरिया महादेव मंदिर, हनुमान मंदिर आदि को सजाया गया। सभी मंदिर रंगबिरंगी रोशनी से जगमगाते रहे। मंदिरों में झांकियां सजाईं गईं। कुछ मंदिरों में तो बर्फ की गुफा भी बनाई गई। जिसमें बच्चों ने घूम-घूम कर आनंद लिया। कहीं गोवर्धन पर्वत तो कहीं वृंदावन बनाया गया। इसके साथ ही छोटे बच्चे बड़ा मंदिर पर मटकी फोड़ कार्यक्रम में शामिल हुए। मोहल्ला पश्चिमी ठाकुरान में भी छोटे-छोटे बच्चों द्वारा मटकी फोड़ी गई। मटकी फोड़ने वालों को उपहार भी दिया गया। सभी मंदिरों पर सुरक्षा के लिए पुलिस फोर्स तैनात रही। इस अवसर पर नैतिक तोमर, सक्षम राघव, विराज सिंह, अनन्या तोमर, आद्विक, अयांशी, ताशु राघव, सिम्मी ठाकुर, यक्ष विश्नोई, चुनचुन विश्नोई, श्रेया सिंह आदि बच्चों ने मटकी फोड़ कार्यक्रम में भाग लिया।



राधा कृष्ण मंदिर में भजन सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



पुलिस लाइन मंदिर में श्रीकृष्ण-राधा की वेशभूषा में सजे बच्चे व उपस्थित श्रद्धालु। ● अमृत विचार



एकता कॉलोनी में राधा कृष्ण के रूप में सजे बच्चे। ● अमृत विचार

# नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल पर गूंजी बधाइयां

## महानगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मंदिरों, घरों में भजन-कीर्तन कर की प्रभु की आराधना, लड्डू गोपाल को पालने में झुलाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व सोमवार को उल्लास व आस्था के साथ मनाया गया। मंदिरों व घरों में झांकी सजाकर प्रभु श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव मनाया गया। घरों व मंदिरों में भजन कीर्तन का क्रम सुबह से देर रात तक चलता रहा। लड्डू गोपाल का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नये वस्त्र, माला, मुकुट, मोर पंखी पहनाकर प्रभु का शृंगार किया गया। कई लोगों ने चांदी की बांसुरी से भी पूजन किया।

हरथला, गुरहट्टी, गंज बाजार, डिप्टीगंज के बाजारों में सुबह से देर शाम तक भीड़ रही। मंदिरों में शाम के बाद भजन कीर्तन का क्रम शुरू हुआ तो रात 12 बजे तक श्रीकृष्ण के जन्म तक चलता रहा। जैसे ही नंद के घर श्रीकृष्ण के जन्म की किलकारियां गूंजी हर ओर नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की बधाइयां गूंजने लगीं। इसके बाद माखन मिश्री का भोग लगाकर प्रभु का आशीर्वाद लिया। अपनी मनोकामना प्राप्ति की कामना की। श्रीकृष्ण और राधा के रूप में सजे बच्चों से लोगों ने आशीर्वाद लिया। इसके बाद व्रत रखने वालों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में झांकियों का आकर्षण रहा। दिल्ली रोड स्थित राधा कृष्ण मंदिर के अलावा पुलिस लाइंस व अन्य जगहों पर भव्य आयोजन किया गया। देर रात तक पूजा अर्चना का क्रम चला।



दिल्ली रोड स्थित होटल में इस्कॉन के जन्माष्टमी उत्सव में नृत्य करतीं महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### धर्म की स्थापना व भक्तों की रक्षा के लिए हर युग में आते हैं भगवानः अर्द्धमौनी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आकाश रेजिडेंसी सोसायटी द्वारा जन्माष्टमी महोत्सव एवं फूलों की होली आयोजित की गई। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन, पूजन एवं भोग अर्पण से हुआ। कथा व्यास आचार्य धीरशान्त दास अर्द्धमौनी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के प्रकट होते ही समस्त बृजवासियों ने उद्घोष किया नन्द के आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की अर्थात भगवान श्रीकृष्ण आनन्द के प्रदाता हैं इसलिए कृष्ण भावनामृत मनुष्य के लिए परमानन्द दायक है। उन्होंने बताया कि जब जब धर्म की हानि और भक्तों पर अत्याचार होता है तब भगवान श्रीकृष्ण अवतरित होते हैं। जिनकी भगवान में परम श्रद्धा होती है उन्हें भगवान के दर्शन तुरन्त हो ही जाते हैं। भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य पर गोकुल में बधाई एवं मंगलाचार के साथ लाखों गाय दान करने की दिव्यता को देख सतसनातन धर्म के वैभवशाली दर्शन होते हैं। कथा व्यास ने बताया कि जिस प्रकार वृक्ष के मूल में जल डालने से सम्पूर्ण वृक्ष स्वत: हरा हो जाता है, ऐसे ही संसार रूपी वृक्ष के मूल भगवान का चिंतन व भजन करने से संसार मात्र की सेवा स्वत: हो जाती है। सोसायटी के सदस्यों ने भगवान बालकृष्ण की मंगल लीलाओं का श्रवण कर उनको माखन मिश्री का भोग अर्पण करके बाल कृष्ण की आरती की। इस अवसर पर बृज की फूलों की होली में जमकर नृत्य संकीर्तन एवं पुष्प वर्षा के मध्य भजन सुनकर भाव विभोर हो गए। आज बृज में होली मोरे रसिया, होली खेल रहे नन्दलाल गोकुल की कुंज गलिन में, हुलिया में उड़े रे गुलाल कान्हा का रंग केसरिया, बाहर जाओ बांके बिहारी होली होगी हमारी तुम्हारी जैसे बृज के रसियाओं ने वातावरण को हर्षोल्लास से भर दिया। आयोजन में शोभित गुप्ता, सुमित सक्सेना, एमके अग्रवाल, अवध टण्डन, ब्रजेन्द्र भटनागर, विकास मेहरोत्रा, हितेश अग्रवाल, सचिन गुप्ता, पवन निम्बेकर, एस के गुप्ता, भरत टण्डन, संजीव कुमार, अरविन्द कुमार, ब्रजेश भटनागर, महेंद्र पाल, मनोज मनचंदा, मृडिक व्रतेश, शैलेश अग्रवाल, अमित मेहरोत्रा आदि ने सहयोग दिया।



आर्य समाज बुधबाजार में आयोजित कार्यक्रम में भजन प्रस्तुत करते उपदेशक।

### द्वापर में नहीं हुआ श्रीकृष्ण जैसा नीतिवान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आर्य समाज स्टेशन रोड पर चल रहे दो दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के प्रथम दिन सोमवार को यज्ञ किया गया। जिसमें वीरेंद्र आर्य ने भानू नंदन -तृप्ति गुप्ता निर्मल आर्य प्रीता आर्य की यजमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया। इसके बाद आशा यादव प्रीता आर्य, सत्यपाल मधुर ने भजन गाए।

देहरादून से आए आचार्य अनुज शास्त्री ने श्रीकृष्ण के चरित्र पर प्रकाश डाला। कहा कि श्रीकृष्ण ने यजुर्वेद के एक मंत्र की व्याख्या महाभारत के युद्ध में अर्जुन से करके धर्म का मर्म समझाया। उन्होंने बताया कि परिवार जनों को देखकर शोक मत कर, इनका संबंध मात्र शारीरिक है, आत्मिक नहीं। आत्मा अजर अमर है। आत्मा का शोक मत कर। महाभारत जैसा युद्ध धर्म के आधार पर जीता, लेकिन स्वयंभू राजा नहीं बने। जिसका हक था उसी को सौंप दिया। धर्म की प्रतीक गोमाता का संवर्द्धन किया। वेद मंत्रों से वैज्ञानिक अनुसंधान किया और अस्त्र संग्रहीत किये। अनेक अधर्मी राजाओं को परास्त कर धर्म की रक्षा की। नारियों के अस्तित्व की रक्षा की। वनों का संवर्द्धन किया। राक्षसों का अंत किया। श्रीकृष्ण जैसा नीतिवान द्वापर में नहीं हुआ। वह द्वापर युग के संवाहक कहलाए। इस मौके पर अभय श्रोत्रिय, ज्ञानेन्द्र गांधी, अरविंद आर्यबंधु, विनोद कुमार गुप्ता, मयंक आर्य, रमेश सिंह आर्य, डॉ. राममुनि, डॉ. आलोक कुमार, यशपाल आर्य, डॉ. अभय श्रोत्रिय, अजब सिंह आर्य, आशा जैमिनी, ऊषा गुप्ता, भावना रुहेजा, पूनम रस्तोगी, कुसुम आर्य, राम मुनि, कमलेश अरोरा, प्रभा आर्य, विजय कौशिक, मीरा सोती, अतुल गुप्ता, सुमित आर्य, लोकेश आर्य, टीकाराम, देशप्रेमी, वीरेंद्र आर्य, सुदेश आर्य शामिल रहे।



राधा की वेशभूषा में सजी वैष्णवी।



श्रीकृष्ण स्वरूप में सजा बच्चा।

### घर-घर जन्मे कन्हाई चारों ओर गूंजे बधाई...

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रामगंगा विहार स्थित शिव शक्ति मंदिर में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मंदिर महिला कीर्तन मंडली द्वारा भगवान के भजनों का गुणगान किया गया। रात 12 बजते ही मंदिर में घंटे घड़ियाल गूंजने लगे और भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खुशी में घर-घर जन्मे कन्हाई चारों ओर गूंजे बधाई ..., नंद के घर आनंद भयो जय यशोदा लाल ..., हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की' का जयघोष गूंजने लगा। उन्हें पालने में झुलाया और आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर गोरखनाथ प्रसाद, राधे मोहन शर्मा, निमित, अजय कट्टा, सोनी अग्रवाल, पं. हेमंत भट्ट, पं. देवेंद्र ओझा आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस लाइन में झांकियों ने मन मोहा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बाल गोपाल के जन्मोत्सव पर हर साल की तरह पुलिस लाइन में झालरों, झूमरों, झांकियों से नंदलाला के आगमन की खास तैयारी की गई। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर पुलिस लाइन में डीआईजी मुनिराज जी और एसएसपी सतपाल अंतिल समेत नगर विधायक रितेश गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच शहर के कई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। रात 12 बजे नन्हे बच्चों ने दही-हांडी फोड़कर खुशियां मनाई।

हर साल की तरह इस बार भी पुलिस लाइन मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। स्कूली बच्चों ने राधा कृष्ण की वेशभूषा में सजधज कर खूब मस्ती की। सुबह से श्रीकृष्ण भक्त पुलिस लाइन पहुंचना शुरू हो गए थे।



पुलिस लाइन में दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का आरंभ करते डीआईजी मुनिराज जी, नगर विधायक, एमएलसी व अन्य। ● अमृत विचार

- **स्कूली बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजकर प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम**

रात आठ बजे से दूध दही, शहद, बूरा, घी, गंगाजल, मेवा से लड्डू गोपाल का महाभिषेक किया गया। इसके बाद 12 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शहर के कई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से रंगमंच सजाया। कार्यक्रम से पहले डीआईजी मुनिराज जी, एसएसपी सतपाल अंतिल, नगर विधायक रितेश गुप्ता, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल सिंह, एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार और एसपी देहात संदीप मीणा समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### कल बिलारी में होगी किसानों की बैठक

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने किसानों के चीनी मिलों पर करोड़ों के बकाये का भुगतान दिलाने का मुद्दा उठाया।

इसको लेकर पीडब्ल्यूडी के गेस्ट हाउस में किसान नेता एकत्र हुए। जहां उन्होंने 27 व 28 अगस्त को होने वाली बैठकों को एक जगह पर करने के लिए चर्चा की। जिसमें 28 अगस्त को संयुक्त बैठक करने के निर्णय पर मुहर लगाई गई। बैठक में किसानों के गन्ना भुगतान को लेकर चर्चा हुई। जिसमें भुगतान न होने पर चीनी मिलों के खिलाफ बिलारी उप जिलाधिकारी के कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने के लिए बैठक में रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में प्रदेश प्रमुख महासचिव विजेंद्र यादव, राष्ट्रीय महासचिव डॉ. नौ सिंह, शुभम राठी, प्रदेश महासचिव डॉ. चरण सिंह, ऋषि पाल सिंह, जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी, दीपक चौधरी मौजूद रहे।

# शाम को बदला मौसम, गर्मी से मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कई दिन से गर्मी और उमस से लोग बेहाल रहे। सोमवार को भी दोपहर में तेज धूप रही। लेकिन साढ़े 6 बजे के करीब अचानक काली घटाएं घिर गईं और इसके बाद बारिश हुई। हालांकि थोड़ी देर के बाद बारिश थम गई। बाद में भी फिर बारिश होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से फौरी तौर पर राहत मिली। बारिश होने से शाम को तापमान में कमी आई। वहीं नदियों का जलस्तर भी उतार के क्रम में रहा।

पिछले कई दिनों से बारिश न होने से लोग उमस और गर्मी से बेहाल रहे। सोमवार को भी तेज धूप ने लोगों का पसीना निकाला। उमस से भी लोग परेशान रहे। सबकी नजरें आकाश की ओर से लगी थीं। शाम को मौसम बदला और बारिश हुई। हालांकि थोड़ी देर बाद बारिश रुक गई। लेकिन काले बादल छाए रहे। हवा चलने से मौसम सुहाना हुआ। लेकिन घरों के अंदर उमस बरकरार रही। वहीं पहाड़ों में बारिश कम होने से नदियों के जलस्तर में कमी आई। तीन दिन तक चढ़ते क्रम में रहा नदियों का जलस्तर उतार के क्रम में रिकॉर्ड किया गया। कलेक्ट्रेट स्थित जिला आपदा कंट्रोल रूम से नदियों के जलस्तर पर नजर रखा गया।

जिला आपदा विशेषज्ञ सुजीत गौतम ने बताया कि रामगंगा नदी कटघर रेलवे पुल पर सोमवार को जलस्तर 189.48 मीटर रहा। जबकि कालागढ़ में 198.05 जलस्तर मीटर रहा। वहीं मुरादाबाद में गागन नदी का जलस्तर भी घटते क्रम में 189.10 मीटर रिकॉर्ड किया गया। उन्होंने बताया कि तीन दिन तक नदियों का जलस्तर बढ़ा था। अब कमी आने से राहत है। फिर भी बाढ़ चौकियों पर सक्रियता है। स्थिति पर नजर रखी जा रही है।



बारिश में यूं भीगते हुए निकले लोग।



घट गया राम गंगा का जलस्तर। ● अमृत विचार

**मौसम**

- **तेज हवा के साथ आई बारिश से मौसम हुआ सुहाना**
- **पहाड़ों पर बारिश कम होने से घटा रामगंगा नदी का जलस्तर**

**स्वास्थ्य** जिला अस्पताल में अभी भी एचडीयू की बातें हवा-हवाई, प्रस्ताव पर भी महानिदेशालय से अभी नहीं मिली हरी झंडी

# हाई डिपेंडेंसी यूनिट का पता नहीं, बच्चा वार्ड में तीन नंबर फिक्स

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** हाई डिपेंडेंसी यूनिट (एचडीयू) का अभी तक जिला अस्पताल में नामोनिशान नहीं है, लेकिन बच्चा वार्ड के हॉल नंबर-तीन को उसके लिए फिक्स कर दिया गया है। इस आरक्षित हॉल से बेड हटा लिए गए हैं और भर्ती बीमार बच्चों को अन्य हॉल में शिफ्ट किया गया है। वैसे एचडीयू बनाने की बातें करीब डेढ़-दो साल से हो रही हैं। अभी तक स्थिति ये है कि करीब ढाई-तीन महीने पहले अवर अभियंता ने प्रस्ताव बनाकर महानिदेशालय चिकित्सा एवं परिवार कल्याण सेवाएं को भेजा था। इस पर अभी तक महानिदेशालय की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है और न ही एचडीयू बनाने को कोई बजट मिला है। कुल मिलाकर अभी अस्पताल में एचडीयू की बातें हवा-हवाई ही हैं।

बच्चा वार्ड में हॉल समेत कुल छह कमरे हैं। इसमें कमरा नंबर-एक को स्टोर बना रखा है और छह नंबर में बच्चों की बजाय उम्र-दराज के रोगी भर्ती हो रहे हैं। तीन नंबर हॉल एचडीयू के लिए आरक्षित किया गया है। इस तरह देखा जाए तो बच्चा वार्ड के कुल छह कमरों-हॉल में से केवल दो बड़े का कमरे का प्रयोग बीमार बच्चों के भर्ती करने में किया जा रहा है। ऐसे में अव्यवस्था फैलना स्वाभाविक भी है। कभी-कभी तो एक बेड पर दो-दो बच्चों को लिटाना पड़ जाता है। प्रमुख अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता कहती हैं कि हाई डिपेंडेंसी यूनिट के लिए एनएचएम से चार नर्सिंग स्टाफ की नियुक्ति हो गई है। उनका कहना है कि पीडियाट्रिक हाई डिपेंडेंसी यूनिट अस्पताल में बीमार बच्चों के लिए स्पेशल होगी, जहां उन्हें 24 घंटे डॉक्टरों की निगरानी में रखा जाएगा। उन्हें आईसीयू की जरूरत नहीं होगी, लेकिन साधारण वार्ड की अपेक्षा ज्यादा स्वास्थ्य सुविधाओं की जरूरत होगी। लेकिन, अभी तक ये सिर्फ बातें ही हो रही है स्थिति स्पष्ट कब होगी, इस बारे में सीएमएस को भी कुछ स्पष्ट नहीं पता है। उन्होंने बताया कि बच्चा वार्ड में बनने वाली हाई डिपेंडेंसी यूनिट के लिए आरक्षित किए गए हॉल नंबर तीन में प्रत्येक बेड पर ऑक्सीजन की सप्लाई देने की व्यवस्था रहेगी। इस कार्य को पूरा कराने के लिए महानिदेशालय से बजट मांगा गया है। बजट मिलने के बाद उसमें कार्य कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि एचडीयू में वेंटिलेंटर की जरूरत नहीं होगी, लेकिन ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखना होगा। इसके अलावा हार्टबीट, पल्स, बीपी आदि छोटी-छोटी निगरानी के लिए उपकरण लगाए जाएंगे। वार्ड में शीशे के दरवाजे होंगे और इसे वातानुकूलित बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि एचडीयू में सिर्फ बाल रोगी की मां को जाने की अनुमति होगी। इसके अलावा यदि किसी को बीमार बच्चे से मिलना है तो उन्हें कैप, मास्क, शूज व अन्य नियमों का पालन करते हुए प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस यूनिट के शुरू होने में अभी समय लगेगा। चूंकि नीट-पीजी में सफल होने वाले अभ्यर्थियों में दो अभ्यर्थी इस यूनिट की देखभाल को आने हैं और नीट-पीजी का परिणाम अभी फाइनल नहीं है।




जिला अस्पताल में एचडीयू बनाने को बच्चा वार्ड के तीन नंबर हॉल को आरक्षित किया।

### अभी नहीं आए हैं उपकरण

प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि एचडीयू के लिए रूपरेखा बनाकर महानिदेशालय गई है। इसमें कई तरह के उपकरण की भी आवश्यकता जताई गई है। उन्होंने बताया कि चतुर्थ श्रेणी कर्मी को प्रशिक्षित किया जाएगा। अभी दो बाल रोग विशेषज्ञ हैं। इनमें एक तो वह खुद डॉ. राजेंद्र कुमार और दूसरे डॉ. एके सिंह हैं। जूनियर डॉक्टर की जरूरत है।

# तेज हवा से बिजली के तारों पर गिरे पेड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** तेज हवा और बारिश से बिजली के तारों पर पेड़ गिरने से महानगर के कई क्षेत्रों में आपूर्ति कई घंटे प्रभावित रही। जिससे जन्माष्टमी पर भी कई मंदिरों में आपूर्ति न होने से परेशानी हुई। बिजली कर्मचारियों ने बारिश रुकने के बाद लाइनों व अन्य फाल्टों को सही किया। वहीं बिजली आपूर्ति की व्यवस्था देखने के लिए मुख्य अभियंता ने भी महानगर के कई स्थानों का संबंधित अधिशासी अभियंताओं के साथ भ्रमण किया।

सोमवार शाम को अचानक आंधी और बारिश से वितरण खंड प्रथम के क्षेत्र लाइनपार मंडी समिति में कई स्थानों पेड़ गिरने से आपूर्ति ठप हो गई। जिसमें एकता कालोनी में रहने वाले 800 उपभोक्ताओं को शाम पांच बजे से बिजली कटौती का संकट झेलना पड़ा। वहीं खुशहालपुर में भी 11 हजार की लाइन पर पेड़ गिरे और रात आठ बजे तक आपूर्ति बाधित रही। कटघर विद्युत केंद्र से जा रही 11 हजार की लाइन पर भारी पेड़ गिरने से सातों फीडर पर 6500 उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति शाम छह बजे से रात नो बजे तक प्रभावित रही। कांठ रोड पर कई स्थानों विवेकानंद विद्युत केंद्र से आ रही 33 हजार की लाइन पर पेड़ की टहनियां गिरने से विवेकानंद, आशियाना, रामगंगा विहार व अवंतिका कालोनी के रहने 5 हजार उपभोक्ताओं को शाम छह बजे से रात साढ़े आठ बजे तक बिजली कटौती से परेशानी झेलनी पड़ी। जन्माष्टमी के पर्व को देखते सभी विद्युत केंद्र के लाइनमैन आनन फानन में फाल्ट ठीक करने में लग गए।

मुख्य अभियंता आरके बंसल ने अपने कार्यालय से निकल कर महानगर में संबंधित तीनों अधिशासी अभियंताओं को साथ लेकर उनके क्षेत्र का भ्रमण किया। रात नौ बजे तक क्षेत्र में बिजली कटौती का संकट बना रहा।



दिल्ली रोड पर विद्युत लाइनों को ठीक करता बिजली कर्मचारी।

**परेशानी**

- **कई घंटे महानगर के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति रही बाधित, लोगों को हुई दिक्कत**

**आज का मौसम**

उमस भरी गर्मी रहेगी, छिटपुट बारिश हो सकती है।

| 33.0° | 26.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:50 | सूर्यास्त 06:43 |

श्री बाली जी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

# रंगदारी न देने पर चिकन सेंटर संचालक से मारपीट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**दुस्साहस**

- कोर्ट के आदेश पर चार नामजद समेत आठ के खिलाफ रिपोर्ट
- प्रतिमाह तीन लाख रुपये वसूलने के लिए दे रहा था धमकी

**अमृत विचार:** गलशहीद थाना क्षेत्र में चिकन सेंटर संचालक से रंगदारी नहीं मिलने पर दबंगों ने मारपीट की। विरोध करने प्रतिमाह तीन लाख रुपये वसूलने व जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के प्रिंस रोड चांद वाली मस्जिद निवासी मो. मारूफ ने दी तहरीर में बताया कि घर के नीचे ही दुकान में चिकन सेंटर चलाते हैं। परिवार ऊपरी तल पर रहता है। 16 जुलाई को देर रात आठ दबंग उनके घर में घुस आए। कहासुनी पर रंगदारी वसूलने की बात कहने लगे। फिर तीन लाख रुपये प्रति माह वसूली देने को कहने लगे। आरोप है विरोध करने पर मारपीट की व रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने गलशहीद थाने में शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुगलपुरा के फैजगंज निवासी आलीम मिर्जा उर्फ मून, तवाकिया निकट मस्जिद निवासी शारिक अंसारी, मझोला के करूला निवासी फैजान कुरैशी, गलशहीद के प्रिंस रोड निवासी मुस्तफा समेत चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी सौरभ त्यागी ने बताया कि मामला संज्ञान में हैं। आठ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे अधिकारी, अभी जारी नहीं हुआ प्रोटोकॉल

# दो को आएंगे मुख्यमंत्री, पासिंग आउट परेड में भी लेंगे हिस्सा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** 27 अगस्त को रामपुर रोड के आर्यभट्ट इंटरनेशनल स्कूल परिसर में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला व नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में आने का कार्यक्रम निरस्त होकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अब 2 सितंबर को आने का कार्यक्रम है। इसके अलावा मुख्यमंत्री पुलिस अकादमी में पासिंग आउड परेड में भी शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों में अधिकारी जुट गए हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 2 सितंबर को मुरादाबाद के रामपुर रोड पर स्थित आर्यभट्ट इंटरनेशनल स्कूल परिसर में व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग की ओर से आयोजित वृहद रोजगार मेला व नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में आएंगे। पहले उन्हें 27 अगस्त को आना था लेकिन कार्यक्रम निरस्त होकर 2 सितंबर को निर्धारित हुआ है। इसके लिए प्रशासनिक तैयारियां चल रही हैं। साथ ही मुख्यमंत्री के 2 सितंबर को ही डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी में परेड में शामिल होंगे। वह यहां ट्रेनिंग ले रहे डिप्टी एसपी के बैच की पासिंग आउट परेड में मुख्य अतिथि रहेंगे। डिप्टी एसपी का बैच एक साल से आउटडोर और इंडोर की ट्रेनिंग ले रहा है। हालांकि जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि अभी मुख्यमंत्री के पुलिस अकादमी में आने का कार्यक्रम नहीं मिला है। हां ऐसी सूचना मिल रही हैं। इसके संबंध में अकादमी के अधिकारियों से संपर्क में हैं। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का प्रोटोकॉल अभी जारी नहीं हुआ है। फिर भी हम तैयारियों में लगे हैं।

# पुलिस अकादमी में ईमानदारी की शपथ लेकर पुलिस का हिस्सा बनेंगे 75 डिप्टी एसपी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



पुलिस अकादमी का मुख्य द्वार।

**तैयारी**

- परेड में प्रशस्ति पत्र और चिह्न भेंट कर सम्मानित करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**अमृत विचार:** दो सितंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी आएंगे। मुख्यमंत्री प्रशिक्षण ले रहे 75 डिप्टी एसपी को प्रशस्ति पत्र व चिह्न भेंट कर सम्मानित करेंगे। इसके बाद सभी ईमानदारी की शपथ लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस का हिस्सा बनेंगे। डिप्टी एसपी का बैच एक साल से आउटडोर और इंडोर की ट्रेनिंग ले रहा है। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस अकादमी के अधिकारी और पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी के डीआईजी रामबाबू ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर 27 अगस्त की जगह अब मुख्यमंत्री दो सितंबर को अकादमी में पहुंचेंगे।

यहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक साल से प्रशिक्षण ले रहे 75 डिप्टी एसपी की परेड में शामिल होंगे। इस दौरान अकादमी के मैदान में पासिंग आउट परेड आयोजित की जाएगी। इसमें वह मुख्य अतिथि रहेंगे। डिप्टी एसपी के बैच का पिछले एक साल से यहां प्रशिक्षण चल रहा है। उन्होंने बताया कि 85 से मात्र 75 प्रशिक्षणार्थी ही बचे हैं। दस डिप्टी एसपी ने अज्ञात कारणों से इस्तीफा देकर विभाग छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि इसको लेकर तैयारियां की जा रही हैं। दो सितंबर को सभी ईमानदारी की शपथ लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस का हिस्सा बनेंगे।

**एक नजर**

### तीन साल से फरार दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

मुरादाबाद, अमृत विचार: मझोला पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम ने सिविल लाइंस के ताड़ीखाना निवासी गौतम शर्मा को गिरफ्तार किया है। गौतम के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज था। पुलिस की टीम ने सोमवार को तीन साल से फरार चल रहे गौतम को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### घर में घुसकर व्यक्ति से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद, अमृत विचार: मुगलपुरा थाना क्षेत्र में घर में घुसकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के बरबलान निवासी सामिया खान ने दी तहरीर में बताया कि शनिवार को पड़ोसी अब्दुल्लाह और उबेश घर में बैठे थे। इसी दौरान दोनों की उसके पति से कहासुनी हो गई। दोनों ने मिलकर पति फैसल के साथ मारपीट कर दी। विरोध करने पर दोनों भाग गए। सामिया की शिकायत पर पुलिस ने दोनों भाई समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# प्रेमी-प्रेमिका ने की थी सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक की हत्या

## घटना के 10 दिन बाद शिक्षिका समेत तीन गिरफ्तार, 750 सीसीटीवी कैमरों की मदद से मिली सफलता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** प्रथमा बैंक के प्रबंधक (सेवानिवृत्त) की गला घोंटकर हत्या के मामले में पुलिस ने पर्दाफाश किया है। सोमवार को महिला शिक्षिका समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुरानी रंजिश को लेकर वर्तमान बैंक प्रबंधक मनोज कुमार ने अपनी प्रेमिका शिक्षिका वीरबाला के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। तीनों ने ही वीरसिंह की हत्या कर लाश मैनाठेर इलाके में फेंक दी थी। दस दिन तक 750 सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद पुलिस को यह सफलता मिली है।

एसपी देहात संदीप मीणा ने बताया है कि मझोला थाना क्षेत्र के मानसरोवर निकट कृष्णा कावेरी निवासी वीर सिंह (65) प्रथमा बैंक में प्रबंधक थे। वह 2019 में पद से सेवानिवृत्त हुए थे। परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटी मानसी और एक बेटा हर्षित है। उन्होंने बताया है कि 16 अगस्त की रात को मैनाठेर क्षेत्र के चंदौसी कट के निकट हाईवे पर हादसे में एक



सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक की हत्या का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संदीप मीणा।

**पर्दाफाश**

- 17 अगस्त को मैनाठेर क्षेत्र में हाईवे के किनारे से पुलिस ने बरामद किया था शव

बाइक सवार मौत की सूचना मिली थी। शव का पोस्टमार्टम होने के बाद गला घोंटकर हत्या की पुष्टि हुई थी। मृतक के बेटे हर्षित ने मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले का खुलासा करने के लिए एसपी देहात ने पुलिस की पांच टीमें गठित की थी। उन्होंने बताया है कि घटना के दस दिन बाद सोमवार को मुख्य आरोपी मझोला के शाहपुर तिगरी निवासी प्रथमा बैंक में वर्तमान प्रबंधक मनोज कुमार, संभल के अतौरा गांव निवासी शिक्षिका वीरबाला यादव और मनोज का दोस्त सिविल लाइन के एडीए कॉलोनी निवासी अनिल को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी मनोज ने बताया कि वह वीर सिंह को 10-12 सालों से जानता था। दोनों ने एक साथ पाकबड़ा में बैंक में काम किया था। मनोज फिलहाल प्रथमा बैंक शाखा अमरोहा में तैनात हैं। पांच साल पहले वीरसिंह प्रबंधक पद से सेवानिवृत्ति हो गए। पूछताछ में बताया है कि वीर सिंह के मिलने वाले लोग बैंक में लोन के लिए आते थे। मनोज उनसे घूस मांगता था। वीर सिंह इस पर आपत्ति जताते थे। घूस को लेकर वीर सिंह ने मनोज की शिकायत उच्च अधिकारियों से की थी। इसको लेकर वह काफी नाराज हो गया। फिर उसने वीर सिंह को रास्ते से हटाने की ठान ली। इसके बाद मनोज ने अपनी महिला प्रेमिका वीरबाला यादव और दोस्त अनिल के साथ मिलकर वीर सिंह की हत्या की कहानी रच दी। वीरबाला यादव पाकबड़ा में शिक्षिका है। एसपी देहात ने बताया है कि इस बीच मनोज ने वीर सिंह की जान पहचान वीरबाला से करा दी। 16 अगस्त की शाम को वीरबाला वीर सिंह को पाकबड़ा अंडरपास से हाईवे-24 पर लेकर पहुंच गई। इसी दौरान मनोज और अनिल भी पहुंच गए। मनोज और वीर सिंह की कहासुनी होने लगी। तीनों ने मिलकर वीर सिंह का रस्सी से गला घोंट दिया दिया। हत्या को सड़क हादसे में बदलने के लिए शव कार में रखकर चंदौसी कट के निकट हाईवे किनारे फेंक दिया। पास ही बाइक और मोबाइल फेंक दिया। एसपी देहात संदीप मीना ने बताया है कि घटना के दस दिन बाद पांच टीमों ने 750 सीसीटीवी कैमरों की मदद से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया हैं। आरोपी के पास से मृतक वीरसिंह का आधार कार्ड, क्रेडिट कार्ड, एक खाली चेक, कुछ दस्तावेज एक रस्सी समेत कार बरामद की है।

### लिव-इन में रहते थे मनोज और वीरबाला

वीरबाला यादव पाकबड़ा में शिक्षिका के पद पर तैनात है। एक साल पहले उसके पति की मृत्यु हो गई थी। दो बच्चे हैं। पति ने 2015 में बैंकों से कर्ज ले रखा था। इसलिए उसका पूरा वेतन बैंक की ईएमआई में कट जाता था। इसी दौरान वह प्रथमा बैंक में लोन के लिए पहुंची थी। जहां पर मनोज से उसकी मुलाकात हुई। दोनों लिव-इन में रहने लगे। मनोज की पत्नी बीमारी से ग्रसित है। इसी दौरान मनोज ने वीरबाला की जान पहचान वीर सिंह से कराई थी। अनिल कार डेकोरेटिंग का काम करता है। मनोज और अनिल दोनों दोस्त हैं। एसपी देहात ने बताया है कि हत्या से पहले दोनों ने कई बार हत्या करने की कोशिश की थी। लेकिन, वारदात को अंजाम देने में असफल रहे। 16 अगस्त को वीरसिंह के साथ एमडीए कार्यालय के बाहर से बाइक पर बैठकर वीरबाला पाकबड़ा ले गई थी। इसी दौरान तीनों ने वारदात को अंजाम दिया था।

### अंतिम संस्कार में फूट-फूटकर रोया था मनोज

मनोज वीर सिंह की अंतिम विदाई में भी शामिल होने के लिए घर पहुंचा था। वहां पर वह फूट-फूटकर रोया। परिजनों को भी इसके बाद भनक नहीं थी। वारदात के बाद भी कई बार मनोज मृतक वीर सिंह के घर जाता था। परिजनों से बातचीत कर वापस लौट आता था। घटना में मनोज का हाथ होने के बाद मृतक के परिजन दंग रह गए।

### पुलिस ने खंगाले 750 सीसीटीवी कैमरे

एसपी देहात ने बताया है कि पुलिस की पांच टीमें दस दिन तक कड़ी मशक्कत के बाद आरोपियों तक पहुंच सकीं। घटना के खुलासे के लिए पुलिस की टीमों ने हाईवे, टोल प्लाजा समेत शहर के करीब 750 सीसीटीवी कैमरे खंगाले। एसओजी, सर्विलांस समेत पुलिस की पांच टीमों के सहयोग से खुलासा संभव हुआ है।

# सरकारी अस्पतालों में निशुल्क होगा नशा करने वालों का इलाज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जनपद के सरकारी अस्पतालों में शराब के नशे की लत का भी इलाज निशुल्क मिलने जा रहा है। मंडलीय जिला अस्पताल में एडिशक्शन ट्रीटमेंट सेंटर खुलने जा रहा है। शराब समेत किसी भी तरह का नशा करने वाले लोगों को इलाज की सुविधा देने के लिए यह सेंटर केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत शुरू होने जा रहा है।

जिला अस्पताल की प्रमुख चिकित्साधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि यह सेंटर संचालित करने के लिए चयनित कर लिया गया है, जिसे अपना कार्य करने के लिए एम्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूरा होते ही सेंटर के अंतर्गत नशे की लत से पीड़ित लोगों के लिए ओपीडी सेवा शुरू कर दी जाएगी।

जिला अस्पताल में अभी तक तंबाकू और सीरिंज से नशा करने वाले लोगों के इलाज की सहूलियत थी। एडिक्शन ट्रीटमेंट सेंटर पर शराब समेत सभी तरह का नशा करने से पीड़ित लोगों को निशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

# सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी के नौकर ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में नौकर ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वह दस दिन पहले ही सेवानिवृत्त सेना के अधिकारी के यहां साफ-सफाई के लिए काम पर लगा था।

नागफनी के बंगला गांव निवासी विशाल (18) पुत्र पप्पू पुलिस लाइन के सामने एक सेवानिवृत्त सेना के अधिकारी के यहां सफाई का काम करता था। विशाल दस दिन पहले ही काम पर लगा था। जानकारी के अनुसार, सोमवार को विशाल काम पर नहीं पहुंचा। इसके बाद मालिक ने विशाल को फोन किया। लेकिन उसने कॉल नहीं उठाई। इसी दौरान वह अचानक से कमरे की तरफ पहुंचे। कमरा अंदर से बंद मिला। संदेह होने पर उन्होंने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दरवाजा तोड़कर देखा तो विशाल का शव फंदे पर लटका हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों ने मामले में समझौता कर लिया है। फिलहाल परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# आरडीएसओ ने पूरी की किसान एक्सप्रेस की जांच

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** किसान एक्सप्रेस की स्लीपर कोच की कपलिंग टूटने के मामले की आरडीएसओ ने जांच कर पूरी कर ली। शुरुआती जांच में कपलिंग मैटीरियल के खराब होने की संभावना जताई जा रही है। आरडीएसओ की जांच टीम के साथ सीएंडडब्लू के सीनियर डीएमई, सीनियर डीएसओ समेत अन्य रेल अधिकारी भी मौजूद रहे। सोमवार को डीआरएम राज कुमार सिंह ने बताया कि किसान एक्सप्रेस की टूटी कपलिंग की लखनऊ से आई आरडीएसओ ने बारीकी से जांच की है। टूटे मैटेरियल का डाटा, अन्य तकनीकी जानकारी की गई है। आरडीएसओ कपलिंग टूटने की रिपोर्ट देगी।

# दिल्ली-लखनऊ मार्ग पर जल्द ही ट्रेनों को मिलेगी गति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- डीआरएम ने प्रेसवार्ता में दी यूपीएस व अन्य कार्यों की जानकारी

**अमृत विचार:** मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह ने भारत सरकार द्वारा केंद्रीय कर्मचारियों के लाभ के लिए लाई गई एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली-लखनऊ मेन रूट पर ट्रेनों को गति मिल सकेगी। इस रूट पर नई रेललाइन बिछाने की तैयारी है। गाजियाबाद से मुरादाबाद होकर रोजा-सीतापुर के बीच नई रेल लाइन डाली जाएगी। इसके लिए फाइनल लोकेशन सर्वे (एफएलएस) का काम चल रहा है। सर्वे का काम अगले दो महीने में पूरा हो जाएगा। साथ ही रेल मंडल में नई लाइन के लिए डीपीआर बनाने पर भी मंथन चल रहा है। रेलवे जल्द ही देहरादून के पास हर्रावाला को विकसित कराएगा। जिससे 24 कोच की ट्रेन चलाने की योजना को साकार किया जा सके।



नई पेंशन स्कीम की जानकारी देते डीआरएम राज कुमार सिंह।

सोमवार को डीआरएम राज कुमार सिंह ने अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता की। जिसमें उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई यूपीएस योजना का मुरादाबाद रेल मंडल के 13 से 14 हजार कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। मंडल में प्रस्तावित थर्ड-फोर्थ लाइन की चल रही पहल के बीच डीआरएम ने नई लाइन की जानकारी दी। डीआरएम ने बताया कि प्रस्तावित नई रेल लाइन गाजियाबाद-मुरादाबाद-बरेली-रोजा-सीतापुर होकर जाएगी। इसके लिए लोकेशन सर्वे किया जा रहा है। सर्वे का काम अक्टूबर तक पूरा होने की उम्मीद है। इसकी रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को भेजी जाएगी। नई रेल लाइन की अनुमानित लागत का आंकलन किया जा रहा है। लाइन की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने पर काम चल रहा है। डीपीआर में कुल लागत के सापेक्ष खर्च-आय के संसाधनों पर गौर किया जाएगा। रेल बजट में घोषित देहरादून से सहारनपुर के बीच नई रेल लाइन की आसानी से कनेक्टिविटी के लिए इसे हर्रावाला तक बनाने का प्रस्ताव है। देहरादून में सीमित जगह होने से हर्रावाला को विकसित करने की तैयारी है। लेकिन वहां भू-अधिग्रहण समेत बिंदुओं पर राज्य सरकार से वार्ता भी चल रही है। हर्रावाला के विकसित होने से देहरादून-सहारनपुर प्रोजेक्ट का रास्ता साफ हो जाएगा। उन्होंने बताया कि दो साल से अमृत भारत योजना में बिजनौर और धामपुर स्टेशन संवारे जाएंगे। डीआरएम का कहना है कि यह काम तेजी से चल रहा है। इस मौके पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता, सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव, सहायक मंडल वित्त प्रबंधक विपिन शुक्ला मौजूद रहे।

**पड़ताल** रोज हो रहे उपकरणों में फाल्ट से सामने आई अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही

# खुले में रखे ट्रांसफार्मर, हो सकता है हादसा

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बिजली विभाग के उपकरणों में रोज हो रहे फाल्ट से घनी आबादी वाले मोहल्लों में जानलेवा हादसा हो सकता है। वहीं शासन के निर्देश पर भी खुले में ट्रांसफार्मर रखे गए हैं। जिनसे कभी भी खतरा हो सकता है। कई ट्रांसफार्मरों की बैरिकेडिंग नहीं की गई है। मोहल्लों और बाजारों में खुले रखे ट्रांसफार्मरों से कोई अनहोनी हो सकती है। कुछ स्थानों पर ट्रांसफार्मर की बैरिकेडिंग कर खानापूर्ति की गई है। महानगर के अमरोहा गेट पत्थर वाला चौराहा, नवाबपुरा,लाल मस्जिद और लालबाग पुलिस चौकी के पास खुले में रखे दर्जनों ट्रांसफार्मर दिखे।

महानगर में ट्रांसफार्मरों की स्थिति अमृत विचार टीम ने देखी तो विभाग की कार्यशैली की हकीकत सामने आई। कई मोहल्लों में खुले में रखे ट्रांसफार्मरों से हादसे की आशंका साफ दिखी। ट्रांसफार्मर में फाल्ट होने पर वहां से गुजरने वाले लोगों को खतरा हो सकता है। अमरोहा गेट के पत्थर वाला चौराहा पर सड़क से मात्र दो ढाई फीट ऊंचाई पर ट्रांसफार्मर खुला रखा है। सड़क के बीचोबीच रखे ट्रांसफार्मर के दोनों और लोगों का आना जाना है। एक तरफ की बैरिकेडिंग कर विभाग ने पल्ला झाड़ लिया है। दूसरी ओर से खुले हिस्से में बरसात होने पर पानी पहुंच जाता है जिससे वहां से निकालने वालों को करंट का डर रहता है। नबाबपुरा मोहल्ले में भी ट्रांसफार्मर खुला रखा है। इसके आसपास मोहल्ले के बच्चे भी खेलते रहते हैं। कई बार ट्रांसफार्मर में फाल्ट होने के बाद बच्चे बाल बाल बचे। यही हाल लालबाग पुलिस चौकी के पास का भी है। यहां लगे ट्रांसफार्मर को भी बिजली विभाग से फेंसिंग नहीं की गई है। मुरादाबाद-रामपुर रोड पर प्रभात मार्केट पर रखा ट्रांसफार्मर बिल्कुल सड़क के करीब लगा है। कहारों के मंदिर के पास घरों से सटे रखे ट्रांसफार्मर में आए दिन फाल्ट हो रहे है। लेकिन, बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इससे अनजान बने हैं।



अमरोहा गेट के पास खुले में रखा ट्रांसफार्मर। ● अमृत विचार

> कांवड़ यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री के निर्देश पर कांवड़ यात्रा पथ पर लगे ट्रांसफार्मरों की बैरिकेडिंग कर दी गई थी। अब मोहल्लों में जहां भी खुले में ट्रांसफार्मर हैं उनकी भी जल्द ही बैरिकेडिंग कराई जाएगी।
>
> – **मनीष चोपड़ा,** अधीक्षण अभियंता नगरीय

# 12 पंजिकाओं के डिजिटल प्रारूप का नहीं हो रहा पालन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जनपद के परिषदीय विद्यालयों में 12 पंजिकाओं के डिजिटल प्रारूप का प्रयोग करने के निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है।

मध्याह्न भोजन पंजिका और छात्र उपस्थिति पंजिका के लिए निर्धारित 12 पंजिकाओं के डिजिटल प्रारूप से समस्त परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालयों व कस्तूरबा विद्यालयों में प्रयोग का निर्देश दिया गया था। जिले में 14 अगस्त को छात्र-छात्राओं की उपस्थिति निराशाजनक मिली। मात्र 1.28 प्रतिशत ही उपस्थिति मिली। वहीं मध्याह्न भोजन डिजिटल रजिस्टर में जनपद की प्रगति शून्य पाई गई। सूचना न भेजे जाने के कारण महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने 14 अगस्त की ऑनलाइन समीक्षा बैठक में कार्रवाई के निर्देश भी दिए थे। इस मामले में बीएसए ने खंड शिक्षाधिकारियों को नोटिस जारी किया है।

# तमंचा के बल पर दलित महिला से दुष्कर्म, दंपति के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**कार्रवाई**

- कोर्ट के आदेश पर एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज हुई रिपोर्ट
- सिविल लाइंस थाना पुलिस ने मामले में जांच शुरू की

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में बुटीक संचालक ने तमंचा के बल पर महिला से दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर वहां से भगा दिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दंपति के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कटघर थाना क्षेत्र निवासी 40 वर्षीय महिला ने दी तहरीर में बताया कि मुकेश कुमार और उसकी पत्नी उसके संपर्क में आए थे। दोनों सिविल लाइंस के दीनदयाल नगर में साईं मंदिर रोड पर नेहा बुटीक चलाते हैं। पीड़िता के अनुसार आरोपियों के साथ अपने रुपये लगाकर साझे में कपड़े का काम किया था। काफी समय से मुकेश और उसकी पत्नी उसे कारोबार का हिसाब नहीं दे रहे थे। पीड़िता के अनुसार 22 मार्च 2024 को शाम करीब 6:30 बजे वह बुटीक पर अपना हिसाब करने गई थी।

तभी आरोपी मुकेश उसे चेंजिंग रूम में ले गया और तमंचा के बल पर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता को आरोपी ने धमकी दी कि यदि किसी से इस बारे में बताया तो उसकी इकलौती बेटी को जान से मार देंगे। पीड़िता ने बताया कि दुष्कर्म के बाद आरोपी मुकेश बाहर चला गया। इसके बाद उसने काउंटर पर बैठी उसकी पत्नी को घटना की जानकारी दी। इस पर आरोपी मुकेश और उसकी पत्नी ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज कर वहां से भगा दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसने थाने में तहरीर दी, उच्चाधिकारियों से भी शिकायत की, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई।

इसके बाद परेशान होकर पीड़िता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। मामले में विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी कोर्ट के आदेश पर सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई। थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी मुकेश और उसकी पत्नी के खिलाफ दुष्कर्म, धमकी देने समेत एससीएसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### कोर्ट ने दिए समय पर मानदेय देने के आदेश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पंचायत सहायकों के मानदेय न मिलने पर उन्होंने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। जिसके बाद कोर्ट ने समय पर पंचायत सहायकों को भुगतान करने के आदेश पंचायती राज विभाग को दिए हैं। अब जिला पंचायत अधिकारी वाचस्पति झा ने सभी एडीओ पंचायत को पंचायत सहायकों के मानदेय समय देने के लिए निर्देश जारी किए हैं।

### दो घरों में चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**मैनाठेर, अमृत विचार :** मैनाठेर थाना क्षेत्र के मसेवी रसूलपुर निवासी पप्पू ने दी तहरीर में बताया कि रविवार देररात परिवार के लोग घर की छत पर सोए हुए थे। खटपट की आवाज पर आंख खुली तो चोर घर से सामान लेकर निकल रहे थे। शोर मचाने पर चोर भाग गए। पप्पू ने बताया कि चोर 50 हजार की नकदी व सोना चांदी के आभूषण समेत लाखो का सामान लेकर फरार हो गए। वहीं गांव के ही पिंटू के घर से भी चोर 41 हजार की नकदी, 5 सोने चांदी के आभूषण व अन्य सामान चोरी कर ले गए।


साइकिल मिलने पर प्रसन्नचित छात्राएं। ● अमृत विचार

## साइकिल पाकर खुश हुई छात्राएं

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** इनर व्हील एसेंस की ओर से आयोजित कार्यक्रम में गोविंद नगर की मलिन बस्ती में स्थित विद्यालय बी पब्लिक जूनियर हाई स्कूल और पटपट सराय में स्थित विद्यालय भगवती जूनियर हाईस्कूल की छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरित की गई।

विद्यालय की प्रबंधक शिप्रा दीक्षित ने बताया कि हमारे विद्यालय की आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की 20 कन्याओं को निशुल्क साइकिल पराग ह्यूमन फाउंडेशन ट्रस्ट की संचालिका गरिमा सिंह के माध्यम से मिली है। उन्होंने बताया कि साइकिलों के मिलने से कई लड़कियां जो रोज स्कूल नहीं आ पाती थी अब नियमित रूप से स्कूल आ पाएंगी। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नीलम शर्मा और उप प्रधानाध्यापिका रश्मि परिहार ने इनर व्हील क्लब और पराग ह्यूमन फाउंडेशन ट्रस्ट का हृदय से आभार जताया। ऋषिका, आस्था, नंदिनी, गीतांजलि, वैशाली, मानवी, काजल, राधिका, नैंसी, वर्षा, आकांक्षा, शगुन, नैना, तान्या, वंशिका, खुशी, छवि, नंदिनी, सोमा, साधना को साइकिल मिली।

## पूर्व शिक्षक विधायक को शिक्षकों ने दी श्रद्धांजलि

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के महामंत्री व पूर्व शिक्षक विधायक रामबाबू शास्त्री के निधन के बाद श्रद्धांजलि सभा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में की गई। इसमें शिक्षकों ने पूर्व शिक्षक विधायक के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

शिक्षकों ने कहा कि पूर्व शिक्षक विधायक रामबाबू शास्त्री ने सदैव ही शिक्षक हितों के लिए सदन में बिना किसी भेदभाव व बिना किसी धर्म, जाति के आवाज उठाई। रामबाबू शास्त्री मूल रूप से बदायूं जनपद के रहने वाले थे। 1995 में रामबाबू शास्त्री शिक्षक विधायक चुने गए। दूसरा चुनाव 1996 में जीता और 2002 तक शिक्षक विधायक रहे। श्रद्धांजलि सभा का संचालन जिलाध्यक्ष सतेंद्र शर्मा व मंडल मंत्री अरुण शर्मा ने किया। आभार अभिव्यक्ति विमलेंद्र कुमार शर्मा सदस्य ने की।

### डीएमओ बोले- रामपुर में करता था मजदूरी, वहीं से हुआ संक्रमित, अब पूरी तरह स्वस्थ

# जांच में एक और मलेरिया का संदिग्ध रोगी मिला

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- ग्राम पंचायत अहलादपुर करार गांव का निवासी है रोगी

**अमृत विचार :** जिले में दो रोगियों में मलेरिया की पुष्टि पहले ही हो चुकी है। अब एक और संदिग्ध रोगी मिला है। एंटीजन टेस्ट में मलेरिया पॉजिटव रोगी (21) बिलारी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत अहलादपुर करार गांव का है। बताया जा रहा है कि यह रामपुर जिले में मजदूरी कर रहा था। वहीं से बीमार हुआ था। रामपुर की प्रयोगशाला से रिपोर्ट मिलने के बाद बिलारी सीएचसी अलर्ट हुई और रोगी में मलेरिया की पुष्टि के संबंध में क्रॉस चेंकिग की कार्रवाई शुरू की है।

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रेम नारायण यादव ने बताया कि रोगी में मलेरिया अभी संदिग्ध है। प्राइवेट क्लीनिक ने उसका एंटीजन किट से टेस्ट किया है। इसमें कुछ लक्षण मिलने पर उन्होंने मुझे जानकारी दी थी। जिस पर रोगी के ब्लड सैंपल की क्रॉस चेकिंग करा रहे हैं। इसके लिए बिलारी सीएचसी अधीक्षक डॉ. हरीश चंद्रा ने जिला अस्पताल को पत्र लिखा है।

जिला मलेरिया अधिकारी ने कहा, चूंकि स्वास्थ्य विभाग एंटीजन किट और प्राइवेट लैब की रिपोर्ट के आधार पर मलेरिया या डेंगू की पुष्टि नहीं करता है। अब जिला अस्पताल से रिपोर्ट आने पर ही इस संदिग्ध रोगी में मलेरिया के बारे में कुछ बताया जा सकता है। वैसे अब मलेरिया मच्छर समापन की ओर है। उन्होंने बताया कि अहलादपुर करार गांव में मलेरिया से संदिग्ध रोगी के पूरे घर की जांच करा ली है। सभी सदस्यों का ब्लड टेस्ट कराया है, किसी को कोई दिक्कत नहीं मिली है। इसके घर के आसपास के घरों में रहने वालों को भी जागरूक किया है, जो बीमार पाए गए हैं उनकी भी जांच करा ली है। किसी में मलेरिया जैसे लक्षण नहीं मिले हैं। वैसे संदिग्ध मलेरिया रोगी पूरी तरह से ठीक हो चुका है। वह अपने घर पर है।

### पिछले साल मिले थे चार मलेरिया पॉजिटिव

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि इस सीजन में दो रोगियों में मलेरिया होने की पुष्टि हुई थी, जो ठीक हो चुके हैं। अहलादपुर करार गांव के युवक में मलेरिया की पुष्टि होना बाकी है। इसी तरह पिछले साल भी मलेरिया के करीब चार रोगी मिले थे, जो इलाज से स्वच्छ हो गए थे। उन्होंने बताया कि मलेरिया विभाग से जुड़े सभी नगर निगम, पंचायत राज विभाग के अधिकारी व कर्मचारी घरों के आसपास पानी जमा न होने देने की सलाह दे रहे हैं।

### संक्रमित मच्छरों से ऐसे करें बचाव

- रात को सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।
- पूरी बांह के कपड़े पहने, जिससे मच्छर से बचाव हो।
- घर की छत पर पड़े पुराने बर्तन, टायर आदि को हटा दें।
- गमलों, कूलर और फ्रिज में भी पानी एकत्र न होने दें।

# लाकड़ी वालान से कर्बला तक निकला जुलूस

### इमाम हुसैन के चेहल्लुम पर शिया समुदाय ने किया छुरियों का मातम

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** सोमवार को शिया समुदाय ने इमाम हुसैन और उनके जानिसारों का चेहल्लुम मनाया। जिसके तहत मोहल्ला लाकड़ीवालान में मजहर अब्बास नकवी के मकान पर मजलिस का आयोजन किया गया।

मजलिस को मौलाना अजहर अब्बास नकवी ने खिताब करते हुए कहा कि 10 मोहर्रम को कर्बला के मैदान में अल्लाह के नबी के नवासे इमाम हुसैन और उनके 71 साथियों को यजीद ने शहीद कर दिया था। इमाम की शहादत के बाद यजीद ने इमाम हुसैन के घर की महिलाओं के साथ बहुत अत्याचार किया। जिस घर से इस्लाम को चादर मिली, उसी घर से यजीद ने चादर छीन ली थी। इमाम हुसैन के बीमार बेटे को बेड़ियों में जकड़ कर कर्बला के मैदान से शामो कुफा तक ले जाया गया। रास्ते भर की तकलीफें झेलता हुआ बीमार इमाम और उस पर यजीद के जुल्मों सितम को सुन कर आजादारों के आंसू निकल आए। जिस पर अजादार हाय हुसैना हाय हुसैना की सदाए बुलंद करने लगे। मजलिस के बाद अलम का जुलूस बरामद हुआ।

जुलूस अपने तयशुदा रास्तों से जामा मस्जिद गया। जहां से मोहल्ला लाकड़ी वालान में इमामबाड़ा हकीम फरजंद अली पर आया। जिसके बाद अजादारों ने हाथ और छुरियों का मातम किया। यह जुलूस पीरगैब, इंदिरा चौक, प्रिंस रोड, गलशहीद चौराहा, ईदगाह व संभल फाटक होते हुए कर्बला पर जाकर संपन्न हुआ। जुलूस के रास्ते में नजरो नियाज का सिलसिला चलता रहा। जुलूस में मजहर अब्बास, हाजी शबी हैदर, मोहम्मद अब्बास एडवोकेट, सुहैल अहमद रिजवी, मोहम्मद आलम, आसिम यावर, हाजी कायम हसनैन, मोहम्मद आलम आब्दी, हाजी मोहम्मद अली आब्दी, सबील मिर्जा, जाफर मेहंदी, काशिफ हसनैन, ताबिश रिजवी, दानिश रिजवी, कमर रजी, शमीम असगर, जिया अब्बास, अली अनवर प्रिंस, दिलनवाज, कुमैल नकवी बाकर अली, शौकत अली भारी संख्या में अजादार मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर नागफनी क्षेत्र के गुड़िया मोहल्ले से भी जुलूस निकाला गया।


चेहल्लुम के जुलूस में या हुसैन की सदाएं बुलंद करते बच्चे। ● अमृत विचार


महानगर के एस. कुमार चौराहा से गुजरता जुलूस। ● अमृत विचार

## आजाद नगर में निकला अलम मुबारक का जुलूस

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** इमाम-ए-मेहंदी यूथ मिशन की ओर से आजाद नगर कालोनी स्थित इमाम बारगाह मोहम्मदिया हाल से अलम मुबारक व ताजिया का जुलूस निकाला गया।

जुलूस के पहले दोपहर 1:30 बजे आलिम जैदी के मकान पर मजलिस हुई। जिसके बाद मोहम्मदिया हाल में हुई मजलिस को मौलाना नाज हैदर ने खिताब किया। उन्होंने अपने बयान में बताया कि किस तरह से मौला हुसैन के परिवार को कर्बला में यजीद ने तीन दिन तक भूखा-प्यासा रखकर शहीद कर दिया। यह वाकया सुनकर अजादार रोने लगे। मजलिस के बाद दोपहर तीन बजे ताजिया व अलम मुबारक का जुलूस निकला। जिसमें नोहा व सीनाजनी का मातम किया। जुलूस कोहिनूर तिराहा व करूला होते हुए कर्बला पहुंचा। इस दौरान वसी अब्बास, सादिक आबदी, मीसम जैदी, दानिश खान, मासूम रजा, शवाब नकवी, जैनुल काजमी, रागीव अली, कमर अब्बास शामिल रहे।

# बुलंद हुई लब्बैक या हुसैन की सदाएं

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- जिया मंजिल से काशानाए नियाजी ने निकाला जुलूस

**अमृत विचार:** महानगर के फैजगंज स्थित काशानाए नियाजी जिया मंजिल से खानकाह-ए-नियाजिया बरेली शरीफ के खलीफा सैय्यद सलमान मियां नियाजी के जेरे कयादत में चेहल्लुम-ए-इमाम हुसैन पर जुलूस निकाला गया। जिसमें भारी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की।

जुलूस जिया मंजिल से शुरू होकर जीआईसी चौराहा, इंदिरा चौक, गलशहीद चौराहा और ईदगाह रोड, संभल फाटक होते हुए कर्बला पहुंचा। जुलूस में सभी लोग हरी टोपी और हरी पोशाक पहने हुए थे। इस दौरान सभी लोग लब्बैक या हुसैन की सदाएं बुलंद करते हुए चल रहे थे। दुरूदो सलाम का नजराना पेश करता हुआ जुलूस कर्बला पहुंचा।

जुलूस में शामिल लोगों ने इमाम हुसैन की बारगाह में हाजिरी पेश कर दुरूदो सलाम का नजराना पेश किया। आखिर में सैय्यद सलमान मियां ने मुल्क और कौम की तरक्की तथा अमनो अमान की दुआ कराई।

खानकाहे नियाजिया के साहिब जादे सैय्यद ताहिर मियां नियाजी ने महमाने खुसूसी के तौर पर शिरकत की। इस दौरान सैय्यद तकी मियां, फरीद मियां, उबैद हसन, ताबिश मियां नियाजी, मोइन मियां नियाजी, इस्तिजा नियाजी, अली हसन नियाजी, हसनैनी मियां समेत अन्य सैय्यद लोगों ने इमाम हुसैन की बारगाह में हाजिरी पेश की। इस मौके पर कमेटी नियाजी वेलफेयर के जमीर नियाजी, जुबैर नियाजी, रागिब नियाजी व आलम नियाजी समेत अन्य लोग शामिल रहे।


जिया मंजिल से निकले जुलूस में शामिल लोग। ● अमृत विचार

# जुलूस में अजादारों ने किया मातम

**संवाददाता, अगवानपुर**

**अमृत विचार:** चेहल्लुम के जुलूस में अजादारों ने मातम किया। या हुसैन हाय हुसैन की सदाओं से नगर गूंज उठा। जुलूस में अलम और ताज़िए बरामद किए गए।

नगर पंचायत के मोहल्ला सराय फारूख स्थित इमामबाड़ा पंजेतनी में मौलाना जहीर अब्बास जाफरी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि दस मोहर्रम को शहादते इमाम हुसैन के बाद इमाम हुसैन के एहले हरम को कैद करके कुफ़ा से शाम तक ले जाया गया और शाम के ज़िन्दान में एहले हरम को कैद कर दिया गया। एक रोज़ यजीद ने सैय्यदे सज्जाद को बुलाया और कहा कि हम आपको आज़ाद करते हैं चाहो तो मदीने चले जाओ या यही शाम में रहो। सात दिन तक इमाम हुसैन पर गिरिया और मातम किया गया। उसके बाद अलम और ताज़िए का जुलूस बरामद किया गया। जुलूस अपने कदीमी रास्तों से होकर करबला पहुंचा जहां ताज़िए को सुपुर्दे खाक किया गया। इस दौरान नैय्यर अब्बास नकवी, जावेद नकवी, हैदर हसन, शबी अब्बास, मो. अब्बास, दानिश रजा, तस्वीर हैदर, केसर अब्बास आदि मौजूद रहे।


अगवानपुर में चेहल्लुम के जुलूस में शामिल अजादार। ● अमृत विचार

## मैनाठेर में कर्बला के शहीदों को याद किया

**मैनाठेर, अमृत विचार:** क्षेत्र में हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के चालीसवें में चेहल्लुम का आयोजन हुआ। ताजियों का जुलूस निकालकर कर्बला पहुंचाया गया। वहीं अकीदतमंदों ने घरों में उनके चालीसवें की फातिहा कराई।

मैदान ए कर्बला में शहीद हुए हजरत इमाम हुसैन व उनके अनुयायियों की शहादत के चालीस दिन बाद चेहलुम मनाया जाता है। असदपुर, गुरैर, भीकनपुर, लालपुर में भी इमाम हुसैन के चालीसवें पर फातिहाख्वानी दिलाई गई। इस दौरान कासिम प्रधान, फरमूद अली प्रधान, फरजंद अली, जफ़र मास्टर आदि मौजूद रहे।

**अनदेखी** | पुल पर भारी वाहनों को आवागमन शुरू, जिम्मेदारों की अनदेखी से हो सकता है हादसा

# रामगंगा पुल के टूटे बेयरिंग का मामला ठंडे बस्ते में

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** यूपी को उत्तराखंड से जोड़ने में अहम भूमिका निभाने वाला रामगंगा पुल के बेयरिंग काफी दिन पहले से टूटे पड़े हैं। उत्तराखंड इस पुल से ही अधिकतर भारी वाहन गुजरते हैं। जिससे पुल पर किसी भी दिन बड़ा हादसा होने का खतरा बना है। लोक निर्माण विभाग ने इस पुल के बेयरिंग बदलने के लिए मुम्बई से इंजीनियर बुलाए थे। लेकिन उसके बाद से पुल के बेयरिंग बदलने का मामला अब ठंडे बस्ते में पड़ा है। इस मामले में विभाग के अधिकारी कोई जवाब नहीं दे पा रहे हैं।

रामगंगा पुल से गुजरने वाले वाहनों के लिए खतरा बना हुआ है। पुल के बेयरिंग काफी दिनों से टूटे पड़े हैं। लोक निर्माण विभाग की ओर से इसमें ढिलाई बरती जा रही है। पुल परीक्षण के लिए दो महीने पहले लोनिवि के मुख्य अभियंता ने मुम्बई से निजी कंपनी के अनुभवी इंजीनियर बुलाए थे। जिनके परीक्षण करने के सप्ताह भर बाद कंपनी ने रिपोर्ट देने के 19 लाख रुपये मांगे थे। उस वक्त परीक्षण करने आई इंजीनियरों की टीम के साथ पैसे को लेकर बात नहीं बन पाई थी। जिस पर विभाग के उच्च अधिकारियों ने भी असहमति जताई थी। फिर विभाग के ठेकेदारों द्वारा इंजीनियर बुलाकर उनके बेयरिंग बदलवाने की कवायद शुरू की थी। लेकिन मामला अभी तक वहीं अटका है। उत्तराखंड और बरेली, लखनऊ, पीलीभीत और अन्य जिलों से भारी वाहन पुल से गुजरने लगे हैं। विभाग के मुख्य अभियंता संजय सिंह ने बताया कि पुल के टूटे बेयरिंग के परीक्षण के लिए विभाग के ठेकेदारों के निजी इंजीनियरिंग से परीक्षण करने की बात चल रही है। इसके लिए शासन को 15 दिन पहले ही पुल के बेयरिंग बदलने के लिए 90 लाख रुपये का इस्टिमेट बना कर भेजा गया है। जल्द ही पुल के बेयरिंग बदलने के लिए धनराशि आवंटित हो जाएगी। जिसके बाद बेयरिंग बदलवा दिए जाएंगे।


रामगंगा पुल का टूटा बेयरिंग। ● अमृत विचार

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in CUET?
Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing
Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist
Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology
- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.
Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404



## एक नजर

### बाइक फिसलकर गिरने से बिजनौर के दंपति घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** बाइक फिसलकर गड्ढे में गिरने से पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। रहागीरों ने उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जिला बिजनौर में अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव दुलीचंदपुर निवासी मुस्तकीम बीमार पत्नी को दवा दिलाने ठाकुरद्वारा आए थे। लौटते समय ठाकुरद्वारा-शरीफ नगर मार्ग स्थित रतुपुरा मोड़ के निकट सड़क पर गहरे गड्ढे में उनकी बाइक फिसल कर गिर गई। इसमें दंपति घायल हो गए। लोगों ने घायलों को निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। सूचना के बाद परिजन भी अस्पताल पहुंचे। हालत में सुधार होने पर परिजन दोनों को अपने साथ ले गए।

### दंपति को मारपीट कर घायल किया, तहरीर दी

**डिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव मुंडिया मोहिउद्दीनपुर में मारपीट करके दंपति को घायल कर दिया। घायलों को भर्ती कराया गया है। गांव निवासी अहमद हसन अपने गांव के रास्ते से गुजर कर जा रहा था, तभी रंजिश को लेकर गांव निवासी मोहम्मद हसन, इरशाद, रिजवान, रहनुमा ने घेर कर लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। उसे बचाने आई पत्नी सकीना को भी पीटा। चीख पुकार की आवाज सुनकर ग्रामीणों ने उन्हें बचाया। पीड़ितों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।

### मां-बेटी को बहलाकर ले जाने के मामले में रिपोर्ट

**कांठ,अमृत विचार :** गांव छज्जा नगला निवासी एक व्यक्ति 14 जुलाई को हरिद्वार गया था। दो दिन बाद वह घर लौटा तो उसकी पत्नी और बेटी घर नहीं मिलीं। उसे पता चला कि उसके ही गांव का हरेंद्र सिंह उसकी पत्नी और बेटी को बहला फुसला कर ले गया है। जब वह अपने पिता के साथ शिकायत करने हरेंद्र के घर पहुंचा तो उसके भाई पुष्पेंद्र, देवेंद्र, गौरव ने उसे मारपीट कर घर से भगा दिया। इसके बाद छजलैट पुलिस से शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### मारपीट के मामले में चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**छजलैट, अमृत विचार :** मारपीट के मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। गांव पचोकरा में रंजिश को लेकर एक पक्ष के प्रमोद कुमार व दूसरे पक्ष के कोशिंदर में मारपीट हुई और पथराव हुआ। इसमें प्रमोद कुमार, मनवीर, दिनेश कुमार घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। प्रमोद कुमार की तहरीर पर कोशिंदर, सुरेश, यतीश, दीपक कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**डिलारी, अमृत विचार :** पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामाजिक चेतना जगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान एक पौधा मां के नाम के अंतर्गत सोमवार को ग्राम पंचायत धारक नगला, डिलारी, जटपुरा, गजरौला में सीएससी जिला ई-गवर्नेंस की ओर से 100 पौधों का रोपण किया गया। केंद्र संचालकों ने पौधरोपण किया। लोगों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। धारक नगला में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पौधे लगाए। जिला ई गवर्नेंस टीम से सीएससी जिला प्रबंधक अयाज, देवाशीश सक्सेना ने बताया कि देशभर में पौधरोपण किया जा रहा है। सीएससी अकादमी के संचालक दिनेश सिंह ने बताया कि एक पौधा मां के नाम अभियान की मुहिम प्रशंसनीय है।


कांठ में बच्ची को तिलक लगाकर शोभायात्रा का आरंभ करते स्वामी प्रणवानन्द महाराज। ● अमृत विचार


ठाकुरद्वारा में राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजे बच्चों के साथ लोग। ● अमृत विचार


बिलारी के विश्वविद्यालय में बच्चों को सम्मानित करते एसडीएम विनय कुमार सिंह।

# मंदिरों में गूंजे मंगल गीत और भजन

## शोभायात्रा में झांकियों ने लोगों का मन मोहा, राधा कृष्ण की सजाई पालकी

संवाददाता, कांठ/छजलैट

**अमृत विचार :** नगर व क्षेत्र में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर मंदिरों को सजाया गया और भजन कीर्तन किए गए। झांकियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सोमवार को मोहल्ला घोसीपुरा स्थित प्राचीन शिव मोहनी मंदिर पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में सामाजिक कार्यकर्ता ओमकार सिंह विश्नोई ने कीर्तन की जोत जलाई। कीर्तन में श्रद्धालु श्री कृष्ण के भजनों पर खूब झूमे। उधर, श्री रामलीला मैदान स्थित श्री कृष्ण राधा मंदिर, पट्टीवाला शिव मंदिर, संत रविदास मंदिर, प्राचीन शिवमोहिनी मंदिर, माहेश्वरी शिव मंदिर, वैश्य विश्नोई शिव मंदिर, श्री ज्योति मंदिर, वाल्मीकि मंदिर, माता महाकाली मंदिर, उपदेश चौराहा स्थित शिव मंदिर, विश्वनाथ महादेव मंदिर में राधा कृष्ण की पालकी सजाई गई। कृष्ण की भक्ति में लोग सराबोर रहे। घरों में भगवान बनाए गए और महिलाओं ने उपवास रखा। ऊमरी कला सहित ग्रामीण क्षेत्र में भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। आधी रात को श्री कृष्ण जन्म पर मंदिरों में शंखनाथ किया गया। कृष्ण भक्तों ने एक दूसरे को जन्माष्टमी की बधाई देकर मंगल गीत गाए। उधर, श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली गई। इसमें शामिल झांकियों ने लोगों को मन मोह लिया। बिश्नोई मंदिर पर शोभायात्रा का आरंभ स्वामी प्रणवानन्द महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक दीपक, कृष्ण गोपाल, राजेंद्र, जीतू वर्मा ने किया। शोभायात्रा में श्री बांके बिहारी लाल जी से आई प्रतिमा के साथ लोगों ने गांव में भ्रमण किया। कार्यक्रम में युवा अंकित बिश्नोई, अरुण बिश्नोई, अरविंद बिश्नोई, रमेश सिंह बिश्नोई, विजय सिंह बिश्नोई, ग्राम प्रधान सचिन चौधरी, कुश, अंश, कार्तिक बिश्नोई, प्रमोद, सागर, हरपाल सिंह जाटव, राजवीर सिंह सैनी, डॉ. प्रीति सिंह चौहान, विजय सिंह बिश्नोई, रवि गुर्जर, प्रमोद बिश्नोई, अरविंद वाल्मीकि आदि शामिल रहे। इसके बाद मंदिर ही मटकी फोड़ने का कार्यक्रम हुआ।


राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजीं बालिकाएं। ● अमृत विचार

### श्रीकृष्ण की झांकियों ने मन मोहा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर व ग्रामीण क्षेत्र मे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मंदिरों को सजाया गया। झूला व पालकी लगाई गई। भगवान श्रीकृष्ण व अन्य देवताओं का गंगा का जल, दूध, दही, शहद से अभिषेक किया। घर में भी भगवान श्री कृष्ण की झांकियां भी बनाई। महिलाओं ने बच्चें को राधा और कृष्ण के बाल रूप में सजाया। मंदिरों में दोपहर बाद भजन कीर्तन किए गए। क्षेत्र में शोभायात्रा भी निकाली गई। सोमवार को नगर के मोहल्ला बड़ा बाजार स्थित खाकेश्वर मंदिर, दुर्गा माता मंदिर में भजन कीर्तन हुए। राधा कृष्ण की झांकी प्रस्तुत की गई। हरिहर मंदिर, मढ़ी शिव मंदिर, शिव हनुमान मंदिर, होली का मंदिर, चित्रगुप्त मंदिर, मोहल्ला बंजारन स्थित शिव मंदिर, बाजार गंज स्थित माता मंदिर में राधा कृष्ण की पालकी सजाई गई। बाकी मंदिरों पर रंगोली भी बनाई गई। महिलाओं ने उपवास रखा। गांव रामनगर खागूवाला, मैसूवाला, तरफदलपत, राघूवाला, मानावाला, शरीफनगर, सुरजननगर, मुनीमपुर,रामपुर घोघर, कालाझांडा, रतूपूरा, बैजनाथपुर, कमालपुरी खालसा, गोपीवाला, निर्मलपुर, पीलकपुर गुमानी, रामपुर बलभद, फरीदनगर में भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। आधी रात को श्री कृष्ण जन्म पर मंदिरों में शंखनाथ किया गया। कृष्ण भक्तों ने एक दूसरे को जन्माष्टमी की बधाई देकर मंगल गीत गाए। कई स्थानों पर मटकी फोड़ी गई।

### बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर की चंद्र वाटिका कॉलोनी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। राधा व कृष्ण की वेशभूषा में सजे बच्चों ने नृत्य किया और गीत गुनगुनाए। मुख्य अतिथि एसडीएम विनय कुमार सिंह ने बच्चों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम शिव बाबा के समक्ष दीदी ने ज्योत जलाई। बताया गया कि भारत के लोग श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाते हैं। एसडीएम ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन पर प्रकाश डाला। बताया कि देश में ही नहीं, विदेश में भी भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की जाती है। गजरौला सेवा केंद्र से आईं विमल दीदी ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी का आध्यात्मिक महत्व समझाया। इस दौरान बिलारी सेवा केंद्र प्रभारी अलका दीदी, अनीता दीदी, विनीता दीदी, सेवा साथी रामकुमार भाई, देवेंद्र गांधी, रामेश्वर भाई, राजेंद्र भाई, मान सिंह भाई, रघुनाथ भाई, नेम सिंह भाई आदि रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मानसी, वर्षा, विशाखा, कमल, स्वेता, तनु, गुड़िया, स्वाति, कृतिका, दिव्या आदि शामिल रहीं।

# जन्माष्टमी पर गोशाला में की गोसेवा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा/ बिलारी

**अमृत विचार :** श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर एसडीएम मनी अरोड़ा, खंड विकास अधिकारी सुरेश चंद गुप्ता व उनकी पत्नी क्षेत्र के गांव राघुवाला स्थित गोशाला में पहुंचे। सफाई व्यवस्था पर कर्मचारियों की प्रशंसा की। बाद में एसडीएम ने गोसेवा की। गाय को फूलमाला पहनाकर, रोली चंदन से तिलक लगाया। गायों को गुड़ और चना खिलाया। कर्मचारियों के साथ महिलाओं ने भी अपने घरों से गुड़, चना, हरा चारा ले जाकर गोसेवा की। महिलाओं से कहा कि सभी को गोसेवा करनी चाहिए। इस दौरान रोजगार सेवक अकील अहमद, खंड विकास अधिकारी सुरेश चंद्र गुप्ता व ग्राम विकास अधिकारी मोहिता चौहान आदि मौजूद रहे। उधर, बिलारी नगर की ओम विहार कॉलोनी स्थित बालाजी मंदिर के पास कान्हा गोशाला का उद्घाटन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव व एसडीएम विनय कुमार सिंह ने गोपूजन करके गोशाला का उद्घाटन किया। यहां गोवंशीय पशुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं।

सोमवार दोपहर कान्हा गोशाला में एसडीएम व पालिका अध्यक्ष ने गोमाता का पूजन किया। गायों को गुड और आटे की लोई खिलाई। गाय का तिलक करके उन्हें माला पहनाई। आचार्य ओम शास्त्री महाराज ने मंत्रोच्चारण कराया। इसके बाद गोशाला का विधिवत पूजन करके शुरुआत कराई गई। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि यहां गाय के गोबर से धार्मिक पूजन कार्यक्रम के लिए लकड़ी के अलावा कंडे बनाए जाएंगे। जो गायें दुधारू हैं, उनके दूध से पालिका की आय बढ़कर उनके खाने का प्रबंध भी किया जाएगा। इस दौरान पंडित विनोद कुमार मिश्रा, राकेश यादव सभासद, दानवीर शर्मा सभासद, निहाल सिंह लाठर, कमर आलम, ठेकेदार सचिन आदि मौजूद रहे।


गोशाला में गाय को माला पहनातीं एसडीएम मनी अरोड़ा। ● अमृत विचार

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर मेले में उमड़े श्रद्धालु

**ठाकुरद्वारा/सुरजननगर, अमृत विचार :** सुरजननगर-डिलारी मार्ग स्थित गांव शेरपुर पट्टी में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर श्री 108 रामदास महाराज की कुटी के स्थान पर मेला लगा। श्रद्धालुओं ने बाबा के स्थान पर प्रसाद आदि चढाकर अपने घर, परिवार की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। भगवान श्री कृष्ण की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। मेले में भगवान श्री कृष्ण की लिलाओं से संबंधित भजन कीर्तन किए गए। मेले में क्षेत्र के लोग परिवार के साथ पहुंचे। प्रसाद चढ़ाने के बाद महिलाओं ने अपने बच्चों को खेल खिलौने दिलाई। बच्चों ने झूला झूलकर आनंद लिया।

## बैठक में शामिल होने वालों के नामों की सूची में किया जाएगा सुधार

**कांठ/छजलैट, अमृत विचार :** कांठ व छजलैट थाना क्षेत्र के विभिन्न धर्म एवं पर्व को लेकर आयोजित की गई बैठक में पुरानी सूची के अनुसार लोगों को आमंत्रित किया जाता है। एसएचओ से शिकायत के बावजूद पुरानी सूची में कोई बदलाव नहीं किया गया है। कांठ एवं छजलैट थाने में कई दशकों से गणमान्य व्यक्तियों की सूची बनाई गई थी। इसमें से केवल मृतक लोगों के नाम ही हटाए गए हैं। किसी भी धर्म या त्योहार की अमन कमेटी की बैठक में पुरानी सूची के अनुसार प्रत्येक त्योहार पर वर्षों से चले आ रहे बिंदुओं पर चर्चा कर मात्र औपचारिकता ही पूर्ण की जाती है। थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि शीघ्र सूची के संबंध में सुधार किया जाएगा।

# मानवता है सबसे बड़ा धर्म : स्वामी राजेंद्रानंद

● कथा के समापन पर छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** मानवता पर्व धर्म है, जिस व्यक्ति में धर्म के प्रति आस्था नहीं है, उसका स्थान समाज में शून्य रहता है। संदेह करने से अनेक परिवार और मित्रता के संबंध विच्छेद हो जाते हैं। धर्म की रक्षा के लिए प्राणों का बलिदान भी देना हो तो कभी पीछे नहीं हटना चाहिए।

श्री विश्नोई मंदिर में भगवान श्री कृष्ण व भगवान जंभेश्वर के जन्मोत्सव पर जाम्भाणी हरिकथा में कथा वाचक स्वामी राजेंद्रानंद ने यह विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि एक सुई जोड़ने का कार्य और कैंची काटने का कार्य करती है। सुई को सभी लोग संभाल कर रखते हैं और कैंची पैरों में पड़ी रहती है। उनका कहना था कि संबंध बनाना और निभाने का अलग-अलग अर्थ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सनातन धर्म के श्रेष्ठ रक्षक हैं। उन्होंने मुरादाबाद में गुरु जंभेश्वर महाविद्यालय की स्थापना कराकर जनपद वासियों को एक बड़ी सौगात दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सभी को धर्म के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया है। हमें मानवता एवं सामाजिक क्रियाकलापों में अग्रणी रहना चाहिए।


कथा में बोलते स्वामी राजेंद्रानंद।

कथा में महंत स्वामी चमन ऋषि, स्वामी प्रणवानंद, स्वामी सुखदेव मुनि, जगदीश आनंद, गोविंद शरणानंद, आचार्य अखिलेश मुनि, स्वामी मुक्तानन्द ने गुरु की महिमा का बखान किया। विश्नोई समाज के मेधावी बच्चों को प्रशस्ति पत्र, स्वामी राजेंद्र आनंद समेत अन्य संतों को सम्मानित किया। भाजपा के जिला अध्यक्ष आकाश पाल, विनोद अग्रवाल, राजन बिश्नोई, राजेश रस्तोगी, और गुरु अरविंद ने बच्चों को हाईस्कूल एवं इंटर में अच्छे अंक लाने पर सम्मानित किया। महिमा चौधरी, विकास बिश्नोई, दिव्यांशु बिश्नोई, अनन्या, कार्तिकेय, माधव बिश्नोई, सुदीप कुमार, यशी बिश्नोई, आदित्य बिश्नोई, भूमिका, पार्थ, अक्षय, गर्वित मोहन, अंशिका, प्रभुता, गार्गी, प्रकृति, आरती, तनिष्क कुमार, कनिका, ध्रुव चौधरी, प्रिंस, कृष्णा, शौर्य बिश्नोई, मानवी, परिधि समेत अन्य छात्र-छात्रों को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, अभय विश्नोई, मुरादाबाद के महापौर विनोद अग्रवाल, अभय बिश्नोई, दिलावर सिंह, मास्टर धर्मपाल सिंह, कुंवर सुरेंद्र सिंह, मास्टर सीपी सिंह, अरविंद, राजवीर सिंह, ओम सिंह बिश्नोई आदि मौजूद रहे।

# गांवों में भी जल्द लगाए जाएंगे स्मार्ट मीटर, रुकेगी बिजली चोरी

● विद्युत निगम की टीमें ने नगर क्षेत्र और गांवों में किया सर्वे

संवाददाता, कांठ/छजलैट

**अमृत विचार :** विद्युत निगम की टीमें नगर क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने के लिए सर्वे कर रही हैं। घर-घर उपभोक्ताओं का विवरण लिया जा रहा है। कई गांवों में सर्वे का कार्य हो चुका है।

क्षेत्र के गंव सलेमपुर, रसूलपुर, मुखियापुर नवादा, रुस्तमपुर, टांडा, शेरपुर, मिश्रीपुर सहित अन्य गांवों में सर्वे पूर्ण हो चुका है। नगर में करीब 10 हजार बिजली उपभोक्ता हैं। इसमें बिजली चोरों पर भी अंकुश लग सकेगा। नगर से लेकर गांव तक एरियल बंच केबल (एबीसी) लाइन तैयार की जा रही है। कटिया लगाने का खेल खत्म हो जाएगा। एबीसी लाइन में कनेक्शन बाक्स लगाए जा रहे हैं। उसी बाक्स से ही लोगों को कनेक्शन मिलेगा। इसके साथ ही विभाग ने स्मार्ट मीटर की पहल शुरू की है। अंतिम चरण में गांव में मीटर लगाए जाने का कार्य शुरू हो जाएगा। स्मार्ट मीटर में जितने का रिचार्ज उपभोक्ता कराएंगे, उनके अनुरूप उन्हें बिजली मिलेगी। प्रीपेड मीटर की व्यवस्था होगी। स्मार्ट मीटर से बिजली व्यवस्था और बेहतर होगी।

एसडीओ ज्ञानेंद्र यादव ने बताया की स्मार्ट मीटर लगाए जाने से उपभोक्ताओं को भी भारी लाभ होगा। बिजली चोरों पर भी अंकुश लगाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि अनेक उपभोक्ताओं ने कमर्शियल मीटर नहीं लगाए हैं जबकि वह व्यापार में भी घरेलू मीटर से व्यापार का कार्य कर रहे हैं। ऐसे उपभोक्ताओं पर भी अंकुश लगाया जाएगा।

## सार संक्षेप


बैठक में चर्चा करते राजपूत समाज के लोग। ● अमृत विचार

### बैठक में लोगों से एकजुट होने की अपील की

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** रामूवाला गणेश में हुए बैठक में राजपूत समाज के लोगों ने समाज की समस्याओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान भाजपा के नेता अजय प्रताप सिंह ने कहा कि राजपूत समाज के लोगों को विभिन्न दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें एकजुट होना जरूरी है। एकजुटता व साथ रहने से समाज की तरक्की होती है। उन्होंने राजपूत समाज के युवाओं से अनुरोध किया कि वे अपनी पढ़ाई लिखाई के साथ अच्छी आदतों का अनुपालन करें। बीड़ी, सिगरेट, पान, तंबाकू से दूर रहें। बैठक में सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व आचार्य गजेन्द्र पाल सिंह व भाजपा नेता राकेश कुमार सिंह, सुरेन्द्र सिंह, कमल सिंह, जितेंद्र सिंह, मदनपाल सिंह, नरेंद्र पाल सिंह आदि ने अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।


प्रमाण पत्र दिखातीं लखपति दीदी। ● अमृत विचार

### लखपति दीदियों को किया सम्मानित

**डिलारी, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के गांव जटपुरा में आजीविका मिशन के तहत 193 महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिन्होंने शून्य से शुरुआत करते हुए अब अपनी पहचान लखपति दीदी के रूप में बनाई है, अब उनकी पहचान कुशल व्यवसायी, स्वरोजगारी के तौर पर है। सामुदायिक संसाधन सेवियों को भी सम्मानित किया गया। जिन्होंने समूह गठन से लेकर इनके संचालन एवं महिला सशक्तीकरण तथा स्वावलंबन के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है। कार्यक्रम का आयोजन चयनित संकुल स्तरीय समीति के कार्यालय पंचयात भवन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीओ आईएसबी अलोक कुमार ने की। इस दौरान ग्राम प्रधान तारा सिंह, ब्लॉक मिशन मैनेजर प्रिंस शर्मा, सरिता चौहान, सचिव रेखा चौहान, शाहिस्ता, बैंक सखी मोनी चौहान, संध्या चौहान, नीतू, रेखा, शीना परवीन, सवली, पूजा चौहान, रीनू, दीपा, सोनम आदि उपस्थित रहे।

### हवन में आहुति देकर की सुख समृद्धि की कामना

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर में स्टेशन रोड स्थित एक मैरिज हॉल में सोमवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रज्ञा मंडल की बैठक हुई। इसमें मुरादाबाद मंडल, मेरठ मंडल से अशोक कुमार सिंह पहुंचे। उन्होंने पंडित श्रीराम शर्मा, माता भगवती देवी व माता गायत्री के चित्र पर दीप माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर गायत्री परिवार से लोग जोड़ने पर बल दिया गया। कहा कि अगले वर्ष अखंड ज्योत पत्रिका व युग निर्माण पत्रिका के अधिक से अधिक पाठक बनने चाहिए। लोग दीप यज्ञ, पंच कुंडीय यज्ञ, 11 कुंडीय यज्ञ में भाग ले। इस मौके पर आईपी सिंह, रमेश वर्मा, हेमंत गुप्ता ने विधि विधान से दीप यज्ञ किया। भगवान श्री कृष्ण की जन्माष्टमी पर गायत्री महामंत्र, महामृत्युंजय मंत्र के साथ सभी ने सुख समृद्धि व मंगल कामना के लिए हवन में आहुति दी। इस मौके पर राम सिंह, चौधरी विजय सिंह, चौधरी मित्र पाल सिंह, चौधरी मोहर सिंह, चौधरी महिपाल सिंह, चौधरी दलपत सिंह, ठाकुर सोमपाल सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

**चेहल्लुम** शिया व अहले सुन्नत समुदाय के लोगों ने निकाला मातमी जुलूस, युवकों ने किया जंजीरों का मातम

# मर्सिया पढ़ा, जब गोर-ए-गरीबा से वतन में हरम आए...

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** हजरत इमाम हुसैन की याद में सोमवार को चेहल्लुम पर शिया व अहले सुन्नत समुदाय के लोगों ने अलम व ताजियों का मातमी जुलूस निकाला। शिया समुदाय के युवकों ने जंजीरों का मातम किया।

नगर में दोपहर को शिया समुदाय के इमामबाड़ों और आजाखानो पर जव्वाद हैदर काजमी, जुहेर हबीब नकवी, अफजल अब्बास रिजवी, गुलाम अब्बास रिजवी ने मर्सिया पढ़ा। कहा- जब गोर-ए-गरीबा से वतन में हरम आए, सिर पीटते सज्जाद बजेरे अलम आए। कहते थे न अकबर न इमाम-ए-उम्म आए। 18 बनी फतेमा को खो कर हम आए। आवाजें बतूल आईं के तारीख जंहा है, जैनब मेरा युसूफ, मेरा शब्बीर कहां है। इसके बाद आजाखानों से अलम व ताजिये निकाले गए। इलियास हुसैन रिजवी के आजाखाने से जुलजनाह निकाला गया। जुलूस में शामिल जुलजनाह सुरेंद्र भूषण के फटाक से वापस जाकिर अहमद रिजवी के आजाखाने में पहुंचा। यहां महिलाओं की आंखें नम हो गईं। मातमी जुलूस आलम और ताजियों के साथ कर्बला की तरफ रवाना हो गया। मौलाना नय्यर रजा नकवी, काशिफ अब्बास काजमी, एजाज हाशिम नकवी, अजहर अब्बास नकवी ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत को बयान किया। रजा हसनेन काजमी, शहजी अब्बास काजमी, रईस अब्बास रिजवी, साजिद रजा काजमी, शब्बीर हुसैन रिजवी समेत अन्य लोगों नोहेख्वानी की। देर शाम शिया और अहले सुन्नत समुदाय का जुलूस नगर स्थित कर्बला में पहुंचा। यहां नगर, ग्रामीण क्षेत्र के ताजिये दफन किए गए। जुलूस के दौरान सुरक्षा के लिए थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा और चौकी इंचार्ज मय फोर्स के तैनात रहे। इसके अलावा गांव जलालपुर खास स्थित कर्बला में ताजिये दफन किए गए। महमूदपुर माफी और जाफरपुर स्थित कर्बला में भी ताजिये दफन किए गए। उधर, 21 सफर का अलम मुबारक का जुलूस मंगलवार को निकाला जाएगा। अंजुमन शाने हैदरी के सदर शब्बर हुसैन रिजवी ने बताया कि रात को जुलूस निकलेगा। इसमें मेहमान अंजुमन और मुकामी अंजुमने नोहाख्वानी करेंगीं।


जुलूस में मातम करते शिया समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

### ताजियों के जुलुस में गूंजीं या हुसैन की सदाएं

**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव मोहम्मद इब्राहीमपुर में सोमवार दोपहर या हुसैन की सदाओं के साथ चेहल्लुम पर ताजियों का जुलुस निकाला गया। जुलूस में सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने शिरकत की। इस दौरान विधायक ने कहा कि मुसलमानों को इमाम हुसैन की शहादत से सबक हासिल करने की जरूरत है। अहले बैत से मोहब्बत करें, क्योंकि अहले बैत से मोहब्बत किए बिना उनकी इबादत कुबूल नहीं होगी। इस दौरान हाजी मोहम्मद उसमान अजहरी ने कहा कि कर्बला मर्दों को जंग में भी नमाज न छोड़ने और औरतों को मुसीबत के वक्त भी पर्दा न छोड़ने का पैगाम देती है। उन्होंने हजरत इमाम हुसैन के मानने वालों से इस्लाम के उसूलों पर अमल करने के लिए कहा। मोहम्मद उस्मान ने कहा कि अगर मुसलमान फिजूल खर्ची का पैसा बचाकर बच्चों की तालीम पर खर्च करने लगे तो उनके हालात बदल जाएंगे। विधायक ने ताजियेदारों और मिलाद पढ़ने वालों को सम्मानित भी किया। शाम तो कर्बला के मैदान पर मेला लगा। इसमें बच्चों ने खिलौना, मिठाई और अन्य सामान की खरीदारी की।

### बुजुर्ग से 10 लाख रुपये मांगने के आरोपियों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

**छजलैट, अमृत विचार :** क्षेत्र में मकान का निर्माण रुकवा कर ग्रामीण को पीटने और 10 लाख रुपये मांगने के मामले में पुलिस अधिकारियों ने पुलिस को जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

गांव सराय खजूर निवासी मुनव्वर हुसैन डेढ़ माह से अपने मकान का निर्माण कार्य कर रहे हैं। आरोप है कि गांव के ही कई लोग सुबह उनके घर पर पहुंचे। कहा कि मकान का निर्माण रोक दो या हमें 10 लाख रुपये दो। जब मुनव्वर हसन ने रुपये देने को मना किया तो वे लोग उन पर हमलावर हो गए। इस संबंध में छजलैट थाना पुलिस से शिकायत की गई और पुलिस क्षेत्राधिकारी अपेक्षा निंबाडिया को भी शिकायती पत्र भेजा गया। अब इस मामले में जांच कर आरोपियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## एक नजर

### पुलिस की मौजूदगी में ओवरलोड डंपर लेकर भाग गए आरोपी

**मसवासी, अमृत विचार :** नगर में मसवासी चौराहा और मानपुर तिराहा पर खनन चेक पोस्ट हैं। यहां पुलिस और राजस्वकर्मी की ड्यूटी रहती है। यह लोग खनन लदे वाहनों की रायल्टी संबंधित दस्तावेज चेक करते हैं। मगर पुलिस की मौजूदगी में खनन लदे ओवरलोड वाहन यहां से बेखौफ होकर गुजर रहे हैं। सोमवार की सुबह भी पुलिस और राजस्वकर्मी की मौजूदगी में खनन से लदा ओवरलोड वाहन भगा ले गए। एसडीएम स्वार अमन देयोल ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही है।

### जूस पीने निकलीं दो बहनें लापता, गुमशुदगी दर्ज

**रामपुर, अमृत विचार :** घर से जूस पीने निकलीं दो बहनें अचानक लापता हो गईं। परिजनों ने काफी तलाश किया लेकिन उनका कुछ पता नहीं लगा। उनकी मां की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला का कहना है कि 24 अगस्त की शाम उसकी दो बेटियां जूस पीने के लिए घर से निकली थीं। इसके बाद वह वापस नहीं आईं। काफी तलाश करने पर भी उनका पता नहीं चल सका।

# नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की

## शहर के मंदिरों में सजाई गईं झांकिया, दर्शन करने के लिए शाम से ही पहुंचने लगे भक्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व जिले में धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही बाजारों में महिलाओं की भीड़ रही। लोगों ने रात 12 बजे होने वाली पूजा का सामान खरीदा। इसके अलावा बहुत से भक्तों ने लड्डू गोपाल के कपड़े, मुकुट व मोर के पंख खरीदे। देर शाम तक बाजारों में भीड़ रही।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर क्षेत्र के सभी मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का जन्म होते ही कान्हा के भजन गूंजने लगे। इसके बाद श्री कृष्ण भगवान के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की मंदिरों में देर रात तक भीड़ रही। व्रत रखने वाले भक्तों ने मंदिर की परिक्रमा की। भक्तों ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के बाद मंदिर से प्रसाद के रूप में पंजीरी चरणामृत से उपवास खोला। मंदिरों में देर रात तक भजनों का सिलसिला चलता रहा।


हरि मंदिर में पालने में श्री कृष्ण को झुलाते भक्त।। ● अमृत विचार


कान्हा की वेशभूषा में सजा बच्चा।


श्री कृष्ण का पालना हिलाती राधा बनी बच्ची।

### झांकी देखने को मंदिरों में उमड़ी भीड़

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर सोमवार की शाम कई मंदिरों में श्रीकृष्ण-बलराम, वासुदेव-देवकी, राम दरबार, राधा-कृष्ण, भगवान शंकर, माखन चोर, पूतना वध, कृष्ण-सुदामा आदि की झांकियां सजाई गईं। झांकियों के दर्शन करने को मंदिरों में भीड़ लगी रही। रात को 12 बजे भगवान के जन्मोत्सव पर नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जैसे भजनों से मंदिर गुंजायमान हो उठे।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर मसवासी में निकाली शोभायात्रा

**मसवासी, अमृत विचार :** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर क्षेत्र के गांव बिजारखाता स्थित गिरधारी लाल शिव मंदिर से श्री राम बाल युवा कमेटी के तत्वावधान में शोभायात्रा निकाली गई। इसमें राधा-कृष्ण, शंकर-पार्वती, सुदामा, भारत माता, राम परिवार, रावण सहित कई ईश्वरीय रूप धरे कलाकार आकर्षण का केंद्र रहे। शोभायात्रा का धर्मप्रेमियों ने पुष्प वर्षा से स्वागत किया। सुरक्षा के लिए कोतवाल संदीप त्यागी, चौकी इंचार्ज मनोज कुमार मिश्रा समेत काफी पुलिस मौजूद रही।


रंग-बिरंगी रोशनी से सजा श्री हरि मंदिर। ● अमृत विचार


पीपलगांव में निकाली गई रामडोल की शोभा यात्रा में शामिल ग्रामीण। ● अमृत विचार

## रामडोल की शोभायात्रा में शामिल झांकियों ने मन मोहा

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में क्षेत्र के पीपल गांव में रामडोल की भव्य शोभा यात्रा निकली। इसमें विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां शामिल रहीं।

सोमवार को पीपल गांव स्थित शिव मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मंदिर परिसर से रामडोल का जुलूस निकाला गया। भोट किसान सेवा सहकारी समिति के पूर्व चेयरमैन राज किशोर सैनी ने हवन-पूजन के बाद फीता काटकर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया।

रामडोल का जुलूस पूरे गांव में भ्रमण कर देर शाम मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। शोभायात्रा में राधा-कृष्ण समेत कई अन्य देवी-देवताओं की झांकियां शामिल रहीं। शांति व्यवस्था के लिए प्रभारी निरीक्षक ज्योति सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहीं। इस दौरान पूर्व प्रधान ओमवीर सैनी, डोरी लाल दिवाकर, बुद्धसैन लोधी, रोशनलाल पाल, ओम प्रकाश दिवाकर, शिव लाल पाल, संजय सैनी, रमेश लोधी आदि मौजूद रहे।


टांडा में श्री कृष्णा लीला का फीता काटकर शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

## धूमधाम से मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** सोमवार को विश्वनाथ मढ़ी मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। झांसी के कलाकारों ने श्री कृष्ण लीला की मनमोहक प्रस्तुति दी।

रविवार की रात विश्वनाथ मढ़ी मंदिर पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कृष्ण लीला का आरंभ मुख्य अतिथि लक्ष्मी सैनी, केशव मुनि महाराज उदासीन आश्रम शिव मंदिर बादली एवं छोटू महाराज ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर रामस्वरूप सैनी, पन्ना लाल सैनी, योगेश सैनी, रोहित सैनी, राजेंद्र सैनी, करन सिंह सैनी, प्रखर सक्सेना, आशीष वर्मा, सुरेंद्र कुमार रुहेला, दयाराम सैनी, केवल राम सैनी, नवल किशोर सैनी, लाखन सैनी, माखन सैनी आदि उपस्थित रहे।

भाजपा के नगर अध्यक्ष योगेश कुमार सैनी ने बताया कि रास लीला 29 अगस्त तक चलेगी। इसी दिन रामडोल मेले का आयोजन भी होगा।

### तेरा रुतबा, तेरा नजारा दो जहां से न्यारा है...

**रामपुर, अमृत विचार :** जी लेंगे सरकार तेरी सरकारी में, हमें रख लेना श्री श्याम तेरी दरबारी में। तेरा रुतबा, तेरा नजारा, दो जहां से न्यारा है आदि भजनों की गूंज के साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर गांव में शोभायात्रा निकाली गई। ग्रामीणों ने जगह-जगह फूल बरसाकर स्वागत किया। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने हमेशा धर्म की रक्षा के लिए कार्य किया।

सोमवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर ग्राम बीसरा में शोभायात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि शहर विधायक ने फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इसके बाद भजनों और गानों की गूंज के साथ शोभायात्रा आगे बढ़ना शुरू हो गई। ग्राम मंढौली, चिकटी, रामनगर, बीसरी में ग्रामीणों ने फूल बरसाकर शोभायात्रा का स्वागत किया। बीसरा के मंदिर पर शोभायात्रा का समापन हुआ।

## घर में घुसकर महिलाओं से की छेड़खानी, कपड़े भी फाड़े

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पुरानी रंजिश में कुछ लोग ग्रामीण के घर में घुस गए। मारपीट करते हुए महिलाओं से छेड़खानी की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्रधान के पति सहित 5 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण का कहना है कि 25 अगस्त की शाम गांव के ही शकील और आजम घर के दरवाजे के पास झगड़ा कर रहे थे। उसने मना किया तो वहीं खड़े प्रधान के पति राशिद उससे झगड़ा करने लगा। इसके बाद राशिद अपने साथी आसिफ, नफीस, इस्लाम व मुन्तियाज के साथ लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस गए। आरोपियों ने महिलाओं से छेड़खानी करते हुए उनके कपड़े भी फाड़ दिए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज जांच कर रही है।

### देवरों ने घर में घुसकर पीटा, छेड़खानी की

**टांडा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के साथ रंजिश के चलते दो सगे भाइयों ने मारपीट व छेड़छाड़ की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पीड़िता का कहना है कि रविवार की शाम वह घर में अकेली थी। इस दौरान तहेरे ससुर मोहम्मद शाहिद, उनके बेटे मोहम्मद साजिद व दानिश घर में घुस आए और गालियां देने लगे। विरोध करने पर साजिद व दानिश ने मारपीट करते हुए छेड़छाड़ की। महिला की चीख-पुकार सुनकर कुछ लोग मौके पर आ गये। तब आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर साजिद व दानिश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में गर्भवती की मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/शाहबाद

**अमृत विचार :** सोमवार तड़के गर्भवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने उसके ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर मिलने से इन्कार किया है।

शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव नबीगंज जदीद निवासी ओमवीर की शादी करीब एक साल पहले बरेली के सिरौली क्षेत्र के गांव अटा निवासी पिंकी (22) से हुई थी। ग्रामीणों के अनुसार पिंकी गर्भवती थी। प्रसव का समय भी करीब था। सोमवार की तड़के पिंकी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर मायके वाले पिंकी की ससुराल पहुंच गए। वहां मायके पक्ष के लोगों की ससुरालियों से कहासुनी हो गई। उन्होंने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और पुलिस सूचना दे दी। गर्भवती की हत्या की सूचना मिलते ही एसडीएम सुनील कुमार, सीओ संगम कुमार और कोतवाल प्रिंस शर्मा मौके पर पहुंच गए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया।


जिला अस्पताल में मौजूद महिला के शोक संतप्त परिजन। ● अमृत विचार

- **मायके वालों ने ससुरालियों पर लगाया हत्या का आरोप**

> महिला के मायके वालों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।
> – **संगम कुमार**, क्षेत्राधिकारी, शाहबाद

### किशोरी से दुष्कर्म का एक आरोपी गिरफ्तार

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीमनगर पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म करने के एक आरोपी को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक अपनी ननिहाल में रहकर क्लीनिक व परचून की दुकान चलाता था। उसने पड़ोस की किशोरी को अपनी दुकान पर बुला लिया। युवक और उसके बहनोई ने किशोरी को नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म किया था। किशोरी ने घर जाकर परिजनों को पूरा बात बताई।

परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने बहादुरगंज निवासी सुरेश सैनी और इमरता निवासी जयबेंदर सैनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। किशोरी को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया था। देर रात थाना अध्यक्ष अजय पाल सिंह ने मुरसेना के पास आरोपी सुरेश सैनी को गिरफ्तार कर लिया।


श्री हरिहर मंडल पुराना गंज की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

## 29 को निकाली जाएगी रथ यात्रा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** श्री हरिहर मंडल पुराना गंज के तत्वावधान में हरिहर मंदिर में 78वीं लीलाधारी भगवान श्री कृष्ण रथ यात्रा की बैठक हुई।

मुख्य अतिथि संजय शर्मा ने बताया कि रथ यात्रा 29 अगस्त को अपराह्न 3:30 बजे निकलेगी। इसमें भगवान की झांकियां, बैंड-बाजे, रथ, कीर्तन, मंडली आदि शामिल होंगे। रथयात्रा पुराना गंज हरिहर मंदिर से आरंभ होकर सहकारी बैंक, बांसवाड़ा दोमहला सतई का कुआं, किले का गेट, बर्तन बाजार से होकर गुजरेगी। इसके अलावा जामा मस्जिद, बड़ा सराफा बाजार, मिस्टन गंज, राजद्वारा होते हुए गांधी समाधि पहुंचेगी। यहां से राजद्वारा, मिस्टनगंज, चंपा कुंवरि धर्मशाला, जामा मस्जिद, बर्तन बाजार होते हुए पुराना गंज, हरिहर मंदिर पर संपन्न होगी।

बैठक में संजय शर्मा, सुनील अग्रवाल, रामचरण देवल, शोभित अग्रवाल, विष्णु शर्मा, प्रिंस कौशिक, कपिल पाल आदि मौजूद रहे।

## मकान की छत गिरी, गृह स्वामी व 4 पशु घायल

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** मकान की छत गिरने से मलबे में दबकर मकान मालिक और चार पशु दबकर घायल हो गए। घायल गृह स्वामी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


घायल मदनलाल।

मिलक थाना क्षेत्र के गांव करिंगा निवासी मदनलाल ने बताया कि रविवार की देर रात गांव में बारिश हुई थी। उसके चार पशु घर में बंधे थे। वह भी उसी मकान में में सो रहा था। सोमवार की तड़के करीब 4 बजे अचानक मकान की कच्ची छत भर भराकर गिर गई। इसके मलबे में मकान स्वामी मदनलाल और चारों पशु दब गए। मदनलाल की चीख सुनकर आसपास के ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने मलबा हटाकर उसे व पशुओं को बाहर निकाला। हादसे में मदनलाल और चारों पशु घायल हो गए। आनन-फानन में ग्रामीणों ने मदनलाल को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलने पर एसडीएम राजेश कुमार तहसील प्रशासन की टीम के साथ गांव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से घटना की जानकारी की। पशु चिकित्सा अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घायल पशुओं का उपचार किया। नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी ने बताया कि मदनलाल का तलाक हो चुका है। वह घर में अकेला ही रहता है। पड़ोस के मकान में उसके भाई रहते हैं। मदनलाल को मुआवजा दिलाने के लिए विभागीय कार्रवाई की जा रही है।


घटना स्थल का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

- **एसडीएम ने तहसील की टीम के साथ किया मौका मुआयना**

## जमना-जमनी गांव में सड़क पार करते तेंदुए की वीडियो वायरल

संवाददाता, मसवासी

- **वन विभाग के अधिकारियों ने जंगल में की कांबिंग, ग्रामीणों से की सतर्क रहने की अपील**

**अमृत विचार :** ट्यूबवेल पर लेटे और सड़क पार करते तेंदुए की वीडियो वायरल होने से ग्रामीणों में दहशत है। सूचना पर वन विभाग के अधिकारियों ने कांबिंग की है। उन्होंने जंगल में तेंदुआ होने की पुष्टि करते हुए ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है।

क्षेत्र के गांव जमना-जमनी में देर रात ग्रामीणों ने ट्यूबवेल पर लेटे तेंदुए को कैमरे में कैद कर लिया। कार सवार लोगों ने तेंदुए की सड़क पार कर जंगल में जाते हुए वीडियो बना ली। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर हड़कंप मच गया। किसानों ने खेतों पर जाना बंद कर दिया है। सूचना पर सोमवार की सुबह उप क्षेत्रीय वन अधिकारी केएस भंडारी, वन दरोगा शील कुमार, अशरफ अली आदि ने जंगल में कांबिंग की। उन्होंने पदचिह्नों को देखकर तेंदुआ होने की पुष्टि करते हुए ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए जंगल में पिंजरा लगाया जाएगा।


ग्राम जमना-जमुनी क्षेत्र में सड़क पार करता तेंदुआ। ● अमृत विचार

**अनदेखी** पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो गई राधा रोड, वाहन खाते हैं हिचकोले

# कागजों में सिमटे एक अरब के प्रस्ताव, सड़कें जर्जर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर के अधिकतर क्षेत्रों की सड़कों की स्थिति बदहाल है। जगह-जगह उखड़ने से सड़कों में गड्ढे हो गए हैं। राधा रोड पर वाहन हिचकोले खा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिनभर दोपहिया व चार पहिया वाहनों की आवाजाही रहती है। सड़क में हुए गहरे गड्ढों की वजह से हादसों की आशंका बनी रहती है।

मार्च में हुई नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक में शहर की 352 ऊबड़-खाबड़ सड़कों को चकाचक करने और उनका सुंदरीकरण कराने के लिए एक अरब रुपये के प्रस्तावों पर मुहर लगी थी। अगस्त बीतने की कगार पर है। बैठक को हुए भी कई माह बीत चुके हैं। मगर पालिका प्रशासन की उदासनीता के चलते बरेली गेट, शाहबाद गेट, डूंगरपुर, तीतर वाली पाखड़, जेल रोड, चाह खजान खां, मिस्टन गंज, राधा रोड, बागीचा ऐमना की सड़क जर्जर हो गई हैं। राधा रोड पर तो कदम-कदम पर गहरे गड्ढे हो गए हैं।

इन गड्ढों में बारिश का पानी भर जाता है। वार्ड 3 की सभासद के पति हरिबाबू राज ने बताया कि सड़क की हालत सुधारने के लिए नगर पालिका के अधिकारियों को लिखकर दिया है। बताया कि इस मार्ग पर रात में भारी वाहन चलते हैं। इससे सड़क जर्जर हो गई है। सड़क पर गहरे गड्ढे हो गए हैं। इनकी वजह से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।


राहे मुर्तजा से नैनीताल हाईवे को जोड़ने वाली बदहाल राधा रोड।

### कई बार पलट चुके हैं ई- रिक्शा

राधा रोड पर ई- रिक्शा पलटने से लोग चोटिल हो चुके है। इस रोड पर इंटर कॉलेज भी है। छात्र-छात्राओं को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वाहनों के पहिए गड्ढों में फंसने की वजह से जाम भी लग जाता है। सड़क से उड़ने वाली धूल से लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

> बोर्ड की बैठक के बाद लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता लग गई थी। अब विकास कार्य कराए जा रहे हैं। जर्जर सड़कों की हालत को सुधारा जा रहा है। राधा रोड को भी जल्द ही ठीक कराया जाएगा। निर्माण विभाग के जेई को इसका स्टीमेट जल्द तैयार कराने को कहा गया है।
> –**दुर्गेश्वर त्रिपाठी**, ईओ नगर पालिका परिषद

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**मसवासी, अमृत विचार :** अज्ञात वाहन ने सामने से आ रही बाइक को रौंद दिया। जिसमें बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को स्वार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। अस्पताल में एक युवक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दूसरे का इलाज किया जा रहा है।

सोमवार की शाम करीब साढ़े 7 बजे दढ़ियाल-बाजपुर मार्ग पर मिलक-खौद चौराहे के नजदीक अज्ञात वाहन ने सामने से आ रही बाइक को रौंद दिया। इसमें बाइक सवार करन निवासी ग्राम चकलुआ, कालाढूंगी (उत्तराखंड) और रोहित उर्फ छोटू (32) निवासी मुंशीगंज गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज मनोज कुमार मिश्रा ने दोनों घायलों को सीएचसी स्वार पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने रोहित को मृत घोषित कर दिया।

## रोगियों को स्वास्थ्य सेवाएं देने में जिले को मिला 30वां स्थान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- **जून में जनपद को मिला था सातवां स्थान, इस बार पिछड़ी रैंक**
- **मुरादाबाद को आठवां व बिजनौर जनपद को मिला 13वां स्थान**

**अमृत विचार :** जुलाई में सरकारी अस्पतालों में रोगियों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में जनपद को प्रदेश में 30वां स्थान मिला है। मंडल के सभी जिलों में जनपद की स्थिति काफी खराब है। मुरादाबाद को 8, बिजनौर को 13, अमरोहा को 18 और सम्भल को 24वीं रैंक मिली है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार जून में जनपद 7वें और मई में 16वें स्थान पर था। लेकिन जुलाई की समीक्षा में रैंकिंग काफी पिछड़ गई है।

स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने को लेकर विभाग की हर माह प्रदेश स्तर पर समीक्षा होती है। इसके बाद प्रदेश के स्वास्थ्य डैश बोर्ड पर हर माह की रैंकिंग जारी की जाती है। पिछड़ने वाले जनपदों को बेहतर करने के लिए टिप्स दिए जाते हैं। स्वास्थ्य विभाग के 14 बिंदुओं के आधार पर रैंक बनाई जाती है। इसमें शिशु-मातृ मृत्यु दर में कमी, जनसंख्या नियंत्रण, टीकाकरण, गर्भवती की जांच, एचआईवी, हीमोग्लोबिन, बच्चों को बीमारी से बचाने के लिए हेपटाइटिस, टीबी रोगियों का चिन्हीकरण आदि शामिल हैं। सीएमएस डॉ.अनवर सादात ने बताया कि जिला महिला चिकित्सालय में 21 जुलाई से 25 अगस्त तक 219 प्रसव हुए। इनमें 180 नार्मल और 39 सिजेरियन प्रसव हुए।

> स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जून में प्रदेश में जनपद 7वें स्थान पर था। सभी स्वास्थ्य केंद्रों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।
> –**डॉ. एसपी सिंह**, सीएमओ

### पैनल में खराबी आने से 7 घंटे ठप रही बिजली

**रामपुर, अमृत विचार :** सोमवार की सुबह 10 बजे पहाड़ी गेट बिजलीघर के फीडर बिलासपुर गेट के पैनल की रीलें फुंक गईं। इससे क्षेत्रों के कई मोहल्लों की बिजली आपूर्ति 7 घंटे ठप रही। शाम पांच बिजली आपूर्ति सुचारु होने पर उपभोक्ताओं को राहत मिली।

सोमवार को पहाड़ी गेट बिजलीघर के फीडर बिलासपुर गेट के पैनल की रीलें फुंकने से पहाड़ी गेट, मस्जिद झब्बू खां, चाह खजान खां, बमनपुरी स्टेडियम, चपटा कॉलोनी और बिलासपुर गेट की बिजली आपूर्ति 7 घंटे बंद रही। एसडीओ तृतीय संजीव कुमार रवि ने बताया कि नई रीलें लगवा कर विद्युत आपूर्ति सुचारु करा दी गई है। इसके अलावा मोहल्ला मोरी गेट व नालापार क्षेत्र के उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज की समस्या का सामना करना पड़ा। अत्याधिक लोड के कारण एचटी की लाइन का जंफर उड़ गया। इससे लोगों के घरों में लो वोल्टेज रहे।

## एक नजर

### 7 से 11 तक मनाया जाएगा गणेश महोत्सव

**मिलक, अमृत विचार :** मिलक में श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव 7 से 11 सितंबर तक नगर के एक वैंक्वेट हाल मनाया जाएगा। श्री गणेश महोत्सव समिति और सर्राफा कमेटी की बैठक का आयोजन दीपक पाटिल के निवास पर अध्यक्ष सुशील गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ। बताया कि 7 सितंबर शाम 5 बजे गणेश जी की शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 11 सितंबर को श्री गणेश महाराज की विसर्जन यात्रा होगी। बैठक में महामंत्री प्रदीप रस्तोगी, डॉ. संजय कुमार रस्तोगी, नितिन सिंघल, रामू रस्तोगी, भास्कर देशमुख, महेंद्र रस्तोगी, अंकित गुप्ता, नितिन शर्मा, नवल चंद्र, संजीव रस्तोगी आदि सर्राफा कमेटी के लोग मौजूद रहे।

### डिवाइडर पर चढ़ी बेकाबू बस, बड़ा हादसा टला

**रामपुर, अमृत विचार :** बिलासपुर गेट के पास बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी को नुकसान नहीं पहुंचा। वरना बड़ा हादसा हो सकता था। अमरोहा डिपो की बस दोपहर के समय सवारी लेकर बिलासपुर जा रही थी। बिलासपुर गेट के पास बस अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। इस दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। गंज इंस्पेक्टर विजयपाल सिंह ने बताया कि बस डिवाइडर पर चढ़ने की सूचना मिली थी। इसमें कोई घायल नहीं हुआ है।

### टेंपो पलटने से युवक घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** धमोरा चौकी क्षेत्र में चालक की लापरवाही से टेंपो पलट गया। इसमें एक युवक घायल हो गया। रविवार की रात शहजादनगर थाना क्षेत्र के नियामत नगर निवासी हरीश अपने परिवार के साथ टेंपो में सवार होकर रेलवे स्टेशन आ रहा था। धमोरा के पास ट्रक से बचने के चक्कर में टेंपो सड़क किनारे पलट गया। इसमें हरीश घायल हो गया। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। परिजन चालक को भी अस्पताल ले गया। उससे इलाज का मांगने पर हंगामा हो गया। दोनों पक्षों में मारपीट भी हुई।

### युवक की चंडीगढ़ में मौत

**भोट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के किसरौल गांव निवासी लईक अहमद हरियाणा के चंडीगढ़ में बढ़ई का काम करता था। परिजनों ने बताया कि रविवार की सुबह चंडीगढ़ में ही काम करते समय अचानक उसकी तबियत खराब हो गई। इस पर उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेने चंडीगढ़ रवाना हो गए हैं।

# यह काफिला तो हुसैन का है, हुसैन इनमें मगर कहां हैं ...

## शहीदाने कर्बला के चेहल्लुम पर निकला जरीह का जुलूस, अजादारों ने किया मातम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहीदाने कर्बला के चेहल्लुम पर जरीह का जुलूस सीआरपी कैंपस होते हुए आगापुर स्थित कर्बला पहुंचा। कर्बला में ताजिए सुपुर्द-ए-खाक किए गए। रास्ते में अंजुमनों ने नोहाख्वानी की। कर्बला में अंजुमन सिपाहे हुसैनी के तत्वावधान में हुई मजलिस को लखनऊ से आए मौलाना सैयद हैदर अब्बास रिजवी ने खिताब किया। मजलिस के बाद 18बनी हाशिम के ताबूत बरामद हुए। इससे पहले अजादारों ने अलम के जुलूस में छुरियों से मातम किया। कर्बला में अकीदतमंदों ने जगह-जगह ठंडे पानी और चाय की छबीलें लगाईं। इसके अलावा कर्बला में जगह-जगह अजादारों ने लंगर तकसीम किया। सुरक्षा के लिए भारी संख्या में पुलिस तैनात रही।

मोहल्ला गुइया तालाब स्थित मकबरा जनाबे आलिया से सुबह 7 बजे जरीह का जुलूस निकला।


जरीह के जुलूस में नोहाख्वानी करती अंजुमन। ● अमृत विचार

● **जुलूस के साथ भारी संख्या में तैनात रहा पुलिस बल**

जो मुख्य जुलूस में शामिल हुआ। मुख्य जुलूस मोहल्ला लाल कबर स्थित इमामबाड़ा मोहम्मद जफर बेग से सुबह 8 बजे निकला। जो मकबरे से निकले जरीह के जुलूस शामिल हुआ। जरीह का जुलूस इमामबाड़ा कोठी खासबाग गेट पहुंचा। इसमें इमामबाड़ा मंझले साहब बहादुर और इमामबाड़ा खासबाग से जरीह का जुलूस शामिल हुआ।

इस दौरान पूर्व सांसद बेगम नूरबानो, बेगम शाहबानो, नवाब हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां मौजूद रहे। मुख्य जुलूस हाईवे, सीआरपीएफ कैंपस होते हुए आगापुर स्थित कर्बला पहुंचा। जुलूस में असलम महमूद और इफ्तेखार महमूद ने नोहा पढ़ा- लुटी हुई सी हैं बीबियां कुछ, के इनका सरदार नातवां हैं, ये काफिला तो हुसैन का है, हुसैन इनमें मगर कहां हैं। अब्बास अल्वी ने भी नोहख्वानी की। इसके बाद जरीह का जुलूस पक्की कर्बला पहुंचा। यहां अजादारों ने मातम किया। अलम का जुलूस कर्बला रोड से निकला, इसमें असलम महमूद और इफ्तेखार महमूद ने नोहाख्वानी की। जुलूस कच्ची कर्बला में दाखिल होने से पहले अजादारों ने छुरियों का मातम किया।


आगापुर स्थित कर्बला में छुरियों का मातम करते अजादार। ● अमृत विचार

जुलूस में मौलाना अली मोहम्मद नकवी, चांद मियां, सलीम हैदर जैदी, वसीम हैदर जैदी, अली हैदर जैदी, मिर्जा मुज्तबा अली बेग, शान जैदी,राशिद हिलाल, इरफान जैदी, शौजी जैदी, मसूद जैदी, लकी जैदी, हनी जैदी, कमल रिजवी, सैयद मोहम्मद अली जैदी, मिनहाल रिजवी, फिरोज हैदर, आरिफ हुसैन, मंसूर मियां, अब्बास हैदर, साजिद अली आदि अकीदतमंद मौजूद रहे।


चेहल्लुम के जुलूस में शामिल ताजिये। ● अमृत विचार

# ढोल ताशे के साथ निकाला गया चेहल्लुम का जुलूस

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** सोमवार की दोपहर चेहल्लुम का जुलूस ढोल ताशे के साथ निकाला गया। ताजिये बड़ी मस्जिद पर एकत्र किए गए। इसके बाद जुलूस जयाप्रदा चौक, कादरी मोहल्ला, जोशियान मोहल्ला, माजरा मोहल्ला एवं छितौनी रोड से होते हुए अकबरपुर रोड स्थित कर्बला पर पहुंचकर संपन्न हुआ।

सुरक्षा के लिए सीओ संगम कुमार, एसडीएम सुनील कुमार एवं थाना प्रभारी महेंद्रपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। कर्बला पर फातिहा ख्वानी हुई। जगह-जगह लोगों ने स्टॉल लगाकर लोगों को शर्बत पिलाई। ताजियों के जुलूस में फहीम अहमद, सईद अख्तर अंसारी, शाहिद हुसैन, महबूब अली, अख्तर अली डीलर, शमसुल अंसारी, कर्बला कमेटी से यूसुफ, रियाज वारसी के अलावा हजारों की संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

## झाड़ियों में मिला अज्ञात महिला का शव

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नगर के बाजार में झाड़ियों में महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

रविवार की देर रात पुलिस को सूचना मिली के केमरी मार्ग स्थित शनिवार के बाजार स्थित झाड़ियों में महिला का शव पड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में ले लिया। इसके बाद घटना स्थल पर मौजूद लोगों से महिला की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। मगर काफी कोशिश के बावजूद उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। इस पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि महिला की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। उसकी उम्र करीब 50 वर्ष है। आसपास के थानों से भी संपर्क किया गया है।


ढकिया स्थित गोशाला में जन्माष्टमी पर गोवंश की पूजा करतीं ग्राम प्रधान पूजा वर्मा व उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अश्विनी कुमार। ● अमृत विचार

# गोशालाओं में मनाई जन्माष्टमी गोवंश को लगाया गया भोग

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व गोशाला में भी मनाया गया। तिलक लगाकर गोवंश की पूजा की और उन्हें खीर-पूड़ी, गुड़ आदि का भोग लगाया।

ढकिया स्थित गोशाला में ग्राम प्रधान पूजा वर्मा एवं शिशुपाल सिंह, ऊंचा गांव में प्रधान के पुत्र कृष्ण कुमार व पौत्र शिखर और किरा गोशाला में प्रधान के प्रतिनिधि राजेंद्र कुमार ने गोपूजन किया। ढकिया और ऊंचा गांव की गोशाला में उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार और किरा की गोशाला में डॉ. जावेश कुमार गोपूजन में शामिल रहे।

## कराटे में 4 वर्षीय शिवांश ने जीता रजत पदक

**बिलासपुर, अमृत विचार :** उत्तराखंड में आयोजित ओपन नॉर्थ इंडिया कराटे चैंपियनशिप में नगर के नर्चर-दी-एलिमेंट्री स्कूल के 4 वर्षीय शिवांश सक्सेना ने रजत पदक जीता।

विद्यालय के प्रबंधक सुमिल अग्रवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के अलग-अलग विद्यालयों के छह खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में शिवांश ने उत्तराखंड के खिलाड़ी को भारी अंतर से हरा कर रजत पदक जीता। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों में वह सबसे कम उम्र के खिलाड़ी रहे।

7 वर्ष आयु वर्ग में अथर्व सिंघल ने रजत और अव्यांश ने कांस्य पदक जीता। प्रबधंक ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर रोहित सक्सेना भी मौजूद रहे।


पंचायत में शामिल भाकियू से जुड़े किसान। ● अमृत विचार

# एनएचएआई के अधिकारियों पर मुआवजा हड़पने का आरोप

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** सोमवार को ढकिया गांव में भाकियू भानु गुट की पंचायत हुई। इसमें वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद आकिल खान ने आरोप लगाया कि एनएचएआई के अधिकारी भ्रष्टाचार फैला रहे हैं।

उनका कहना था कि रामपुर से रुद्रपुर तक सड़क निर्माण अधूरा है। इतना ही नहीं, जमीनों के मुआवजे का भी गबन कर लिया है। उन्होंने गुरुवार से एनएचएआई के खिलाफ आंदोलन करने का ऐलान किया। कहा कि बुधवार को प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी के नेतृत्व में बिलासपुर के एसडीएम एवं सीओ की अध्यक्षता में इन सब अधिकारियों की बैठक होगी। इसमें सही जवाब न मिलने पर आंदोलन किया जाएगा। पंचायत में अमरपाल सिंह यादव, झंडू सिंह यादव, वि आरिफ खान, शाहरुख, अतर सिंह पाल, विद्याराम पाल आदि मौजूद रहे।

## पीएचसी में तोड़फोड़ की 24 घंटे बाद भी दर्ज नहीं की रिपोर्ट

**मसवासी, अमृत विचार:** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने 24 घंटे बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

सुल्तानपुर-पट्टी मुख्य मार्ग के किनारे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है। रविवार को शरारती तत्वों ने स्टोर रूम का ताला तोड़कर उत्पात मचाया था। आरोपी बीपी और शुगर मापने की मशीनों भी चुरा कर ले गए थे। घटना की जानकारी रविवार की सुबह हुई। फार्मासिस्ट हरीश चंद्र अधिकारी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन, 24 घंटे बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। चौकी प्रभारी मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई हैं। इसमें आरोपी की पहचान नहीं हो पा रही है। मामले की जांच की जा रही है।

# धूमधाम से मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** नगर के विभिन्न मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर भगवान श्रीकृष्ण की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भोग लगाया।

नगर के मोहल्ला साहूकारा स्थित श्री सनातन धर्म बड़ा मंदिर, माता पीतांबरा देवी मंदिर, माता महाकाली मंदिर, मोहल्ला पंजाबी कालोनी स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर, रामपुर रोड स्थित शिव मंदिर, लक्ष्मीनगर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, डाम कालोनी स्थित मां दुर्गा पंचायती राज भवानी मंदिर, श्री शिव शीतला माता मंदिर आदि में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर सुबह से ही श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना करनी शुरू कर दी थी। यह सिलसिला रात 12 बजे तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने रात 12 बजते ही भगवान श्री कृष्ण को माखन, मिश्री का भोग लगाया। इसके बाद लड्डू गोपाल को पालना झुलाने के लिए मंदिरों में देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

मंदिरों में भक्तों ने प्रकट भयो नंदलाला, हाथी-घोड़ा पालकी-जय कन्हैया लाल की, नंद के घर आनंद भयो-जय कन्हैया लाल की आदि जयकारे लगाए। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण, राधा, सुदामा आदि झांकियां प्रस्तुत कीं।

इस मौके पर नगर पालिका के अध्यक्ष चित्रक मित्तल, पंडित अयोध्या प्रसाद पाठक, योगेश कुमार अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, पंडित राम मनोहर पाठक, पंडित शुभम पाठक, महंत रविराज स्वरूप भटनागर, महेंद्र सागर, मिंटू यादव, चेतन पारुथी, अनिल मदान, सुनील मदान आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### जन्माष्टमी पर राधा-कृष्ण के स्वरूप में सजे बच्चे

**रामपुर, अमृत विचार :** आगापुर की अशोक बिहार कालोनी में जन्माष्टमी के अवसर पर कार्यक्रम किए गए। इसमें छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण के रूप में झांकी प्रस्तुत कीं। मंदिरों व घरों में भी जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। रात 12 बजे भगवान श्री कृष्ण की आरती कर भोग व प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिरों और घरों पर बच्चों को श्रीकृष्ण व राधा के रूप में सजाया गया।


राधा-कृष्णा के रूप में सजे बच्चे।


राधा-कृष्ण के स्वरूप में सजे नन्हे-मुन्ने। ● अमृत विचार

## कर्म करने पर अधिक बल देते थे श्री कृष्ण

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** संघ संचालक गुरुदेव नरेश मुनि महाराज के आज्ञानूवर्ती वात्सल्यनिधि गुरुदेव नरेंद्र मुनि महाराज ने प्रवचनों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के गुणों से रूबरू कराया।

सोमवार को वह एसएस जैन स्थानक सभा में प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने श्री कृष्ण के गुणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री कृष्ण कर्मयोगी थे। वह कर्म करने पर अधिक बल देते थे। उनके अंदर विनम्रता का गुण था। वह मातृभक्त थे। भगवान श्री कृष्ण मुस्कान के साथ गंभीर व मीठी वाणी बोलने वाले तथा सबको प्रेम करने वाले इत्यादिक अनेक गुणों से संपन्न थे।

कार्यक्रम के दौरान सेवामूर्ति जयंत मुनि महाराज के नेतृत्व में श्री कृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें नन्हे-मुन्ने बच्चे बाल कृष्ण की वेशभूषा में मौजूद रहे। प्रवचन सभा में बड़ी संख्या में तिकुनिआ, बड़ौत, रुद्रपुर व स्थानीय श्रद्धालु भी मौजूद रहे।

# तीज कपल में कविता व विजय रहे प्रथम

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** भारत विकास परिषद ने सोमवार को तीज एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया। इसमें बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। तीज कपल का प्रथम पुरस्कार कविता और विजय खुराना ने जीता।

नगर के एक होटल में सोमवार को भारत विकास परिषद शाखा ने तीज एवं जन्माष्टमी महोत्सव मनाया। कार्यक्रम में शाखा के सदस्यों के बच्चों ने जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में सुंदर प्रस्तुति प्रस्तुत की। सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित और वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शाखा के सचिव सपन अग्रवाल ने शाखा द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी। संरक्षक राजेश सैनी ने बच्चों द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों में पौराणिक ऐतिहासिक जानकारी मिलने पर भी खुशी जाहिर की। तीज कपल का प्रथम पुरस्कार कविता खुराना विजय खुराना ने जीता। अंत में शाखा अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।


सांकृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं युवतियां। ● अमृत विचार

● **भारत विकास परिषद ने सोमवार को तीज एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी का महोत्सव मनाया**

इस मौके पर नगर पालिका के अध्यक्ष चित्रक मित्तल, अनिल मदान, राजीव गोयल, सुदर्शन मदान, नवीन जैन, सचिन अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अतिन अग्रवाल, अमित अग्रवाल, दीपक गुप्ता, सुनील जैन, संचित अग्रवाल, करुणा अग्रवाल, जूही अग्रवाल, सोनल अग्रवाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भारती अग्रवाल व प्रेक्षा अग्रवाल ने किया।


अरशद अली के घर दुआ करते तौकीर आलम व अन्य। ● अमृत विचार

# अरशद के घर पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव, शोक जताया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव अरशद अली खां के निधन पर कांग्रेसी नेताओं का आना जाना लगा है।

सोमवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम अरशद अली के घर पहुंचे। कहा कि अरशद खां के निधन से कांग्रेस को काफी नुकसान हुआ। वह कांग्रेस के सच्चे सिपाही थे। वह आखिरी दम तक कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाते रहे। उन्होंने अरशद के परिजनों से मिलकर शोक जताया।

इस अवसर पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र देव गुप्ता, पूर्व विधायक अफरोज अली खां, बरेली के जिला अध्यक्ष अशफाक सक्लेनी, मुतिउर्रहमान खां बब्लू, नोमान खां, निक्कू पंडित, आरिफ अल्वी, आसिफ खां आदि मौजूद रहे।

श्रावणी पर्व | आर्य समाज पट्टी टोला में श्रावणी पर्व उपकर्म का प्रात : यज्ञ से हुआ शुभारंभ

# जिंदगी और कुछ नहीं बुलबुला है पानी का ...

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** महाराज स्वामी अखिल आनंद सरस्वती ने जीवन एक पिंजरा है पंछी सैलानी है, जिंदगी और कुछ नहीं बुलबुला है पानी का भजन सुनाकर मन मोह लिया।

आर्य समाज पट्टी टोला में श्रावणी पर्व उपकर्म का यज्ञ से शुभारंभ हुआ। यज्ञ के ब्रह्मा आर्य समाज के धर्माचार्य बृजेश शास्त्री एवं मुख्य यजमान आर्य समाज के मंत्री मनोज कुमार पत्नी के साथ रहे। भू-संपत्ति मंत्री राजीव रस्तोगी, सुभाष चंद्र रस्तोगी एवं प्रधान मुकेश आर्य सपत्नी यजमान रहे। बृजेश कुमार शास्त्री ने वेद मित्रों का उच्चारण किया। गुरुकुल पुष्पावती पुट बृजघाट से आए स्वामी अखिल आनंद सरस्वती ने यज्ञ की विशेषताएं बताईं। यज्ञ संपन्न करते हुए वैदिक प्रार्थना की।


हवन में आहुति देते यजमान। ● अमृत विचार

यज्ञ के बाद वैदिक सत्संग के माध्यम से पंडित ऊधम सिंह शास्त्री ने मधुर भजन सुनाए। स्वामी अखिलानंद सरस्वती ने श्रावण माह के बारे में चर्चा करते हुए गुरु शिष्य परंपरा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मानव के ऊपर तीन ऋण होते हैं। एक देवऋण, दूसरा पितृ ऋण और तीसरा

● **मानव पर होते हैं देव, पितृ और ऋषि ऋण, इन्हें कभी न भूलें**

ऋषि ऋण। इन्हें जीवन में कभी नहीं भूलना चाहिए। आर्य समाज के प्रधान मुकेश आर्य ने कहा कि घर के बालक अगर अपने दादा-दादी के पास 20 मिनट बैठ जाएं तो मोबाइल से अधिक अनुभव की बातें मिलेंगी। पितृ सेवा से संस्कार के साथ आशीर्वाद भी मिलता है।

कार्यक्रम में रचित आर्य, कौशल्या नंदन, धर्मवीर आर्य, प्रकाश वीर, ऋषि राज आर्य, असित रस्तोगी, निखिल आर्य, सुभाष चंद्र रस्तोगी, अनिल वर्मा, नितिन आर्य, योगेश आर्य, दुर्गेश रस्तोगी, शशि आर्य, सलोनी आर्य, मीनू आर्य, कोमल आर्य आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता रवि प्रकाश आर्य व संचालन मनोज कुमार आर्य ने किया।


युवाओं को नियुक्ति पत्र देते डॉ. शादाब खान। ● अमृत विचार

# 46 अभ्यर्थी चुने गए वेलनेस एडवाइजर और प्रबंधक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रोजगार संगम पोर्टल के माध्यम से मदीहा एजुकेशन वेलफेयर सोसाईटी ग्रामीण कौशल विकास केन्द्र सैजनी नानकार में सोमवार को प्रातः 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इसमें 46 अभ्यर्थियों का वेलनेस एडवाइजर और प्रबंधक पदों पर चयन किया गया।

रोजगार मेले का संचालन एमआईएमटी के चेयरमैन डॉ. शादाब खान ने किया। उन्होंने अभ्यर्थियों की प्री-कॅरियर काउन्सलिंग भी की। सुझाव दिया कि बदलते समय में सिर्फ पारम्परिक शिक्षा ही पर्याप्त नहीं है। हमें नवीनतम कौशल और ज्ञान को भी अपनाना होगा।

जिला सेवायोजन अधिकारी अभिषेक पंत ने कहा कि अच्छी शिक्षा के साथ सही कौशल का होना ही अच्छी नौकरी दिला सकता है और कॅरियर को ऊंचाईयों तक पहुंचा सकता है। रोजगार मेले में 92 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया।

क्षिप्रं विजानाति चिरं शृणोति विज्ञाय चार्थं भते न कामात्।
नासम्पृष्टो व्युपयुङ्क्ते परार्थे तत् प्रज्ञानं प्रथमं पण्डितस्य ॥

ज्ञानी लोग किसी भी विषय को शीघ्र समझ लेते हैं, लेकिन उसे धैर्यपूर्वक देर तक सुनते रहते हैं। किसी भी कार्य को कर्तव्य समझकर करते हैं, कामना समझकर नहीं और व्यर्थ किसी के विषय में बात नहीं करते।

## संपादकीय

# रक्षा सहयोग को बढ़ावा

रक्षा उद्योग और तकनीकी सहयोग में भारत-अमेरिका के बीच साझेदारी मौजूदा समय में भू-राजनीति और भू-अर्थव्यवस्था के कई पहलुओं को उजागर करती है। पिछले दो दशकों में रक्षा सहयोग का मुद्दा भारत और अमेरिका के व्यापक द्विपक्षीय संबंधों के केंद्र में रहा है। दोनों देश यह मानते हैं कि पहले दो दशकों की तुलना में आने वाले समय में अलग चुनौतियों का सामना करना होगा, जिसके लिए समय के साथ बदलाव के लिए तैयार रहना होगा और अतीत में जो बाधाएं मौजूद रहीं, उन पर काबू पाने की जरूरत होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हाल में अमेरिका दौरे के बीच दोनों देशों के बीच एक अहम रक्षा सौदा हुआ है। सौदे से भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ेगी। भारत की बदलती विदेश रणनीति देखिए कि जिस वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूक्रेन यात्रा पर थे, उसी दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह अमेरिका के साथ रक्षा समझौते कर रहे थे। इससे चीन जैसे दुश्मन हैरान हैं।

भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग की शुरुआत शीत युद्ध के बाद 1990 के दशक के मध्य में हुई थी और 21वीं सदी के पहले दशक में द्विपक्षीय रक्षा संबंधों में तेज़ी से प्रगति हुई। कुछ क्षेत्रों में मतभेदों के बावजूद, बढ़ते रक्षा और सुरक्षा संबंधों में एक चीज समान रही है कि पहले इनके केंद्र में हिंद महासागर था और बाद में पूरा हिंद-प्रशांत क्षेत्र इसमें शामिल हो गया है। ताजा समझौते में भी हिंद प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने पर अधिक जोर है। भारत और अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाते हुए इसे व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी में बदलने के फैसले से भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ावा और इसे अधिक मजबूती मिलेगी। यानि एसओएसए के माध्यम से भारत और अमेरिका राष्ट्रीय रक्षा को बढ़ावा देने वाली वस्तुओं और सेवाओं के लिए पारस्परिक प्राथमिकता समर्थन प्रदान करने पर सहमत हुए हैं। महत्वपूर्ण है कि अमेरिका की प्रमुख रक्षा कंपनियां मेक इन इंडिया के तहत रक्षा उत्पादन करेंगी। चूंकि 2047 से पहले विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करना है। इसके लिए भारत-अमेरिका के बीच रक्षा प्रौद्योगिकी में सहयोग का पूरी तरह लाभ उठाने के लिए, अमेरिकी एजेंसियों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सहयोग से जुड़े वादों को पूरा करने के लिए एक निश्चित समय सीमा के भीतर ठोस कदम उठाने होंगे। दूसरी ओर भारत को अपने रक्षा प्रौद्योगिक कार्यक्रमों और तंत्र में महत्वपूर्ण सुधार के लिए अपने प्रयासों में तेजी लाने की जरूरत है।

# जन समुदायों की स्थापत्य विरासत का संरक्षण कब



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार, रोहतक

सन 1861 से लेकर अब तक के कार्य के दृष्टिगत लिस्टेड मॉन्युमेंट्स एंड प्रोटेक्टिव साइट्स की सूची और प्राथमिकताओं को देखा जाए तो कस्बाई इलाकों और ग्राम्यांचलों में मौजूद गौण धरोहर की लिस्टिंग और देख–भाल का कार्य लगभग उपेक्षित रहा है।

सदियों से उपेक्षित भारत की वास्तु, स्थापत्य और ललित कलाओं से संबद्ध मूर्त धरोहर के अवशेषों की लिस्टिंग और संरक्षण को लेकर ब्रिटिश इंडिया में अंग्रेज़ अधिकारियों ने सन 1860 के बाद से ध्यान देना शुरू किया था। इसके अंतर्गत सर एलेग्जेंडर कन्निंघम की रहनुमाई में इस काम को सिलसिलेवार करने के लिए आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की स्थापना हुई। सर्वे विभाग की एनुअल रिपोर्ट्स और रिपोर्ट्स ऑफ़ टूअर्स की अनेक वॉल्यूम्स में केवल बड़ी और राष्ट्रीय महत्व की वास्तु धरोहरों पर ध्यान दिया गया जिनकी सूची अब 3500 के आसपास है। इनके अलावा देश में ऐसे स्थल बहुत हैं जिन्हें संरक्षित और असंरक्षित की श्रेणी में रखने के बावजूद ये अभी तक अवशेषों के रूप में बिखरे पड़े हैं। बहुत स्थल ऐसे हैं जो जनसमुदायों की मिलकियत हैं या मिलकियत विहीन हैं। असंरक्षित होने की वजह से ही मूर्त धरोहर की चोरी और स्मगलिंग होती है।

द आर्मी ऑफद ईस्ट इंडिया कंपनी की जरूरतों के मद्देनज़र मुक़र्रर किए गए सर्वे तकनीक में दक्ष मेजर जेम्स रैन्नेल से लेकर मेजर जनरल सर एलेग्जेंडर कन्निग्हम और जॉन मार्शल तक की लीजेंडरी गाइडेंस के अंतर्गत देश के अधिकांश इलाकों में सन 1793 के बाद महत्वपूर्ण पुराधरोहर को चिह्नित और प्रकाशित करने का काम शुरू हुआ। मेजर रेन्नेल ने पहली बार सन 1793 में मेमायर ऑफ़ ए मैप ऑफ़ हिंदुस्तान प्रकाशित किया जिसमें बंगाल प्रोविंस की सर्वे रिपोर्ट में रंगीन नक्शों का प्रकाशन हुआ। ईस्ट इंडिया कंपनी और ब्रिटिश इंडिया के विद्वान अंग्रेज़ प्रशासकों को भारत की स्थापत्य विरासत और अलंकरण शैलियों की विविधता चकित करती थी। ऐसे स्थलों पर मौजूद विरासत को चिह्नित करने और स्थानीय जनों की मदद से जानकारी जुटाकर, जांच करके अकादमीय स्तर के लेख कैलकटा रिव्यु, कैलकटा मैगज़ीन, द एशियाटिक जर्नल, द कैलकटा गज़ट, इंडियन एंटिक्वेरी और जर्नल ऑफ़ द एशियाटिक सोसाइटी ऑफ़ बंगाल में अंग्रेज़ और भारतीय व्द्वाज्ज्नों ने बहुत लेख प्रकाशित किये थे। इनकी बिब्लियोमीट्रिक स्टडीज करने की जरूरत बहुत समय से महसूस की जा रही है। उपेक्षित जानकार ब्रिटिश प्रशासकों ने भारतीयों की इच्छा जाने बिना, अनुमति लिए बिना

ब्रिटिश राज के समय में भारतीय विद्वानों द्वारा किए गए डॉक्यूमेंटेशन कार्य की नींव पर भारत के इतिहास एवं पुरावेत्ताओं का अधिकांश आधुनिक स्कॉलरली कार्य टिका रहता है।

हज़ारों कलाकृतियां ब्रिटिश म्यूजियम और इंडिया हाउस में भेज दीं ठान लेकिन अमरावती स्तूप स्थल के इर्द-गिर्द बिखरे हुए उत्कृष्ट रूप से अलंकृत किए गए 121 स्कल्पचर्स और परिक्रमा स्तंभों को लंदन में ब्रिटिश म्यूजियम भेज दिया गया। बाकी के भेजे जाने के समय भारतीयों की आपत्ति के मद्देनज़र इन्हें मद्रास पोर्ट तक नहीं पहुंचने दिया गया और वे आज भी फोर्ट सैंट जॉर्ज के तहखाने में रखे हुए हैं। अमरावती स्तूप की कथा आर्ट हिस्टोरियन जेनिफर होज़ ने विस्तार से, प्रमाण सहित लिखी है।

ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रभाव के विस्तार के दिनों में भारत में विजित प्रदेशों के राजघरानों के कीमती सामान जैसे कि कलात्मक टेक्सटाइल्स, पेंटिंग्स और आर्ट वर्क, कीमती शस्त्र, वार मटेरियल, पात्र, संग्रहणीय अनोखी वस्तुएं, और पुस्तकालय की पांडुलिपियां तक लंदन में इंडिया हाउस, ब्रिटिश म्यूजियम और ब्रिटिश लाइब्रेरी में भेज दी थीं। इस बारे में सबाल्टर्न पर्सपेक्टिव को चेक करने की जरूरत महसूस नहीं की गई और बड़े स्तर पर ब्रिटिश लीगेसी को ही हम फॉलो करते रहे। लिट्रेरी वर्क्स को कलकत्ता में फोर्ट सैंट विलियम में भेजा गया। जनसमुदायों की स्थापत्य और सांस्कृतिक धरोहरों को गौण समझ कर सीमांत पर ही छोड़ दिया गया है।

सन 1861 से लेकर अब तक के कार्य के दृष्टिगत लिस्टेड मॉन्युमेंट्स एंड प्रोटेक्टिव साइट्स की सूची और प्राथमिकताओं को देखा जाए तो कस्बाई इलाकों और ग्राम्यांचलों में मौजूद गौण धरोहर की लिस्टिंग और देख-भाल का कार्य लगभग उपेक्षित रहा है। बज़ट और दक्ष मानव संसाधन को बढ़ाए बिना, विश्वविद्यालयों से कोलैबोरेशन, वैज्ञानिक रिसोर्सेज में बढ़ोतरी किए बिना न तो इस काम की वॉल्यूम को समझा जा सकता है और न ही क्वालिटी कंट्रोल के लिए साइंटिफिक इंटरवेंशन की जा सकती है। इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटेक) संस्था ने चैप्टर्स-नेटवर्क की मार्फ़त देश की असूचीबद्ध गौण धरोहर और साइट्स की मैपिंग का कुछ काम किया है। ऐसी उपेक्षित धरोहरों की संख्या 50 लाख से अधिक होने का अनुमान है जिसके लिए कम्युनिटी लेवल पर काम करने के तौर तरीके तय करने होंगे। अभी 10 प्रतिशत गौण धरोहर को भी सूचीबद्ध नहीं किया जा सका है। कस्बाई क्षेत्रों और ग्रामांचलों में काम करने के लिए वैध तरीके विकसित करने के लिए सन 2014 में ड्राफ्ट-लॉज बन कर तैयार थे लेकिन विमर्श से आगे बात नहीं खिसकी।

सन 1843 से लेकर 1940 तक किए गए भारत संबंधी पुरातात्विक और अन्य सांस्कृतिक-वैज्ञानिक अध्ययनों-एंथ्रोपोलॉजिकल, एथनोग्राफ़िक, टेक्सटाइल्स, पारंपरिक इंडस्ट्री, आयुर्विज्ञान एवं इंडिजेनस मेडिसिन, वानस्पतिक संपदा, इकॉनोमिकली यूजफुल प्रोडक्ट्स, खनिज, जल, जियोग्राफी और मौसम, कार्टोग्राफी, मृदा, पशु और वाइल्ड लाइफ एवं रेलवेज, के सर्वे हेतु स्थापित महकमों के कार्य से बहुत जानकारी जुटाई गई। उस समय ऐसे कॉन्सेप्ट्स से अपरिचित भारतीयों ने इन नए महकमों द्वारा संकलित की जाने वाली जानकारी को इकट्ठा करने में सहयोग दिया था। नए ज्ञान का सृजनकार्य अधिकांश अंग्रेजी भाषा में किया गया। निसंदेह इससे भारत में ब्रिटिश एम्पायर मजबूत हुई परंतु संबंधित क्षेत्रों की मैपिंग और डॉक्यूमेंटेशन होने से बहुत कुछ ऐसा बचाया जा सका जो क्षतिग्रस्त और लुप्त हो सकता था। कंप्यूटर एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी से इन विषयों में नॉलेज रिसोर्सेज का डिजिटलायिज़ेशन किए जाने से इनफार्मेशन एक्सेस और शेयरिंग त्वरित हुई जिससे कार्य योजना तैयार करने और इसके निष्पादन में श्रम और समय की बचत है। ब्रिटिश राज के समय में भारतीय विद्वानों द्वारा किए गए डॉक्यूमेंटेशन कार्य की नींव पर भारत के इतिहास एवं पुरावेत्ताओं का अधिकांश आधुनिक स्कॉलरली कार्य टिका रहता है। इसमें नए कंटेंट के जुड़ने से समझ में इजाफा हुआ है क्योंकि कुछेक बिन्दुओं पर नई दृष्टि से आख्यान पेश किए गए। ज्ञात स्रोतों को ध्यान में रख कर निर्मित किए गए ऐसे बहुसंख्य टेक्स्ट और नैरेटिव भारत के उस इलीट वर्ग ने प्रोड्यूस किए जो विदेशी विश्व विद्यालयों में कॉलोलियल हिस्ट्री में रोमांस और रोमांच ढूंढता नज़र आता है। दशकों के निजी स्वामित्व की कस्बाई और ग्राम्यांचल की वास्तु-स्थापत्य धरोहर बौद्धिक स्तर के आख्यान लिए इसीलिए अनुपलब्ध है। मुश्किल यह कि संबंद्ध विषयों के उद्भट अध्येताओं को विदेशी विश्वविद्यालय अपनी ओर खींच लेते हैं जिससे सबाल्टर्न या गौण समझ ली गई धरोहर की इच्छा को मूर्त रूप नहीं मिल पाता। उच्च शिक्षण एवं शोधकार्य के लिए प्राइवेट सेक्टर को ऐसा करने की सीमित अनुमति है और राज्य एवं केंद्र सरकार के महकमों में अकादमीय और तकनीकी रूप से क्षमतावान उपलब्ध स्टाफ वर्तमान में वर्क लोड झेल नहीं पा रहा है। सिन्धु-हड़प्पा कालीन पुरातत्व अध्ययन के मामले में हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्र को लेकर उत्कृष्ट अध्ययन मौजूद हैं। लेकिन इस क्षेत्र की कल्चरल हिस्ट्री से संबधित अध्ययन के नैरेटिव कमज़ोर हैं। इंटरप्रिटेशन्स भी गंभीर और आख्यात्मक नहीं है। उत्तर-पश्चिमी भारत की सबाल्टर्न हिस्ट्री, कल्चर और टेंजिबल हेरिटेज के बारे में उच्च स्तर की शोध सामग्री का अभाव होने से नए शोधकर्ता अकसर परेशान नज़र आते हैं और मजबूर होकर ऑक्सफ़ोर्ड, कैंब्रिज और अमेरिकल स्कॉलर्स के भारत अध्ययनों को ही संदर्भ के तौर से थीसिस वर्क में पेश करते हैं। पश्चिमी भारत में पानी के पारंपरिक टिकाऊ निर्माण जैसेकि कुएं, कुंड, बावड़ी और चिनाई वाले पक्के तालाब, भवन अलंकरण की पारंपरिक शैली, वास्तु एवं स्थापत्य, कॉस्ट्यूम, श्रृंगार सामग्री, खान-पान और कलावंतों के कौशल पर उड़ती सी नज़र डालने वाले अधिकांश शोधपत्र प्रिडेटरी जर्नल्स में प्रकाशित होने लगे हैं जिमका विद्वत्त समीक्षा मैकेनिज्म निम्न स्तर का है। विषयों में ऑब्जेक्ट्स को लेकर प्रस्तुत अध्ययनों की सोशियोलॉजी और इकोनॉमिक्स, स्किल्स लेवल्स एवं इनके परिवेशी रिश्तों के बारे में बारीकी से जानकारियां दर्ज नहीं की जातीं क्योंकि शोधार्थी में अंतर्विद्यावर्ती सोच नहीं है। पश्चिमी जगत के पुरावेत्ताओं के भारत संबंधी अध्ययन चकित करते हैं क्योंकि उनके विश्वविद्यालयों के प्योर साइंसेज और समाज विज्ञान के टीचर्स रिसर्च पार्टनर्स होते हैं।

## प्रसंगवश

# अव्वल प्रेमयोगी



दीपाली अग्रवाल
नई दिल्ली

कृष्ण को सिर्फ महसूस किया जा सकता है, भीतर उतारा जा सकता है। कृष्ण को समझा भी नहीं जा सकता, अनुभूत ही किया जा सकेगा बस, तब शायद धीरे-धीरे समझ भी आएं। श्रीमद्भागवत या गीता किसी को भी पढ़ने का कोई अर्थ नहीं है, अगर कृष्ण को जान ही न सके, भीतर न समेट सके। कृष्ण को अनुभव करने का गहरा सूत्र अनासक्ति है, पूरी गीता का सार एक शब्द में सिमटता है। ठीक वैसे ही जैसे सारे गुणों का अर्थ कृष्ण स्वयं हैं सारी कलाओं के योग उनकी लीला और उनके पूरे जीवन का सार है प्रेम, प्रेम और मोह के अंतर को स्पष्ट करते हैं मोहन। जो मोह होता तो वे गोकुल से दूर कभी द्वारिका न जा बसते। द्वारिकाधीश जीवनपर्यन्त वृन्दावन नहीं लौटे थे, गोकुल नहीं पहुंचे। वे अपने महल में पहुंच गोपियों की पीड़ा तो समझते हैं, उद्धव के हाथ संदेश भेजते हैं पर ख़ुद नहीं जाते। वे कर्मयोगी हैं, ज्ञानयोगी भी उससे अव्वल प्रेमयोगी। वे माता-पिता का कष्ट महसूस करते हैं, बचपन याद करते हैं पर लौटते नहीं, जीवन की दिशा नहीं बदलते। हम मथुरा में कृष्ण की ओर से एक पद गाते हैं कि

ऊधौ मैया ते जा कहियो, तेरौ श्याम दुख पावै/मैया कूं सुनइयो/कोई ना खवावै मोहे माखन-रोटी/जल अचरानि करावै/माखन-मिश्री नाम ना जानूं/कनुआ कहि मोहे कोई ना बुलावै-इस पद को सुन संतप्त महसूस होता है कि कृष्ण जो एक भव्य नगरी के राजा भी हैं वे दुख में हैं, वे बचपन याद करते हैं। जो एक बार निकले तो पग नहीं फेरे, वे भव्यता के बीच कैसा महसूस करते होंगे यह भाव इस पद में है। वे जो रणभूमि में मोह के विरुद्ध अनासक्ति की बात करते हैं, आत्मा के ज्ञान की बात करते हैं, सुख-दुखे समे कृत्वा का उपदेश देते हैं। जिस स्थान पर वे पैदा हुए उस के द्वार पर ही सारथी के रूप में हैं। अपने बालकाल से ही मोह को छोड़े वे जीवन की रणभूमि में योगी की तरह जीते हैं। फिर मोह को छोड़ प्रेम को अपनाने की यह प्रक्रिया अंतस से ही होगी। जीवन को कर्मयोग की समग्रता में अपनाने का संदेश जैसे कृष्ण देते हैं, उस पर कितनी ही टीकाएं हुई हों लेकिन उसे बिना जिये नहीं जाना जा सकता। कृष्ण को आत्मा के उस सोपान तक उतारे बिना नहीं जाना जा सकेगा।

# वर्चुअल संस्कृति को समर्पण चाहिए



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

वर्चुअल का लक्षण है, अस्तित्व है किंतु स्वीकृति के बिना। इससे हमें संतोष मिलता है। क्योंकि हम उसमें विश्वास नहीं करते। इससे स्वायत्तता का भ्रम पैदा होता है।

वर्चुअल में प्रत्येक घटना चाहे वह सुख की हो या दुख की। सब कुछ निर्मित है। इससे आप बच नहीं सकते। पश्चाताप प्रकट नहीं कर सकते। वर्चुअल में प्रत्येक चीज अनैतिक और संवेदनात्मक है। सिर्फ शरीर ही नहीं बल्कि इच्छाशक्ति भी संवेदनात्मक और अकस्मात की शक्ल लेती है। अभिनेता अपने अस्तित्व में विश्वास नहीं करते। फलतः वे जिम्मेदारी भी नहीं लेते। अपनी इच्छा और आकांक्षाओं का क्रमशः पालन करते हुए खुश हैं। चीजों की पीड़ादायक दुर्घटनाओं का सम्मान करते हुए खुश हैं। वे सिर्फ अस्तित्व रक्षा के खास नियमों को देखते हैं, ये वे नियम हैं जिनको पहले उन्होंने वैधता प्रदान नहीं की।

वर्चुअल का लक्षण है, अस्तित्व है किंतु स्वीकृति के बिना। इससे हमें संतोष मिलता है। क्योंकि हम उसमें विश्वास नहीं करते। इससे स्वायत्तता का भ्रम पैदा होता है। यथार्थ वैध अवैध, प्रामाणिक अप्रामाणिक के परे चला जाता है। अब वर्चुअल सत्य है सत्य वर्चुअल है। वर्चुअल को समर्पण चाहिए। अनालोचनात्मक स्वीकृति चाहिए। आज हम आजाद नहीं हैं और न हमारी इच्छाएं ही स्वतंत्र हैं। एब्सर्डिटी साफतौर पर देख सकते हैं। अमूमन ऐसी परिस्थितियों में घिरे होते हैं, ऐसे विषयों पर फैसला ले रहे होते हैं जिनके बारे में हम कुछ भी नहीं जानते या कुछ भी जानना नहीं चाहते। अन्य की शक्ति निज के जीवन को नियंत्रित कर रही है, उसका दुरूपयोग कर रही है। अब न इच्छा है और न यथार्थ ही है। कहने का तात्पर्य यह है कि वस्तुओं को पकड़ न पाने का निरंतर विभ्रम है और साथ ही यह भी विश्वास कि हम पकड़ लेंगे, समझ लेंगे। चीजों के बारे में विभ्रम और उनकी रेशनल त्रासदी हमारी बौध्दिकता के साथ मुठभेड़ कर रही है।

वर्चुअल रियलिटी में संकेत का विभ्रम खत्म हो जाता है। सिर्फ उसका आपरेशन रह जाता है। सत्य और असत्य के बीच आनंदायी अभेद, यथार्थ और संकेत के बीच का अभेद पैदा हो जाता है। हम निरंतर अर्थ पैदा कर रहे हैं। प्रासंगिक चीजें पैदा कर रहे हैं, यह जानते हुए कर रहे हैं कि ये सब कुछ नहीं बचेगा। प्रासंगिक चीजें भी एक अवस्था के बाद अप्रासंगिक हो जाएंगी। विभ्रमों को अर्थवान मानना सबसे बड़ा विभ्रम है। यह जगत के विध्वंस का प्रधान कारण है। यह तरंगों और कोड का युग है। तरंगों से जुड़ते हैं कोड से खुलते हैं। समाचार, संवाद, संपर्क, व्यापार, युध्द, संस्कृति आदि सब कुछ रेडियो तरंगों की देन हैं। तरंगे हमारे जीवन का सेतु हैं। तरंगें न हों तो हम अधमरे हो जाएं। आज तरंगें ही सत्य है और सत्य ही तरंग है। तरंगें भ्रम पैदा करती हैं। स्थायित्व का भ्रम पैदा करती हैं। तरंगें संतुलन पैदा कर सकती हैं और तरंगें अतिवाद अथवा अतिरंजना में डूबो सकती है। तरंगों में सब कुछ चरम पर घटित होता है। तरंग का सार है अतिवाद, चरमोत्कर्ष, अतिरंजना। अंत है विलोम। तरंगों के जमाने में समानता, मानवधिकार आदि वायवीय हैं। इन सवालों में दर्शकों की दिलचस्पी घट जाती है। ये सिर्फ नजारे अथवा तमाशे की चीज बन जाते हैं। वर्चुअल ने इन सबको नजारा बना दिया है। हम सबको तमाशबीन बना दिया है। नागरिक को तमाशबीन बना दिया है। तमाशबीन के कोई अधिकार नहीं होते। तमाशा देखा और खिसक लिया। तमाशबीन का किसी से लगाव नहीं होता। वह निर्वैयक्तिक होता है। आज तमाशा वर्चुअल है और वर्चुअल तमाशा है। सूचना बेजान और देखने वाला भी बेजान। निर्वैयक्तिकता का चरम वर्चुअल की धुरी है। अपनी ढपली अपना राग इसका मूल मंत्र है।

तरंगों के कारण कथनी और करनी में आकाश पाताल का अंतर आता है। जिसने कभी कोई चित्र नहीं बनाया, चित्रकला नहीं सीखी वह कलाप्रेमी और कलामर्मज्ञ का स्वांग करता नजर आता है। जिसकी राजनीति में आस्था नहीं है वह सत्ता और राजनीति का सबसे बड़ा भोक्ता है। जिसने दर्शन नहीं पढ़ा वह दार्शनिक मुद्रा में डूबा नजर आता है। जो कभी सच नहीं बोलता वह सत्य का पुजारी नजर आता है। अयथार्थ या यथार्थ का अंश विराट और यथार्थ छोटा नजर आता है। सच झूठ और झूठ सच नजर आता है। प्रत्येक चीज सिर के बल खड़ी नजर आती है। सीधी चीज उल्टी और उलटी चीज सीधी नजर आती है। प्रत्येक चीज विलोम दिखती है। यही वर्चुअल का विचारधारात्मक चरित्र है।

अब प्रत्येक चीज में वर्चुअल मिल गया है। अच्छे-बुरे, पानी और शराब आदि सभी में वर्चुअल आ गया है। आज मनुष्य के पास समय का अभाव है। समय के अभाव के कारण मनुष्य हमेशा मानसिक तौर पर समयाभाव में रहता है। समय का अभाव कालान्तर में स्थान के अभाव में रूपान्तरित होता है। आप जहां से चले थे एक अर्सा बाद फिर वहीं पहुंच जाते हैं। अब स्थान समय में तब्दील हो जाता है। इसे बदला नहीं जा सकता।

## सोशल फोरम

# अलबेले कृष्ण



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

जन्माष्टमी, हमारी संस्कृति के सबसे चमकते सितारे कृष्ण का जन्मदिन। हवाओं में अभी से ही बंशी की धुन तैरने लगी है। कृष्ण को सोचें तो उनकी कई छवियां हमारे मन पर एक साथ अंकित हो जाती हैं-एक नटखट बच्चा, एक चंचल और पराक्रमी किशोर, एक समर्पित शिष्य, एक आत्मीय मित्र, एक अद्भुत बांसुरी-वादक, एक उत्कट प्रेमी, एक मानवीय शासक, एक प्रचंड योद्धा, एक मौलिक विचारक, एक महान योगी, एक दूरदर्शी कूटनीतिज्ञ, एक चतुर रणनीतिकार और एक विलक्षण दार्शनिक। अपने समय की परंपराओं और लीक से हटकर चलने वाला ऐसा महामानव जिसने अपने कालखंड को इशारों पर नचाया। त्रेतायुगीन राम अपनी तमाम करुणा, प्रेम और मानवीयता के बावजूद अपने समय की परंपराओं और राजकीय मर्यादाओं के पार नहीं जा सके। द्वापर के कृष्ण ने अपने समय के धार्मिक, नैतिक और सामाजिक मूल्यों का बार-बार अतिक्रमण भी किया और अपनी स्थापनाओं को मान्यता भी दिलाई। उन्होंने शांति की भूमिका भी लिखी और युद्ध की पटकथा भी। निर्माण की परिकल्पना भी है उनमें और विनाश की योजना भी। पत्नियों की भीड़ भी और प्रेम का एक एकांत कोना भी। अथाह मोह भी और असीमित वैराग्य भी। जिसे हम उनकी लीला कहते हैं, वह वस्तुतः जीवन के समग्र स्वीकार का उत्सव है। गोकुल के चरवाहे से भारत के सर्वाधिक प्रभावशाली व्यक्तित्व तक की कृष्ण की जीवन-यात्रा युगों-युगों से हमें रोमांचित और भावविभोर करती रही है। देश की संस्कृति के महानायकों के बीच अकेले उन्हें 'संपूर्ण पुरूष' का दर्ज़ा प्राप्त है। जनमानस में गहराई तक धंसे कृष्ण एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्हे जीते जी दिव्य पुरुष का आदर मिला और कालांतर में भगवान विष्णु का अवतार घोषित किया गया। यह बहस निरर्थक है कि वे हमारी तरह मानव थे या ईश्वर के अंश अथवा अवतार। ईश्वर हमारा स्रष्टा है तो हम सब ईश्वर के ही अंश या अवतार हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि कृष्ण ने अपना ईश्वरत्व पहचान लिया था और हम अपना वास्तविक स्वरुप भूलकर अंधेरे में भटक रहे हैं। **-फेसबुक वॉल से**

# द्वंद्व से उबरना सिखाते श्रीकृष्ण



प्रमोद साह
पुलिस उपाधीक्षक
चमोली

द्वंद्व में रहते हुए, द्वंद्व का समाधान कृष्ण के दर्शन का आधार है। वह जहां प्रेम और करुणा में डूबे हुए हैं वहीं वह युद्ध में विचलित अर्जुन को अपना श्रेष्ठ देने के लिए युद्ध के लिए प्रेरित करते हैं, वह रण छोड़ नहीं हैं, और ना ही दीनता उनका धर्म है।



जैसे-जैसे यह दुनिया कठिन और संघर्षशील होती जाएगी... जैसे-जैसे यह संसार द्वंद्व का विस्तार बनता जाएगा, भौतिक शक्तियों का वर्चस्व और स्व की रक्षा का संघर्ष जैसे-जैसे गहराता जाएगा.. भगवान श्री कृष्ण और उनका दर्शन दुनिया में विस्तार पाता जाएगा। क्योंकि श्री कृष्ण का दर्शन ही वह दर्शन है, जिसने जीवन में पहली बार अतीत में अपनी जड़ें रखते हुए भविष्य के आंगन में फूल खिलाए हैं। जिसने मनुष्य और मनुष्यता को रोग और दुख की निराशा से मुक्त कर, शुभ की उम्मीद से भर कर उत्सव धर्मी बनाया है।

श्रीकृष्ण ने पहली बार नेति-नेति यानी ऐसा नहीं है, ऐसा नहीं है, से आगे स्वीकार और अंगीकार के रूप में धर्म को परिभाषित किया है। श्री कृष्ण प्रतिषेध और प्रतिबंध के विपरीत स्वीकार पर जोर देते हैं, वह मनुष्य की वृत्तियों काम, क्रोध, लोभ, मोह को स्वीकार करते हैं, उन्हें परिमार्जित करते हैं। वह देख कर (दृष्टा भाव) समय की आवश्यकता के साथ इनके परिमार्जन और स्वीकार की कला सिखाते हैं। प्रतिबंध के विपरीत परिष्कार और स्वीकार के धर्म ने ही सभ्यता का विस्तार किया, अन्वेषण को मान्यता दी...। इस प्रकार विचार करने की शक्ति, मीमांसा को जीवन का आधार बनाकर कृष्णा ने धर्म के मार्ग को विज्ञान के करीब पहुंचाने का भी कार्य किया है। कृष्ण ही वह प्रवर्तक हैं, जिन्होंने धर्म और दर्शन की पर्याय बन चुकी "निराशा" को, दुख को, स्वीकार करने के साथ नृत्य के, उत्सव के अवसर में बदल दिया।

इससे पहले त्रेता युग के युगपुरुष भगवान श्रीराम मान्यता और मर्यादाओं के पालन करने का धर्म सिखाते रहे। इस प्रकार जहां मर्यादा का बड़ा हिस्सा प्रतिबंधों पर केंद्रित था, इन प्रतिबंधों ने मनुष्य के जीवन में द्वंद्व का विस्तार किया। मनुष्य की ऊर्जा का बड़ा हिस्सा मर्यादाओं के संकल्प में और उन्हें बचाए रखने में ही बीतने लगा जिससे समाज में उत्पादकता का ह्रास हुआ।

इस प्रकार मर्यादाओं के पालन में जो पीड़ा समाज के भीतर पसर रही थी, उसका समाधान श्रीकृष्ण ने समग्र की स्वीकार्यता से दिया। इस स्वीकार ने मनुष्य के भीतर के (द्वंद्व) उसके महाभारत का समाधान किया। दुविधा के विदा होते ही मनुष्य उत्सव धर्मी हुआ। इस प्रकार श्रीकृष्ण ने हंसते हुए जीवन जीने की कला का विज्ञान विकसित किया।

द्वंद्व में रहते हुए, द्वंद्व का समाधान कृष्ण के दर्शन का आधार है। वह जहां प्रेम और करुणा में डूबे हुए हैं वहीं वह युद्ध में विचलित अर्जुन को अपना श्रेष्ठ देने के लिए युद्ध के लिए प्रेरित करते हैं, वह रण छोड़ नहीं हैं, और ना ही दीनता उनका धर्म है। वह सिर्फ कर्म पर अधिकार की बात ही नहीं करते बल्कि " योगः कर्मसु कौशलम" का संदेश देते हुए हर कार्य को पूर्ण निपुणता से करने का संदेश भी देते ही हैं। इस प्रकार कृष्ण जीवन का जो दर्शन हमें देते हैं, उसमें वह अतीत के बंधनों से मुक्ति और भविष्य की अपेक्षाओं के बोझ से छूट जाने का मार्ग बताते हैं।

श्रीकृष्ण हर पल वर्तमान को शत प्रतिशत जीने की कला सिखाते हैं। वह जीवन में ग्लानि और पश्चाताप जैसे शब्दों को मिटाकर उसे उत्सव बनाने की कला सिखातें हैं। हम कृष्ण के मर्म को समझें, मान्यताओं की गांठो को खोल सकें, अपना जीवन सरल कर सकें ऐसी सामर्थ्य श्रीकृष्ण हम सबको दें।

# कृष्ण क्यों अधिक लोकप्रिय हैं



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

कृष्ण भारतीय लोक हृदय की सर्वोत्तम ईश्वरीय सृष्टि हैं, पर उन्हें आज कई जगहों पर मानवीय प्रेम भावना की स्थापना की जगह महज श्रृंगार या छप्पनभोग तक सीमित कर दिया जाता है। जन्माष्टमी के अवसर पर लोग कृष्ण की झांकियों में खो जाते हैं, कृष्ण को जान नहीं पाते। वस्तुतः आम लोगों के दिल में वे कृष्ण हैं जिनके हाथ में सुदर्शन चक्र नहीं बांसुरी है और सिर पर राजमुकुट नहीं मोरपंख है। कोई संगीत सात सुरों के बिना अधूरा है और देश सात रंगों के बिना। हमारा देश एक मोरपंख जैसा ही तो है। देखने की चीज है, ऐसे देवता का जन्म कारागार में होता है। सत्य की राह बहुत कठिनाइयों से भरी होती है।

कृष्ण सभी हिंदू देवताओं में कई कारणों से विलक्षण हैं। वे एकमात्र देवता हैं जो माता के नाम से जाने जाते हैं और यशोदानंदन कहे जाते हैं, कई बार देवकीनंदन भी। आज किसी शिक्षित से भी पूछो कि तुम किनके बेटे हो तो वह सिर्फ अपने पिता का नाम लेगा, मानो मां तो बस ऐसे ही है। मथुरा-वृंदावन के कृष्ण की धारणा में पितृसत्ता को चुनौती है। कृष्ण से राधा को अलग नहीं किया जाता। आज भी ब्रज क्षेत्र के लोग अभिवादन के समय कहते हैं- राधे राधे। भक्ति की यह उच्चतम दशा है, जब ईश्वर कृष्ण भी प्रसन्न होकर इतने भक्तमय हो जाएं कि कहने लगें-राधे राधे। आज देश के किसी भी मंदिर में रुक्मिणी-कृष्ण की नहीं, राधा-कृष्ण की आराधना होती है। यह युगल मूर्ति 'सर्वत्र प्रेम' का संदेश देती है। यह समझने की जरूरत है कि महाभारत में कहीं यमुना की महत्ता नहीं है, सिर्फ गंगा (भीष्म) की महत्ता है। इस महाकाव्य में मथुरा–वृंदावन की जगह द्वारका है।

जन्माष्टमी वाले कृष्ण महाभारत के कृष्ण से अलग हैं। खासकर सातवीं सदी के बाद पीतांबरधारी, बंशीवादक, मोरपंखधारी त्रिभंगी कृष्ण ही इस देश के लोगों के हृदय में बसे हैं। पहले गोपियों और राधा का नामोनिशान न था। ये पिछली सहस्राब्दी के भागवत पुराण (800 ई.) तथा ऐसे ही कुछ ग्रंथों की देन हैं। इधर वृंदावन के वंशीधारी कृष्ण की जगह महाभारत के युद्ध रथ पर बैठे सुदर्शनधारी कृष्ण का प्रचार ज्यादा किया गया है, यह भी कृष्ण को जानने में एक बड़ी बाधा है। जबकि आज लोगों के हृदय में वे कृष्ण बसे हैं जो राधा के साथ हैं और यमुना किनारे खेलते हैं। सूरदास ने कृष्ण का जो बाल रूप रचा, माखन–दधि का, घुटरुन चलने का, चंद्र खिलौना मांगने और न देने पर सत्याग्रह करने का, गोपिकाओं के निश्छल प्रेम का, आज कृष्ण का वही रूप लोगों के मन में है। सौंदर्य वहां नहीं है जहां रूढ़ियां, अहंकार और हिंसा है। सौंदर्य सिर्फ वहां है, जहां प्रेम है। कृष्ण का वृंदावन सिर्फ एक गांव नहीं है, यह एक उदात्त लोकमानस का रूपक है, जहां गिले-शिकवे हैं तो अद्भुत प्रेम भी है। क्या मन को वृंदावन बनाए बिना कभी राम राज्य लाया जा सकता है?

## एक नजर

### श्रीकृष्ण की फूलडोल शोभायात्रा 29 को निकलेगी

**संभल, अमृत विचार :** भगवान श्रीकृष्ण की फूलडोल शोभायात्रा 29 अगस्त को सुबह 9 बजे मुहल्ला ढेर स्थित शिव मंदिर से निकाली जाएगी। आयोजक कमलकांत तिवारी ने बताया कि शोभायात्रा निर्धारित मार्ग सुनारों वाली गली, आर्य समाज रोड, छंगामल की कोठी, नई सराय, बाजार गंज, महमूद खां सराय, मंदिर मढ़ैया, सर्राफा बाजार, वनखंडन मंदिर, कोतवाली से चक्की का पाट, सेठों गली, चौहट्टा मंदिर, पाटों की दीवानखाना, डाकखाना रोड, शुक्ला मार्केट, गौरी सहाय मंदिर, सरथल चौकी, रहट वाला मंदिर, पंजाबी मंदिर, रईसों वाला मंदिर, कमल कौशल एडवोकेट के निवास स्थान से रामलीला मैदान होते हुए श्री कल्कि विष्णु मंदिर से देर रात 10 बजे मनोकामना तीर्थ पहुंचकर समाप्त होगी।

### श्रद्धाभाव से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**गुन्नौर अमृत विचार :** यादव बाहुल्य ग्रामीण अंचल में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव अति उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। मंदिरों में बाल कृष्ण के सजे स्वरूप मन मोहते रहे। श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भी लाड़ले कृष्ण कन्हैया की झांकियां सजाईं। जन्माष्टमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करके पूरे दिन व्रत रखकर कान्हा के जन्मोत्सव पर विशेष पूजा अर्चना की। मंदिरों में पंजीरी, मिश्री माखन, पंचामृत का प्रसाद श्रद्धालुओं का बांटा गया।

### मंदिरों में सजाई गई मनमोहक झांकियां

**बबराला, अमृत विचार :** प्राचीन मंदिर हनुमान गढ़ी में विशेष साज सज्जा कर आकर्षक फूलबंगला सजाया गया। बांकेबिहारी मंदिर में गोवर्धन पर्वत, शेषनाग, पूतना वध, कालिया दहन, कंस वध आदि लीलाओं की मनोरम झांकियां सजाई गईं। जबकि रामलीला मैदान में भी झांकियां सजाई गईं। झांकियों दर्शन के लिए देर शाम तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। राजघाट में गंगा स्नान करने के बाद घरों में विधि विधान से श्रीकृष्ण की पूजा की गई। घरों में झांकियां सजाने का क्रम शुरू हो गया। लोगों ने दिन भर व्रत रखा। जन्माष्टमी के दृष्टिगत नगर पंचायत की ओर से मंदिरों के आसपास क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चला कर चूने का छिड़काव कराया गया।


चन्दौसी ब्रहमदेव मंदिर में आरती करते अतिथि व संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार


ब्रहम बाजार में टोली बनाकर मटकी फोड़ते युवक।


शोभायात्रा में नृत्य करते राधा कृष्ण के वेष में सजे कलाकार। ● अमृत विचार

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का छाया उल्लास, गूंजा नंद के आनंद भयो...

## जिले भर में श्रद्धा के साथ मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार, मंदिरों में पहुंच कर श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पूजन किया

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** जिले में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी त्योहार श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न मंदिरों में श्रीकृष्ण, राधा और सुदामा आदि के वेश में सजे बच्चों की झांकियों ने मन मोह लिया। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में दर्शन कर पूजन किया। इस बीच हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की, नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की आदि भजन गूंजते रहे।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी त्योहार मनाने को लेकर श्रद्धालुओं ने सोमवार को व्रत रखा और दिनभर भजन सुने। जैसे ही शाम हुई तो मंदिरों का रुख किया। मंदिरों में श्रीकृष्ण, राधा की पूजा अर्चना करते हुए पंजरी, लड्डू आदि से भोग लगाया।

मंदिरों पर सजी श्रीकृष्ण, राधा, सुदामा आदि की झांकियों को देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। इस बीच गूंज रहे भजनों से माहौल भक्तिमय बना रहा। संभल के अलावा असमोली, सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, सरायतरीन, हयातनगर, सौंधन, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी त्योहार श्रद्धा के साथ मनाया गया। देर रात तक मंदिरों पर सुरक्षा में पुलिस कर्मी मुस्तैद रहे।


चन्दौसी के मिलक मंदिर में सजी भगवान श्री राधा-कृष्ण प्रतिमा। ● अमृत विचार

## जन्मोत्सव पर मंदिरों में गूंजे श्री कृष्ण के जयकारे

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

● देर रात मंदिरों पर जुटी रही श्रद्धालुओं की भीड़

**अमृत विचार:** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। घरों में पकवान बनवाए गए। झाकियों में छोटे बच्चों ने श्रीकृष्ण व राधा का स्वरूप धारण किया। मंदिरों को बिजली की झालरों व रंग बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया। सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। देर रात पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने अपने व्रत खोले।

सोमवार को जन्माष्टमी पर लोगों ने व्रत रखा। देर शाम तक घरों व मंदिरों को सजाने का कार्य चलता रहा। कैथल गेट स्थित वेणुगोपाल मंदिर, स्टेशन रोड स्थित सत्य नारायण मंदिर, मोती मोहल्ला स्थित श्रीराधा कृष्ण, घंटाघर स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर, मोहल्ला कागजी स्थित पंजाबी मंदिर आदि को बिजली की झालर व गुब्बारों से सजाया गया। नगर के कई मंदिरों पर भजन संध्या का कार्यक्रम हुए। जिसमें भजन गायकों ने भगवान श्री कृष्ण के भजनों की प्रस्तुति दी। भजन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और नृत्य करने लगे। मंदिरों पर रात 12 बजे श्रीकृष्ण की विशेष पूजा अर्चना के साथ आरती कराई गई।

### श्री वार्ष्णेय नव युवक संघ ने निकाली शोभायात्रा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री वार्ष्णेय नव युवक संघ की ओर से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर शोभायात्रा निकाली गई। इसका मुख्य आकर्षण मटकी फोड़ना रहा। सोमवार की शाम चार बजे शोभायात्रा ब्रह्म बाजार स्थित ब्रह्म देव मंदिर से आरती के बाद आरंभ हुई। शोभायात्रा में सबसे आगे महाराज अक्रूरजी के रथ पर विराजमान थे। इसके बाद महाकाल की पालकी, अलीगढ़ का महाकाली का अखाड़ा चल रहा है। जिसमें महाकाली के साथ लांगुर तलवार बाजी करते चल रहे थे। इसके बाद आघोरी शंकर की झांकी, बाबा महाकाल की झांकी शामिल थी। खाटू श्याम बाबा का फूलडोल आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। अंत में बिहारी जी का फूलडोल था। शोभायात्रा में हर झांकी के पीछे डीजे बज रहा था। जिसमें धार्मिक धुनों पर युवक नृत्य कर रहे थे। इस्कोन मंदिर से आए धीरसंत श्रीकृष्ण का कीर्तन करते चल रहे थे। ब्रहम बाजार स्थित ब्रह्म देव मंदिर से आरंभ हुई शोभायात्रा सीता रोड, मनिहार चौक, बिसौली गेट, पुरानी पैठ, बड़ा बाजार, घंटाघर, फड़याई बाजार होते हुए पुन: ब्रह्म देव मंदिर पर पहुंच संपन्न हुई। शोभायात्रा में युवाओं की टोलियों द्वारा जगह-जगह मटकी फोड़ी गई। मटकी फोड़ने को देखने के लिए अनेक लोग मौजूद रहे। फूलडोल की महाआरती ओमप्रकाश ओमी लाला, फूल प्रकाश वार्ष्णेय, प्रेम किशोर गुप्ता, मौसम गुप्ता, पवन वार्ष्णेय, अंशुल टनाटन आदि ने की। इस अवसर पर प्रधान विवेक चौधरी, निर्झर गुप्ता, मयंक वार्ष्णेय, देवेश नाथ वार्ष्णेय, मोहित वार्ष्णेय, प्रभात कृष्णा, कपिल अग्रवाल, वैभव वार्ष्णेय, चिराग, आशीष, तुषार वार्ष्णेय, अक्षय, अनुज वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, आमोद गुप्ता, सुभाष कुमार, गोविंद किशोर, ललित किशोर आदि मौजूद रहे।

### आकर्षण का केंद्र रही श्री कृष्ण की झांकी

**बहजोई, अमृत विचार :** नगर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर निकाली गई शोभायात्रा में भगवान श्री कृष्ण की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। कलाकारों ने राधा कृष्ण स्वरूप में प्रस्तुति दी तो लोगों ने उनके साथ नृत्य किया। शोभा यात्रा का शुभारंभ संतोषी माता मंदिर से भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना के बाद किया गया। शोभायात्रा में सबसे आगे बाहर से आए कलाकारों ने राधा कृष्ण के स्वरूप में भक्ति भजनों पर प्रस्तुति दी। इसके बाद युवक सूप में रखे बालकृष्ण के स्वरूप को लेकर चल रहा था। अंत में भगवान श्री कृष्ण की झांकी सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। शोभायात्रा संतोषी माता मंदिर से प्रारंभ होकर पुराना बाजार, सर्राफा बाजार, थाना रोड, नया बाजार, गोलागंज होते हुए वापस मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। इस दौरान नवीन कुमार वार्ष्णेय, आशुतोष वार्ष्णेय, संजय वार्ष्णेय, राजकुमार, संजीव कुमार, राजीव कुमार, मनीष वार्ष्णेय आदि व्यवस्था बनाकर चल रहे थे।


आवास-विकास स्थित शिवालय मंदिर में सजे लड्डू गोपाल। ● अमृत विचार


गोशाला में गोवंश का पूजन करते जिलाधिकारी व जिला पंचायत अध्यक्ष।

### गोशाला में गायों की सेवा कर मनाया जन्माष्टमी पर्व

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जन्माष्टमी पर्व पर गोशालाओं में भी कार्यक्रम के आयोजन किए गए। गांव कैथल स्थित गोशाला में जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव व जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने गोशाला पहुंचकर गायों की सेवा की। गायों की पूजा के बाद हरा चारा खिलाया गया। इस अवसर पर गोशाला को सजाया गया था। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि गाय माता में सभी देवी देवताओं का वास होता है। इसलिए इस दिन उनकी पूजा करने से व्यक्ति को देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है। प्रदेश सरकार ने अब जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के मौके पर गो आश्रय स्थलों में विशेष पूजा का आदेश दिया है। इस बार जन्माष्टमी पर प्रदेश भर की प्रत्येक गोशाला में गायों की पूजा की जा रही है। स्कूल के बच्चों को भी गो आश्रय स्थलों का भ्रमण कराया जाए ऐसा शासन भी जारी किया गया है। इस अवसर अनेक लोग मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर हवन और पूजन किया, जयकारे गूंजे

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला

**अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर संभल जिले के गंगाघाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। सोमवार को सुबह से ही गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और देर शाम तक गंगा स्नान जारी रहा। श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान कर हवन पूजन किया। हर हर गंगे के जयकारे गूंजते रहे।

भाद्रपद माह कृष्ण पक्ष में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर उपवास रखने वाले श्रद्धालुओं के गंगा स्नान की परंपरा है। राजघाट गंगा घाट पर सोमवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पूजा-अर्चना कर मन्नत मांगी। गंगा आरती पुरोहित पुष्पेंद्र शर्मा ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर गंगा में स्नान करने से पुण्य मिलता है। ऐसा पुराणों में वर्णित है।

गंगा का जलस्तर अधिक होने के बावजूद श्रद्धालुओं ने सावधानी पूर्वक स्नान किया। पुलिस व सामाजिक कार्यकर्ता श्रद्धालुओं को गंगा घाट पर गहराई वाले स्थानों से दूर रहने को सजग करते रहे। देर शाम तक गंगा स्नान जारी रहा। सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण बबराला से राजघाट मार्ग पर जाम जैसे हालात बने रहे। वहीं जिले के अनूपशहर, साधु मणि और हरिबाबा बांध धाम गंगा घाट पर भी श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पुण्य कमाया।


बबराला के राजघाट गंगा तट पर स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# एकजुट होकर समाज को मजबूत करें

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** यदुवंशी सेवा समिति के तत्वाधान में श्री कृष्ण जन्मोत्सव समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। जहां एक ओर कलाकारों ने राधा कृष्ण स्वरूप में प्रस्तुति देकर जमकर तालियां बटोरी। तो वहीं समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को अतिथियों ने सम्मानित किया।

डीआर रिसोर्ट में आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष गगन यादव, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव, असमोली विधायक पिंकी यादव आदि अतिथियों ने भगवान श्री कृष्ण का पूजन कर किया। इसके बाद कलाकारों ने राधा कृष्ण स्वरूप में भक्ति भजनों पर प्रस्तुति से जमकर तालियां बटोरी। अतिथियों ने पुष्प वर्षा कर राधा कृष्ण के स्वरूप का स्वागत किया। इसके बाद अतिथियों ने समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष गगन यादव ने कहा कि समाज के सभी मेधावी छात्राओं को आगे मेहनत कर अपना व समाज का देश में नाम रोशन करना है। समाज के सभी लोग एकजुट होकर समाज को मजबूत करने का काम करें। राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी समाज के युवक बढ़ चढ़कर भागीदारी करें। इस दौरान कृपाल सिंह यादव, लाल बहादुर यादव, शीतल यादव, अशोक यादव, ओमपाल सिंह, नवनीत यादव, कुलदीप यादव, पूर्व एमएलसी भारत सिंह यादव, इंद्रपाल सिंह यादव, धर्मवीर सिंह यादव, डीपी यादव, नवाब सिंह यादव सहित आदि मौजूद रहे। संचालन अशोक यादव व सुनील यादव ने किया।

● यदुवंशी समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को अतिथियों ने किया सम्मानित



यदुवंशी सेवा समिति के श्री कृष्ण जन्मोत्सव समारोह में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

## सार संक्षेप


अकबरपुर गहरा गोशाला में यज्ञ में आहुतियां देते लोग। ● अमृत विचार

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर गोशालाओं में हुआ हवन-पूजन

**संभल/मनोटा अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर विकास खंड असमोली की ग्राम पंचायतों में स्थित गोशालाओं में हवन-पूजन कराकर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। क्षेत्र की गांव अकबरपुर गहरा की गोशाला में केयरटेकर्स ने हवन कराया। जिससे वातावरण की शुद्धि भी हुई। वहीं गांव तलवार की गोशाला में ग्राम पंचायत सचिव सतपाल सिंह और कर्मचारियों ने हवन का आयोजन कराया। जिसमें मंत्रों के साथ आहुतियां दी गईं। इस बीच हवन के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

### गोशाला में हवन पूजन कर गायों को गुड़ खिलाया

**कुढफतेहगढ़ /चंदौसी, अमृत विचार :** थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेरनी की गोशाला में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सोमवार को हवन पूजन किया गया और गायों को गुड़ खिलाकर उनकी सेवा की गई। इस अवसर पर सोनू रस्तोगी ,विनय यादव, रामेश्वर आदि मौजूद रहे।

### प्राचीन मंदिर धर्म कूप पर चार दिवसीय मेला शुरू

**संभल, अमृत विचार :** श्री प्राचीन मंदिर धर्म कूप पर चार दिवसीय मेले का शुभारंभ हो गया। पहले दिन कलाकारों ने विभिन्न रूप में सजकर झांकियों की प्रस्तुति दी। मेले में लोगों की भीड़ उमड़ी। जमकर खरीदारी करने के साथ ही चाट पकौड़ी का आनंद लिया। बहजोई मार्ग पर स्थित श्री प्राचीन मंदिर धर्म कूप पर मेले का उदघाटन भाजपा नेता कपिल सिंघल और संदीप गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। विनय सर्राफ ने दीप प्रज्वलित किया। मेले में खेल खिलौनों और अन्य वस्तुओं की दुकानें सजीं हुईं थी, जहां महिलाओं और बच्चों ने जमकर खरीदारी की। बच्चों ने झूलों का भी आनंद लिया। मेले में रुद्रपुर के कलाकारों ने श्रीकृष्ण-राधा की झांकी, शंकर-पार्वती नृत्य, हनुमान की झांकी की प्रस्तुति दी। सुरक्षा को लेकर पुलिस बल मुस्तैद रहा। मेले की व्यवस्था में प्रबंधक डॉ .केके गुप्ता, उपाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, नितिन वार्ष्णेय, कौशल कुमार, महावीर प्रसाद, जतिन सक्सेना, आकाश गुप्ता, नमन शर्मा, भास्कर गुप्ता, नीरज बजाज आदि का सहयोग रहा।

### किशोर ने बड़े भाई को गोली मारकर किया घायल

**संभल/बबराला, अमृत विचार :** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में किसी बात को लेकर हुई कहासुनी के बाद 14 वर्षीय छोटे भाई ने बड़े भाई के गोली मार दी और भाग गया। गोली लगने से युवक घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। हालत गंभीर होने पर युवक को जिला अस्पताल रेफर किया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव अकबरपुर निवासी दीनदयाल सोमवार को बड़े बेटे 22 वर्षीय पवन कुमार व छोटे बेटे 14 वर्षीय को घर छोड़कर खेत में काम करने गए हुए थे। किसी बात को लेकर शाम साढ़े चार बजे पवन कुमार का किसी बात को लेकर छोटे भाई से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि कहीं से तमंचा लाकर किशोर ने बड़े भाई पवन कुमार के गोली मार दी। गोली लगने की आवाज को सुनकर मौके पर पवन कुमार की पत्नी अनीता पहुंची तो किशोर मौके से भाग गया।


बबराला में झांकी उद्घाटन के अवसर पर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# जन्माष्टमी पर देवी देवताओं की झांकियां प्रदर्शित की गईं

संवाददाता,बबराला

**अमृत विचार:** रामलीला मैदान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सजाई गईं झांकियों का उद्घाटन सपा नेता अमित यादव ने विधि विधान से पूजा करने के बाद फीता काटकर किया किया।

विभिन्न देवी देवताओं की झांकियां प्रदर्शित की गईं। जिसमें श्री राधा कृष्ण ,खाटू श्याम जी, मां गंगा, हनुमान जी व शंकर जी की झांकियां प्रदर्शित की गईं। इन झांकियों को कलाकारों ने एक हफ्ते में तैयार किया था। जिनको स्वचालित करने के लिए राजुद्दीन नें सहभागिता की। इस मौके पर पप्पू अग्रवाल, मिस्त्री राजुद्दीन ,शोभित भारद्वाज, वेद वार्ष्णेय, शरद यादव, सचिन वार्ष्णेय, विक्की रस्तोगी, राजीव यादव, राकेश गुप्ता, शशिकांत वार्ष्णेय, राजा यादव, विशाल वर्मा आदि रहे।

आयोजन | शोभायात्रा में शिव अघोरी नृत्य करते कलाकार भी शामिल रहे

# श्री राधा कृष्ण सेवा मंडल की झांकियों ने मनमोहा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** श्री राधा कृष्ण सेवा मंडल संभल के तत्वावधान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें शामिल झांकियों को देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

नगर के मुहल्ला कोट पूर्वी में स्थित मुक्तेश्वर महादेव मंदिर से शोभायात्रा का शुभारंभ सीओ अनुज कुमार चौधरी, शिव ओम गुप्ता, भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, जिलाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद अमित वार्ष्णेय, कपिल सिंघल, अरविंद अरोड़ा ने संयुक्त रूप से किया। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से गुजरी। जिसमें शामिल राधा कृष्ण की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में शिव अघोरी नृत्य करते कलाकार भी शामिल रहे। इस दौरान केके मिश्रा, अजय दिवाकर, अभिलाष शुक्ला एडवोकेट, प्रदीप गुप्ता, जयपाल यादव, संजीव मिश्रा, हिमांशु शर्मा, दिनेश कश्यप, क्षितिज मिश्रा, अशोक कश्यप, मुकेश यादव, अभिषेक शुक्ला, विपिन शर्मा, अनुज शर्मा, अक्षय गुप्ता आदि रहे।


संभल में शोभायात्रा में शामिल श्री कृष्ण व राधा की झांकी। ● अमृत विचार


रहट वाला मंदिर में सजाई गई श्री कृष्ण व राधा जी की झांकी।

### मंदिरों में सजाई गईं झांकियां, गूंजे भजन

**संभल अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर संभल नगर के मंदिरों में विभिन्न झांकियां सजाई गईं। पंजाबी मंदिर में बाल रूपी श्रीकृष्ण के अलावा अन्य झांकियां सजीं। अमरनाथ मंदिर में भी झांकियों की प्रस्तुति दी गई। हयातनगर और सरायतरीन के मंदिरों में भी झांकियों को सजाया गया। देर रात तक श्रद्धालु पहुंचकर झांकियों को देखकर मंत्रमुग्ध होते रहे। इस बीच भजनों से माहौल भक्तिमय बना रहा।

## एक नजर

### कार में पीछे से घुसी बाइक, चालक घायल

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला बरखेरियान निवासी तबरेज सोमवार को बाइक पर सवार होकर बहजोई मार्ग से होते हुए संभल की ओर आ रहे थे। सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला लाइम सराय में आगे लेकर जा रहे चालक ने कार के इमरजैंसी ब्रेक लगा दिए और तबरेज की बाइक पीछे से कार में घुस गई। इस हादसे में तबरेज गंभीर रुप से घायल हो गए। मौके पर जमा हुए लोगों ने उपचार के लिए घायल तबरेज को आनन फानन में संभल चंदौसी मार्ग पर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

### अहलेबैत से मुहब्बत करने का दिया संदेश

**संभल, अमृत विचार :** मदरसा गुलशने हैदर में इमाम हुसैन की याद में महफिल का आयोजन हुआ। छात्रों ने कुरान शरीफ पढ़ी। कारी शाने आलम ने मनकबते इमाम हुसैन पढ़कर खिराजे अकीदत पेश की। सय्यद उबैद मियां ने कहा कि हर चीज से बढ़कर अहलेबैत से मुहब्बत करो। उन्होंने देश की तरक्की के लिए दुआ कराई। इस दौरान सैयद मुशाहिद मियां इबादी, कारी शाहनवाज, कारी शादान आदि मौजूद रहे।

### किशोरी से छेड़छाड़ के आरोप में युवक गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में चंदौसी मार्ग से गांव गोविंदपुर जाने वाले रास्ते पर सोमवार को खड़े किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में युवक को पुलिस ने सूचना मिलने पर गिरफ्तार कर लिया। मुहल्ला नूरियो सराय निवासी विशाल ने शुक्रवार को खेत पर गांव कर रही किशोरी के साथ छेड़छाड़ की थी। शोर मचाने पर विशाल मौके से भाग गया था। बेटी के साथ छेड़छाड़ की जानकारी होने पर परिजनों ने विशाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कुढफतेहगढ़/चंदौसी, अमृत विचार :** सोमवार को थाना कुढ फतेहगढ़ क्षेत्र में बिलारी-आसफपुर मार्ग पर दारनी के निकट शाम 7 बजे कुढफतेहगढ़ से मेला देखकर बाइक से लौट रहे ग्राम दारनी निवासी बृजेश मौर्य, सत्यवीर व वीर सिंह की बाइक को सामने आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए।

# चन्दौसी के श्रद्धालु की पिकअप हिसार में पलटी, एक की मौत, 20 लोग घायल

## राजस्थान के बागड़ में जाहरवीर बाबा के दर्शन करने जा रहे थे लोग

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


राकेश की फाइल फोटो।


नगर के निजी अस्पताल में भर्ती हादसे के घायल लोग। ● अमृत विचार

- मृतक व घायल तहसील क्षेत्र के गांव असालतपुर जारई के निवासी

**अमृत विचार:** राजस्थान के बागड़ जाहरवीर बाबा के दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की पिकअप हिसार जनपद के हांसी में टायर फटने से पलट गई। हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई। जबकि कई घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सोमवार की सुबह चार बजे घायल श्रद्धालु का शव लेकर गांव असालतपुर जारई पहुंचे। वहीं घायलों का उपचार नगर के निजी अस्पताल में कराया जा रहा है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव असालतपुर जारई से 20 लोग राजस्थान बागड़ स्थित जाहरवीर बाबा के दर्शन करने के लिए शनिवार की रात 11 बजे पिकअप से रवाना हुए थे। रविवार की सुबह 11 बजे पिकअप जब जनपद हिसार के हांसी पहुंची तो अचानक पिछला टायर फटने पर पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंच पिकअप में फंसे श्रद्धालुओं को बाहर निकाला। हादसे में असालतपुर जारई के राकेश कुमार 35 वर्ष पुत्र बड्डू लाल की मौत हो गई। जबकि रिंकी पत्नी राकेश कुमार, रीतेश पुत्र राकेश, गुंजन पुत्री राकेश, हरचरन पुत्र प्यारे लाल, अमित पुत्र हर चरन, लालू पुत्र शिव चरन, सतेंद्र पाल पुत्र गोवर्धन, रानी पत्नी सतेंद्र पाल, अमन, अखिलेश, नन्हे, मंगल सैन, कल्लू पुत्रगण बद्दू, आयुष पुत्र कल्लू, गोरी पुत्री मंगल सहित बीस लोग घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जैसे-तैसे घायलों को पिकअप से बाहर निकाला। श्रद्धालुओं के कहने पर दूसरे वाहन से उन्हें गांव असालतपुर जारई के लिए रवाना कर दिया गया। सोमवार की सुबह चार बजे राकेश के शव गांव पहुंचा। घायलों का उपचार निजी चिकित्सक से कराया जा रहा है।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र में 10 दिन पहले पिता के साथ हादसा होने की बात बताकर उसकी 14 वर्षीय पुत्री को अज्ञात जगह ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपी अधेड़ व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला जगत निवासी नसीर 50 वर्ष दूसरे मुहल्ला की 14 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में फरार था। सोमवार को सूचना मिलने पर पुलिस ने नसीर को गिरफ्तार कर लिया। पिता से जान पहचान होने की वजह से नसीर अक्सर किशोरी के घर आता जाता रहता था। 16 अगस्त को नसीर ने घर पहुंचकर किशोरी को उसके पिता के साथ हादसा होने की सूचना दी। इस बात को सुनकर किशोरी व उसकी मां घबरा गईं। जिसके बाद नसीर बाइक पर बैठाकर किशोरी को अपने साथ अज्ञात जगह ले गया था। यहां किशोरी के साथ नसीर ने दुष्कर्म किया था।

# झोलाछाप के इंजेक्शन से 9 वर्षीय बच्चे की जान गई

संवाददाता, बहजोई

- परिजनों ने किया हंगामा, झोलाछाप मौके से फरार
- बच्चे के पिता ने थाना में रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर दी

**अमृत विचार:** झोलाछाप के यहां पर उपचार के दौरान 9 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। परिजनों ने गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। हंगामा देखकर झोलाछाप मौके से फरार हो गया। बच्चे के पिता ने थाना धनारी में रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर दी है।


दीपक की फाइल फोटो।

थाना धनारी के गांव करेला की मढैया निवासी देवेंद्र के बेटे दीपक को खुजली होने पर परिजनों ने गांव गढ़ी बिचोला में झोलाछाप शिव शंकर निवासी दानपुर को दिखाया।

झोलाछाप ने दीपक को इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगाते ही दीपक की हालत बिगड़ने लगी कुछ ही देर में क्लीनिक पर ही दीपक की मौत हो गई। दीपक की मौत के बाद जब परिजनों ने हंगामा किया तो झोलाछाप मौका पाकर क्लीनिक बंद कर फरार हो गया। इसके बाद परिजन दीपक को बहजोई सीएचसी पर लेकर आए।

यहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अब मृतक के भाई किशन पाल ने थाना धनारी में चिकित्सक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने को तहरीर दी है। मृतक के भाई किशन पाल ने बताया कि झोलाछाप के गलत इंजेक्शन लगाने से उसके भाई की हालत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई।

# पुलिस भर्ती के नाम पर ठगी के प्रयास में तीन युवक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

- रजपुरा क्षेत्र के व्यक्ति ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट, पुलिस ने मोबाइल फोन का रिकार्ड खंगाला
- एसपी और एएसपी दक्षिणी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपियों को दबोचा


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना पुलिस ने पुलिस भर्ती परीक्षा के नाम पर ठगी के प्रयास और भ्रामक अफवाह फैलाने में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों से तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। हालांकि आरोपियों को ठगी के प्रयास में कोई सफलता नहीं मिल सकी। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया।

रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव मुटैना निवासी ज्ञानप्रकाश ने पुलिस को सूचना देते हुए कहा कि 25 अगस्त को उसके परिवार के मोहित को चाऊपुर डांडा के रामभजन ने फोन किया और कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करा दिया जाएगा। जिसके बाद पुलिस भी बुलाई गई। ज्ञानप्रकाश ने तीन व्यक्ति पर पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर देने के नाम पर पांच लाख रुपये मांगने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। एसपी कुलदीप सिंह गुनावत, एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने मोबाइल का रिकार्ड भी खंगाला। पुलिस ने सोमवार को रिपोर्ट में नामजद प्रवीण निवासी गांव झुरैरी मझरा सोरका थाना हसनपुर अमरोहा, योगेश निवासी गांव अल्लीपुर मिलक थाना हसनपुर अमरोहा और रामभजन निवासी गांव चाऊपुर डांडा को रजपुरा थाना क्षेत्र में केसरपुर पुलिया से गिरफ्तार कर लिया। तीनों के पास से तीन मोबाइल बरामद किए। गिरफ्तार आरोपियों की तलाशी लेने पर पुलिस भर्ती परीक्षा प्रश्न पत्र या अनुचित परीक्षा सामग्री नहीं मिली। जांच में पता चला कि यह भोले भाले अभ्यर्थियों को झांसे में लेकर धोखा देकर रुपये ऐंठकर गायब होने की फिराक में थे। आरोपी यह पता करते थे कि कौन पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा दे रहा है। परीक्षा देने वालों से मोबाइल नंबर प्राप्त कर उनसे संपर्क करते थे।

# चेहल्लुम के जुलूस में गूंजी या हुसैन की सदाएं

कार्यालय संवाददाता, संभल


चेहल्लुम के जुलूस में शामिल ताजिया के आगे चलते लोग। ● अमृत विचार

- अकीदत के साथ निकला जुलूस, डीएम और एसपी ने लिया सुरक्षा इंतजामों का जायजा

**अमृत विचार :** नवासा ए रसूल इमाम हुसैन के चेहल्लुम का जुलूस अकीदत के साथ निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद उमड़े। या हुसैन की सदाएं बुलंद होती रहीं।

इमाम हुसैन के चेहल्लुम के जुलूस को लेकर अस्पताल चौराहा पर मुहल्ला चौधरी सराय, नाला मंडी, जगत व अन्य मुहल्लों के ताजिये जमा हुए। यहां से जुलूस बाल विद्या मंदिर स्कूल, एजेंटी तिराहा से होता हुआ स्टेट बैंक तिराहे पर पहुंचा।

यहां से जुलूस खूबसूरत ताजियों को लेकर आर्य समाज रोड, नखासा चौराहे पर जमा हुआ। नियाज नजर व मिलाप की रस्म को पूरा करने के बाद जुलूस संपन्न हुआ। कुछ ताजिये कर्बला को रवाना हुए तो कुछ इमाम बारगाहों में पहुंचे। जुलूस के दौरान युवा या हुसैन की सदाएं बुलंद करते रहे। राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक हस्तियों ने शिरकत कर चेहल्लुमदारों का हौसला बढ़ाया। चेहल्लुमदारों ने अधिकारियों को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। जुलूस के दौरान डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया और एसपी कुलदीप सिंह गुनावत भी पहुंचे। जुलूस में सुरक्षा इंतजामों की जानकारी लेकर अधीनस्थों को निर्देश दिए। जगह जगह शबील और लंगर लगाया गया।

इस दौरान अजीम खान, नजीर खान, फाजिल, हारून, रफीक राही, मोहम्मद उमर, नसीम वारसी, मतलूब, कारी कमाल, शाहिद हुसैन मसूदी, दानिश, शान खान आदि रहे।

## छत से घर में घुसे चोर हजारों का सामान चोरी

**संभल, अमृत विचार:** मुहल्ला हल्लूसराय में चामुंडा मंदिर के पास चोरों ने एक घर में घुसकर नकदी जेवर सहित तमाम कीमती सामान चोरी कर लिया।

हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर मुजब्ता मार्ग निवासी पम्मी रविवार की रात पत्नी अनीता व चार बच्चों के साथ बरामदे में सो रहे थे। देर रात ड्रम रखकर चोर मकान की ममटी पर चढ़कर छत के जीने से होकर घर में आ गए। चोरों ने कमरे में रखे दो फोन, गुल्लक और संदूक का ताला तोड़कर उसमें रखी दस हजार रुपये की नकदी व चार जोड़ी चांदी की पाजेब चोरी कर ले जाने लगे। अचानक अनीता की आंख खुल गई। चोरों को देखकर अनीता ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और आसपास चोरों की तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। तहरीर मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की।

# मातमी जुलूस में अजादारों ने किया छुरियों से मातम

कार्यालय संवाददाता, संभल

- चेहल्लुम पर नूरियो सराय समेत कई गांवों में निकले मातमी जुलूस

**अमृत विचार :** इमाम हुसैन और 72 साथियों के चेहल्लुम के मौके पर नूरियो सराय में स्थित इमामबाड़ा सगीर हसन से मातमी जुलूस निकाला गया। जिसमें इमाम हुसैन की वफादार सवारी दुलदुल अलम और ताबूत निकाले गए। अजादारों ने जियारत की और हुसैनी चौक में जंजीरों में लगी छुरियों से मातम किया। जंजीरों के मातम करने का सिलसिला इमामबाड़ा फरमान हुसैन तक जारी रहा। मातम करने वाले अजादारों मे छोटे बच्चे भी शामिल रहे।

जुलूस इमामबाड़ा फरमान हुसैन से इमामबाड़ा जायर हुसैन से होकर अपने निर्धारित रास्तों से होता हुआ देरशाम को कर्बला पहुंचा। जहां ताजिये दफनाए गए। जियारत ए इमाम हुसैन पढ़ी गई। कर्बला से अजादार अलविदाई नौहा पढ़ते हुए लौट कर इमामबाड़ों में गए। जहां फातेहा पढ़ी गई। इमामबाड़ा हाजी अजहर हुसैन में जाकर जुलूस समाप्त किया गया। मातमी जुलूस से पहले इमामबाड़ा नम्बरदारान फरमान हुसैन में मजलिसें हुईं। महिलाओं ने घरों मे मजलिस की। वहीं चेहल्लुम के मातमी जुलूस गांव इकरोटिया, बुकनाला, सिरपुड़ा में भी निकले। अजादारों ने मातम व नौहा पढ़कर शोक मनाया। मातमी जुलूस में मोहसिन रजा, गुफरान, मोहसिन, नैयर अब्बास, उरूज मेहंदी, शाने अब्बास, अली मेहंदी, सय्यद हसन आब्दी, शाहिद, साजिद, गुफरान, रहबर हुसैन, सलीम मेहंदी, शमाईम रजा, काजिम हुसैन, अली सादिक हुसैन, जहीर हसन, जहीर अली, अब्बास आदि रहे।

# विधि विधान के साथ भगवान गणेश का महाभिषेक हुआ

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** गणेश चतुर्थी मेले से पूर्व गणेश मंदिर में प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश का मंदिर के महंत सुधांशु उपाध्याय ने मंत्रोच्चारण के साथ महाभिषेक किया गया। जिसमें मंदिर के सेवादार राहुल चौधरी, मनोज गुप्ता और श्रद्धालुओं द्वारा किया गया।

इस दौरान पंच पुरोहितों द्वारा वेद मंत्रों से गणेश जी की स्तुति की गई। राहुल चौधरी ने बताया कि महाभिषेक में दूध, दही, घी, बूरा, शहद के साथ गंगोत्री, यमनोत्री सहित 31 गंगा कुंडों का पवित्र जल प्रयोग में लाया गया। जिसको नगर के श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न स्थानों से लाकर मंदिर पर एकत्र करके बाबा गणेश का महाभिषेक किया।

सोमवार से मंदिर परिसर का श्रृंगार कार्य आरंभ हो गया। महाभिषेक के अंत में मंदिर की आरती कराई गई और प्रसाद का वितरण किया गया।


महाभिषेक के बाद भगवान श्री गणेश का श्रृंगार करते सेवादार राहुल चौधरी।

इस अवसर पर बनियाखेड़ा ब्लाक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह, ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविंद्र कुमार, लोकेंद्र शर्मा, संजय गुप्ता, सुनील गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, डॉ. शेखर वार्ष्णेय, शुभम अग्रवाल, वरदान गुप्ता, योजना गुप्ता, संध्या गुप्ता, प्रतिभा चौधरी, डॉ. टीएस पाल, चंद्र सेन छोटू, प्रमोद गुरु, आकाश शर्मा, आदि मौजूद रहे।

दंगल | श्री कृष्ण जन्माष्टमी में दो दिवसीय मेले में कुश्ती का आयोजन

# मेरठ के प्रवीण ने अयोध्या के रविदास को दी पटखनी

कार्यालय संवाददाता, कुढफतेहगढ़/चंदौसी

**अमृत विचार:** कुढफतेहगढ़ में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है। मेले का आकर्षण कुश्ती रहा। जिसमें आस-पास के ग्रामीणों ने मेले व कुश्ती का आनंद लिया।

सोमवार को मेले के प्रथम दिन कुढफतेहगढ के आस-पास के गांवों से हजारों ग्रामीण मेले में पहुंचे। मेले में दंगल का आयोजन किया गया है। कुश्ती में प्रवीण पहलवान मेरठ और बाबा रविदास पहलवान अयोध्या के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसमें प्रवीण ने बाबा रविदास को पटखनी देकर कुश्ती जीती। बागपत के निर्भय पहलवान को गोविंदपुर के राहुल यादव ने, बरखेड़ा के चंद्रकेश ने कादर चौक के दिनेश को, रुड़की के सोनू ने गाजियाबाद के राहुल को, मेरठ के आकाश ने कांठ के प्रीत को, लखनऊ के राधे ने गोरखपुर के राजेश को, कैथल के महेंद्र ने अमरपुरकाशी के आजाद को, कैथल के घमंडी पहलवान ने कछला के फुरकान पहलवान को, बरखेड़ा के चंद्रकेश ने कादर चौक के दिनेश को कुश्ती में मात दी। दंगल में जगन्नाथ यादव व रामवीर सिंह ने रेफरी की भूमिका निभाई। संचालन योगेंद्र सिंह यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने किया। दंगल व मेले की व्यवस्था ग्राम प्रधान हरवीर सिंह उर्फ पप्पू यादव द्वारा की गई। जिसमें ग्राम वासियों का सहयोग रहा।


मेले में दंगल के दौरान जोर आजमाइश करते पहलवान।


दंगल में पहलवानों के हाथ मिलवाते अतिथि। ● अमृत विचार

### दंगल में पहलवानों ने दिखाया दमखम

**गुन्नौर, अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर गांव बिचपुरी सैलाब में पांचवां दंगल आयोजित किया गया। इसमें आसपास जिलों के 30 से अधिक पहलवानों ने प्रतिभाग कर दमखम दिखाया। मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. धर्मपाल यादव ने फीता काट कर दंगल की शुरुआत की। 11 हजार की इनामी कुश्ती चाचू नागल निवासी पहलवान सुशील यादव एवं जिजौंडा डांडा के पहलवान लाला पहलवान के बीच हुई। दोनों के बीच मुकाबले में सुशील ने लाला को चित कर 11 हजार के खिताब पर कब्जा किया। पांच हजार के इनामी चुनौती पूर्ण मुकाबले में बिचपुरी सैलाब के मनोज यादव ने बुलंदशहर राजघाट के पहलवान शोभित को पटखनी दी। अन्य पहलवानों ने भी कुश्ती में दमखम दिखाया। आयोजक डॉ. मनोज यादव ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर लगातार दंगल का आयोजन किया जाता है। इस दौरान सुधीर यादव, विकास यादव, सचिन, नीरेश, ओमपाल और रामखिलाड़ी आदि का सहयोग रहा।

## सार संक्षेप


राधा-कृष्ण स्वरुप में सजे बच्चे व समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों में चित्रांश को मिला प्रथम स्थान

**चन्दौसी, अमृत विचार :** आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व सिटी किड्स मांटेसरी स्कूल में मनाया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने श्रीकृष्ण व राधा का स्वरूप धारण कर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। जिसमें चित्रांश ने प्रथम, अविरल ने द्वितीय, नीलिया व आरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिन्हें मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सचिव पूनम अरोड़ा ने कहा कि जन्माष्टमी सिर्फ श्रीकृष्ण का जन्म का त्योहार नहीं है, यह भारतीय संस्कृति का एक अहम हिस्सा है। यह त्योहार हमें भगवान कृष्ण के जीवन व उनके उपदेशों की याद दिलाता है। हमें भक्ति, प्रेम व धर्म के रास्ते पर चलने की प्रेरणा देता है। बालक रूप में भारत की हर मां अपने पुत्र में श्रीकृष्ण का स्वरूप में देखती है। इस अवसर पर कमल पाल, मीनू आहूजा, रुपाली, नीलम अरोड़ा, रेखा रस्तोगी, उमा पाल, सोनी, दीक्षा, सविता, शगुन, पूजा पाल आदि मौजूद रहे।

### शशि मदन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने हासिल किए कई मेडल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** पीएमएस स्पोर्ट्स अकादमी व रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद की ओर से रविवार को पीएमएस पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय प्रमोशन रोलर स्पोटर्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलों के 220 बच्चों ने प्रतिभाग किया। स्पोटर्स चैंपियनशिप में स्कूली बच्चों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। बहजोई रोड स्थित वीनस शुगर मिल स्थित शशि मदन पब्लिक स्कूल के छात्र रश्मिथ वर्मा ने गोल्ड मेडल, अनन्त मिश्रा व लौकिक कुमार ने कास्य पदक हासिल किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय रंजन व कोच जितेंद्र कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

### दूसरे समुदाय की युवती को बाइक पर लेकर जा रहे युवक को पीटा, चार गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में दूसरे समुदाय की युवती को बाइक पर बैठाकर ले जा रहे युवक को रोककर लोगों ने युवक के साथ मारपीट की। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती सोमवार को अपने परिचित ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव निवासी दूसरे समुदाय के युवक की बाइक पर बैठकर संभल हसनपुर मार्ग पर अमरोहा जिले की नगर पंचायत सैदनगली की ओर जा रही थी। युवती को बाइक से जाते हुए देखकर उसके समुदाय का व्यक्ति बाइक से पीछा करने लगा। पीछा कर रहे व्यक्ति ने फोन कर अपने साथियों को बुलाकर थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर देव से निकलते ही युवक की बाइक को रुकवा लिया और युवक के साथ मारपीट की। सरेराह मारपीट होने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में ले लिया और थाने लेकर आ गई। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के सूफियान, शाहरुख, सारिक और राजकुमार के खिलाफ शांतिभंग की धारा में कार्रवाई की गई है।


बरसात के बाद सड़क पर वाहन में रखा जुलूस में शामिल ढ़ोल। ● अमृत विचार

### ओबरी में चेहल्लुम के जुलूस के दौरान हुई बरसात

**संभल/ओबरी अमृत विचार :** विकास खंड असमोली क्षेत्र के ओबरी में चेहल्लुम के मौके पर निर्धारित ऊंचाई के ताजियों का जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान तेज बरसात से अफरातफरी का माहौल बन गया। गांव ओबरी में चेहल्लुम पर ताजियों का मुख्य जुलूस अलग अलग इमामबाड़ों से सोमवार को दोपहर से निकाला गया। जुलूस में निर्धारित ऊंचाई वाले ताजिये रहे। अधिक ऊंचाई वाले ताजिये इमामबाड़ों के परिसरों में ही रखे रहे। ताजियों का मुख्य जुलूस रात में कर्बला पहुंचा। वहीं इमामबाड़ों के परिसरों में रखे अधिक ऊंचाई के ताजिये बुधवार की शाम तक खड़े रहेंगे। जुलूस को सुरक्षित कर्बला तक पहुंचाने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। बताया गया कि मंगलवार को सुबह बाबा भूरे शाह और अहमद शाह का चार दिवसीय उर्स का आगाज होगा। रात में कव्वाली का आयोजन होगा।

### महिला के कुंडल खींचने का प्रयास, चोर नकदी व जेवर लेकर फरार

**संभल, अमृत विचार :** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में गांव के बाहरी छोर पर बने मकान की दीवार फांदकर घर में घुसे चोरों ने नकदी व जेवर चोरी कर लिए। जाते समय आंगन में सो रही महिला के कानों से कुंडल खींचने लगे। महिला के चीखने पर चोर दीवार फांदकर भाग गए। थाना क्षेत्र के गांव शेखपुरी खालसा निवासी रामौतार का मकान गांव के बाहरी छोर पर बना हुआ है। रविवार की रात रामौतार सहित अन्य परिजन घर के आंगन में सो रहे थे। देर रात किसी समय चोर दीवार फांदकर घर में आ गए और कमरे का दरवाजा खोलकर संदूक से 15 हजार रुपये की नकदी व सोने चांदी के जेवर चोरी कर जाने लगे। जाते समय चोर रामौतार की पुत्रवधू के कानों के कुंडल खींचने लगे। जिससे महिला की चीख निकल गई। चीख सुनकर परिजन व मुहल्ला के लोग नींद से जाग गए। इस बीच चोर दीवार फांदकर जंगल की ओर भाग गए। ग्रामीणों ने भाग रहे चोरों को पकड़ने के लिए पीछा किया, लेकिन कामयाब नहीं हो सके। तहरीर मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

### महिला ने पति पर लगाया मारपीट का आरोप

**चन्दौसी, अमृत विचार :** महिला ने पति पर मारपीट करने व मायके से रुपये लाने का दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए थाना बनियाठेर में तहरीर दी है। जीतू पत्नी चंद्रहास निवासी गांव नाधौस थाना बहजोई की निवासी है। महिला की शादी 12 वर्ष पहले चंद्रहास के साथ हुई थी। महिला का आरोप है कि उसका पति काफी समय उसके साथ मारपीट करता है। मायके से बाइक व नकदी लाने की बात कहता है। महिला पिछले माह से अपने मायके गांव मानकपुर नरौली थाना बनियाठेर में रह रही है। सोमवार की महिला का पति व ससुर मायके आए और गाली-गलौज की। महिला ने पति व ससुर के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है

### दंपति में विवाद के चलते मारपीट, सात घायल

**संभल अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र के गांव घोंसली वाहन निवासी रामकिशोर की शादी 18 वर्ष पहले रजपुरा थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव से कश्मीरा देवी से हुई थी। घरेलू विवाद के चलते पति पत्नी में अक्सर झगड़ा होता था। कश्मीरा देवी ने झगड़े की सूचना मायके पक्ष के लोगों को दे दी। उसी शिकायत को लेकर गांव घोंसली वाहन में मायके पक्ष के लोग पहुंचे तो विवाद हो गया। दोनों तरफ से लाठी डंडे चले। मारपीट में शाहपुर गांव के धीरेन्द्र सिंह, चरन सिंह तथा घोंसली वाहन के टीटू, संतोष देवी, रामवीर, रामकिशोर समेत सात लोग घायल हो गए। चौकी प्रभारी सुनील कुमार भाटी ने बताया कि पति-पत्नी का आपसी विवाद है।

### इमाम हुसैन की याद में निकाला चेहल्लुम का जुलूस

**चन्दौसी, अमृत विचार :** हजरत इमाम हुसैन की याद में चेहल्लुम का जुलूस निकाला गया। जुलूस में गतका पार्टी के कलाकारों ने करतब दिखाए। सोमवार की अपराह्न तीन बजे मोहल्ला पंजाबियान बड़े इमामबाड़े से जुलूस आरंभ हुआ। जुलूस में सबसे आगे बच्चे व युवा हाथों में झंडे लेकर चल रहे थे। जुलूस में ताजिये शामिल रहे। मोहल्ला पंजाबियान से आरंभ हुआ जुलुस जारई गेट, फरुखाबादी बाजार, हुसैनी बाजार, सीकरी गेट, कुरैशियान मोहल्ला होते हुए देर शाम इमामबाड़े पर जाकर संपन्न हुआ। इस दौरान काजी मरगूब, काजी मुजीब, कलीम अनवर, नईम, सुहैल, शाहबुद्दीन, शौकत सलमानी आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाई कृष्ण जन्माष्टमी, घर-घर गूंजी बधाई

## महिलाओं ने बाल गोपाल को स्नान करा भोग लगाया, पूजा कर लिया आशीर्वाद, मंगल गीत गाए

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने जन्माष्टमी पर घरों और मंदिरों को सजाया। जन्माष्टमी पर बच्चों को कान्हा के रूप में आकर्षक श्रृंगार किया और उन्हें माखन का भोग लगाया गया।

सोमवार को जन्माष्टमी के चलते जिले में माहौल कृष्ण मय रहा। लोगों ने रंग-बिरंगे फूलों, कामिनी-अशोक की हरी पत्तियों और तरह-तरह के आभूषणों से कृष्ण के बाल रूप को घरों में बने मंदिरों में सजाया। महिलाओं ने सोमवार सुबह बाल गोपाल को स्नान करा कर भोग लगाया। इसके बाद पूरे परिवार ने पूजा अर्चना की। मंदिर में प्रसाद चढ़ाया। वहीं मंदिर में जय कन्हैया लाल की... हाथी घोड़ा पालकी के जयकारे से वातावरण गूंजते रहे। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर लोगों ने व्रत रखा। दोपहर बाद जगह-जगह बच्चे लड्डू गोपाल के रूप में सजे नजर आए। बच्चों को कृष्ण की पोशाक पहनाकर उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी अपलोड कीं। व्रती महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण का पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना की। बच्चों और युवाओं ने घरों में मनोहारी झांकियों को सजाकर भगवान का जन्मोत्सव मनाया। नगर के रियासत वाले मदिर, दुर्गा कॉलोनी स्थित मंदिर, आवास विकास कालोनी में बने मंदिर, श्रीवासुदेव तीर्थ मंदिर, बाबा गंगानाथ मंदिर, गुलड़िया रोड स्थित समेत अन्य मंदिरों को सजाया गया। लोगों ने श्रीकृष्ण की लीलाओं सहित कई झांकियां निकालीं। जिन्हें देखने के लिए शाम को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भव्य झांकियों को देखने के लिए बड़ों की अपेक्षा बच्चे उत्साहित नजर आ रहे थे। जन्मोत्सव के तहत नगर के कई मंदिरों व घरों में देर रात तक भजन-कीर्तन के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। देर रात चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत खोला।


गजरौला में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सजा श्रीराम मंदिर। ● अमृत विचार


अमरोहा की आवास विकास कॉलोनी प्रथम के मंदिर में भजन कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


कृष्ण के रूप में सजा बालक।


राधा के रूप में सजी बालिका।

### रहरा थाने में हुआ हवन

**रहरा, अमृत विचार :** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर सोमवार को थाने में शिव मंदिर में हवन हुआ। थाना अध्यक्ष रमेश सहरावत एवं समस्त पुलिसकर्मियों ने क्षेत्र में शांति के लिए हवन में आहुति डाली। हवन का आरंभ पंडित पंकज शर्मा ने किया एवं यजमान की भूमिका थाना अध्यक्ष रमेश सहरावत ने निभाई। इस दौरान एसएसआई आदेश पांचाल, एसआई नरोत्तम सिंह, आकाश कुमार, रवि बालियान, शिवम कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मंदिरों में सजी झांकियां

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा भक्तिभाव से की। जैसे-जैसे शाम होती गई, श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों में उमड़ती गई। मंदिरों में भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया। श्रीराम मंदिर समेत अन्य सभी मंदिरों की सजावट की गई। बच्चों ने मोहल्लों में भी झांकियां सजाईं। नाईपुरा में श्रीराम मंदिर व श्रीगंगा प्याऊ शिव मंदिर में पूजा के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। बुधबाजार स्थित शिव मंदिर पर समारोह किया गया।

### महाआरती के बाद शुरू होगी शोभायात्रा

**अमरोहा, अमृत विचार :** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अगले दिन (आज) शहर में निकाली जाने वाली रामडोल शोभायात्रा शहर के प्राचीन रियासत मंदिर मोहल्ला कोट से सुबह साढ़े दस बजे महाआरती के पश्चात आरंभ की जाएगी। जिसमें लगभग 137 आकर्षक एवं मनमोहक झांकियां, बैंड बाजे, ढोल ताशे इत्यादि शहर के लोगों का मुख्य आकर्षण रहेंगे।

## एक नजर

### ट्रैक्टर हटाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, एक घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव करनपुर माफी निवासी पवन पुत्र नानक सिंह का आरोप है कि उनके पड़ोसी ने गली में अपना ट्रैक्टर खड़ा किया था, जबकि गली छोटी है। उन्होंने सोमवार सुबह पड़ोसी से ट्रैक्टर हटाने को कहा तो वह नाराज हो गया और गाली गलौज करने लगा, उसने पवन पर लाठी-डंडों से वार कर दिया, जिसमें पवन गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद कुमार गोले ने बताया मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### दो किशोरों को कुत्तों ने काटा

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के नया गांव काला खेड़ा निवासी इसरार का पुत्र अरम सोमवार सुबह घर से सामान लेने जा रहा था, तभी घर के बाहर कुत्तों ने उसे घेर लिया और हमला कर घायल कर दिया। वहीं जुनैद पुत्र इस्लाम सुबह घर के बाहर खेल रहा था। तभी कुत्ते ने उस पर भी हमला कर दिया। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कुत्तों को भगाया। परिजन दोनों बच्चों को सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने उपचार किया।

### पांच दिन बाद महिला की रिपोर्ट दर्ज

**बुरावली, अमृत विचार :** गजरौला क्षेत्र के सैफीपुर निवासी महिला रजनी की पुलिस पांच दिनों से उसके बेटे पर हमले की रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही थी। भाकियू भूमि के पदाधिकारियों ने मामला जानकारी में आने के बाद पुलिस अधिकारियों से वार्ता कर महिला की रिपोर्ट गढ़ कोतवाली में दर्ज कराई। इस मौके पर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शीशपाल कटारिया, गजेन्द्र बिधूड़ी राष्ट्रीय संगठन मंत्री, प्रेम गोस्वामी, मोनिका सिंह, प्रियंका, अरविंद, सचिन त्यागी मौजूद रहे।

### पथ प्रकाश एवं सफाई का किया निरीक्षण

**हसनपुर, अमृत विचार :** जन्माष्टमी पर नगर स्थित मंदिरों की सफाई व्यवस्था एवं पथ प्रकाश का पालिका के अध्यक्ष राजपाल सैनी ने निरीक्षण किया। चेयरमैन ने श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर, चामुंडा मंदिर, हनुमान मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, शिव मंदिर, माई जी महाराज का मंदिर एवं नारायण दास बाबा का मंदिर पर पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# मंदिरों में राधा-कृष्ण की झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोहा

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** जन्माष्टमी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रात 12 बजे जब कन्हैया ने जन्म लिया तो हर तरफ उल्लास छा गया। घरों में घंटा घड़ियाल बज उठे और पूजा की गई।

सोमवार को लोगों ने व्रत रखे और फलाहार किया। शाम से पूजा की तैयारियां शुरू हो गई थीं। इस दौरान घरों में मंदिरों को विशेष रूप से रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया था। मंदिरों में भव्य सजावट की गई। बच्चों को राधा कृष्ण की पोशाक पहनाकर पूजा की गई। शहर के गढ़ी मंदिर, आनंद धाम आश्रम, प्राचीन नवदुर्गा मंदिर, संतोषी माता मंदिर, सत्यनारायण मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण का विशेष श्रंगार किया गया। बालाजी धाम में बालाजी महाराज को चोला चढ़ाया। देर रात कृष्ण का जन्म होते ही जय कन्हैया लाल की के स्वर गूंज उठे। इस दौरान कृष्ण कुमार अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, शिवकुमार वर्मा, हरिओम सारस्वत, हरिओम त्रिवेदी, राजीव त्रिवेदी, शिवप्रकाश शर्मा, ओमपाल वर्मा, विजय अग्रवाल, विनोद अरोड़ा, भोलेशाह मौजूद रहे। बछरायूं में कृष्ण के जन्म पर मंदिरों में विशेष साज सज्जा की गई। श्रद्धालुओं ने घरों में लड्डू गोपाल का श्रंगार कर पालने में झुलाया। यहां प्राचीन महादेव मंदिर, सीता जी मंदिर, कानूनगोयान शिव मंदिर, चामुंडा मंदिर आदि को सजाया गया था। रात 12 बजे भगवान की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान डॉ. शुभम शर्मा, अरुण रस्तोगी, शरद सिंह, रोहित आर्य, आदि मौजूद रहे।


मंडी धनौरा में जन्माष्टमी पर लड्डू गोपाल को झूलातीं श्रद्धालु।


कृष्ण बने बच्चे को माखन खिलाती महिला।


मुबारिजपुर में सजी राधा-कृष्ण की झांकी।

### लड्डू गोपाल को पालने में झुलाया

**हसनपुर, अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर घरों और मंदिरों में कान्हा के जन्मोत्सव पर विविध आयोजन हुए। लोगों ने बच्चों को कान्हा के रूप में सजाया। मंदिरों को भी लाइट की झालरों से सजाया गया। मंदिरों में झांकियां भी लगाई गईं। श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर में पालिका के अध्यक्ष राजपाल सैनी ने लड्डू गोपाल को पंचामृत से स्नान कर कर उनको पालने में झुलाया गया।

### धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी

**रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार :** जन्माष्टमी में ग्रामीण क्षेत्रों में मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं। पूजा अर्चना के साथ परिवार के लिए प्रार्थना की गई। आदमपुर, दड़ियाल, रहरई, फूलपुर, मुबारिजपुर, रहरा, गुरैठा खादर, जयतौली, दौरारा, चन्दनपुर, छपना, पौरारा, बुरावली व जल्लौपुर क्षेत्र में कृष्ण का जन्म होते ही जय कन्हैया लाल की के स्वर गूंजे। श्रद्धालुओं ने दिन भर उपवास रखने के बाद कन्हैया की आराधना की। उनके जन्म के बाद उपवास खोले। मंदिरों में देर रात पूजा अर्चना की गई।

## सार संक्षेप


भाकिसं के जिला अध्यक्ष का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

### भाकिसं के जिलाध्यक्ष का ब्राह्मण महासभा ने किया स्वागत

**हसनपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला राजपूत कॉलोनी निवासी पंडित अनुज शर्मा के आवास पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक हुई। जिसमें भारतीय किसान संघ के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा का स्वागत किया गया। बैठक भारतीय किसान संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष चौधरी नरेंद्र सिंह, अशोक चौहान, नगर अध्यक्ष पंडित विनय शर्मा, विशाल शर्मा, विवेक शर्मा, अश्वनी शर्मा, राहुल शर्मा, कुलदीप शर्मा, कपिल शर्मा, अभिषेक त्रिवेदी, ललित शर्मा, मनोज शर्मा आदि मौजूद रहे।


हसनपुर में प्रभात फेरी निकालते भक्त। ● अमृत विचार

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भक्तों ने निकाली प्रभात फेरी

**हसनपुर, अमृत विचार :** श्रीराम सेवा समिति के तत्वावधान में बांके बिहारी की प्रभात फेरी निकाली गई। सोमवार को व्यापारी नेता अंकुर अग्रवाल के आवास से बांके बिहारी की प्रभात फेरी प्रारंभ हुई मोहल्ला कायस्थान निवासी कुलदीप अग्रवाल के आवास पर पहुंची। जहां ठाकुर जी 24 घंटे विश्राम करेंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष पंकज भटनागर, रानू रस्तोगी, दिनेश अग्रवाल, विजय पारछा, पुनीत अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, बबलू पाल, आकाश अग्रवाल, मनोज जोशी, बीना शर्मा, पूनम शर्मा, आंचल चौहान, जतिन गुर्जर, हर्ष भटनागर, शुभम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बने भूपेंद्र सिंह

**हसनपुर, अमृत विचार :** शिक्षा में नवाचारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अमरोहा की शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन टीम का गठन किया। शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन की मंडल स्तरीय बैठक मुरादाबाद में हुई। मंडल स्तरीय बैठक में अमरोहा, रामपुर, मुरादाबाद व सम्भल के नवाचारी शिक्षक शामिल हुए। बैठक में भूपेंद्र सिंह को अमरोहा का जिलाध्यक्ष पर मनोनीत किया गया। प्राथमिक विद्यालय जग्गा नगलां ब्लॉक जोया के भूपेंद्र कुमार सागर को उपाध्यक्ष, प्राथमिक विद्यालय वंशीवाली मढ़ैया ब्लॉक गंगेश्वरी के कमल दीपेंद्र सिंह को मंत्री, कम्पोजिट विद्यालय कैलसा ब्लॉक जोया की मंजू लता को महामंत्री मनोनीत किया। कम्पोजिट विद्यालय हसनपुर कलां की नमिता मधुकर को मंडल मुरादाबाद की टीम में शामिल किया। बैठक में मुख्य अतिथि एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार रहे।


भूपेंद्र सिंह को मनोनयन पत्र देते मनोज कुमार।



पौधरोपण से पहले एकत्र लायनेस क्लब धनौरा परिवर्तन की सदस्य। ● अमृत विचार

### लायनेस क्लब धनौरा परिवर्तन की सदस्यों ने किया पौधरोपण

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** सोमवार को लायनेस क्लब धनौरा परिवर्तन की अध्यक्षा श्वेता अग्रवाल के नेतृत्व में क्लब की सदस्यों ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया। तथा घरों में लगाने के लिए विभिन्न प्रजातियों के पौधे क्लब की सदस्यों को दिए गए। लायनेस क्लब धनौरा परिवर्तन की अध्यक्षा श्वेता अग्रवाल ने कहा कि मां का रिश्ता निस्वार्थ होता है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि मुहिम में शामिल होकर एक पेड़ अपने अपने घरों के आंगन में अवश्य लगाएं। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्षा श्वेता अग्रवाल, एकता त्यागी सुधा शर्मा, कल्पना, सारिका, चित्रा, प्रियंका, नीरू, सिम्मी अग्रवाल, अलका व रूपम सहित आदि क्लब की सदस्य मौजूद रहीं।


शोभायात्रा का आरंभ करते विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी व अन्य। ● अमृत विचार


श्रीरामडोल शोभायात्रा में सजी झांकी।

# बैंडबाजे के साथ निकाली शोभायात्रा, लगाए जयकारे

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** जन्माष्टमी पर श्रीराम डोल सेवा समिति के तत्वावधान में रामडोल यात्रा निकाल जयकारे लगाए। रामडोल शोभायात्रा भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक के नेतृत्व में पाधा जी के मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, धर्मशाला मंदिर, चामुंडा मन्दिर होते हुए सैनी वाली पुलिया से होकर मुख्य बस स्टैंड से सन्तोषी माता मंदिर होते हुए रामलीला मंच पर सम्पन्न हुई। यात्रा में कृष्ण और राधा की झाकियां देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। यात्रा में श्रद्धालु डीजे पर नाचते गाते और राधा कृष्ण के भजन गाते हुए चल रहे थे। इस अवसर पर यात्रा में शरद गुप्ता, राकेश हिंदू, अरविंद शर्मा, महानन्द वर्मा, कपिल गुप्ता, हीरा वर्मा, अमन गुप्ता, सत्यम गुप्ता, अंशुल वर्मा, अतुल गुप्ता, पिंटू गुर्जर आदि लोग मौजूद रहे।


शोभायात्रा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

# ढबारसी में निकाली श्री रामडोल शोभायात्रा

संवाददाता, ढबारसी

- श्रीरामडोल शोभायात्रा का नगर में किया गया स्वागत
- महिलाओं ने खाटू श्याम की निशान यात्रा निकाली

**अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर नगर में श्रीरामडोल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की झांकियों को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। बाजार वाले शिव मंदिर में पूजा के बाद मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने शोभायात्रा का फीता काटकर आरंभ किया।

शोभायात्रा वाल्मीकि बस्ती, होली चौक, बालाजी मंदिर, पुराना बाजार, इमामबाड़ा, जामा मस्जिद, नई बस्ती, आदमपुर चौराहा, शनिवार बाजार, पुलिस चौकी, मुख्य बस स्टैंड, मंडी समिति होकर बाजार वाले शिव मंदिर पर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में गणेश, शंकर, शंकर पार्वती, राधा कृष्ण, नृत्य करते हुए कलाकार, खाटू श्याम की झांकी को खींचते श्रद्धालु, 101 महिलाओं ने खाटू श्याम की निशान यात्रा निकाली, डीजे पर घोड़ों का नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहा। सम्राट जादूगर ने करतबों से दर्शकों का मन मोह लिया। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से सीओ हसनपुर दीप कुमार पंत, थाना प्रभारी शौकेन्द्र सिंह बालियान पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम में अभिनव कौशिक, शीशराम सिंह, मुदित गूर्जर, अंकुर अग्रवाल, अंकित सागर, राहुल जाठ, राजीव त्यागी, राजीव गोयल, राजेश शर्मा, अमरपाल खड़गवंशी, सुरजीत गोयल, आशू गोयल, राजीव बंसल, दीपांशु बजरंगी, मोन्टी त्यागी, कौशल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

तैयारी

समिति के पदाधिकारियों ने विद्युत विभाग पर सहयोग नहीं करने की बात कही

# डीएम, एसपी ने किया रामडोल शोभायात्रा मार्ग का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** 27 अगस्त को नगर में निकलने वाली 117वीं रामडोल शोभायात्रा निकाली जाएगी। उससे पहले जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने श्री धार्मिक रामडोल कमेटी के पदाधिकारियों के साथ मोहल्ला कोट स्थित रियासत मंदिर पहुंचकर शोभायात्रा मार्ग का निरीक्षण किया।

कमेटी ने जिलाधिकारी को बताया कि विद्युत विभाग शोभायात्रा के मार्ग से बिजली के तारों को नहीं हटा रहा है, और न ही कोई सहयोग कमेटी को किया जा रहा है। डीएम व एसपी ने मार्ग का निरीक्षण कर संवेदनशील इलाकों को भी चिह्नित किया। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष कपिल शर्मा, महामंत्री पंकज जिंदल, पीयूष शर्मा, कुंवर विनीत अग्रवाल, विवेक शर्मा, मनु शर्मा, राज शर्मा, संजय गर्ग, रिशु दीक्षित, राजीव गुप्ता, अचल अग्रवाल, प्रदीप शर्मा, वैभव शर्मा, नमन जैन आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।


गाय को तिलक लगाते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी। ● अमृत विचार


गजरौला में गाय का पूजन करतीं चेयरमैन और ईओ। ● अमृत विचार

### डीएम व पालिकाध्यक्ष ने किया गो पूजन

**अमरोहा, अमृत विचार :** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व पालिकाध्यक्ष शशि जैन ने नगर पालिका परिषद की गोशाला व कताई मिल गोशाला में गो पूजन किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, पालिकाध्यक्ष शशि जैन ने भी गो पूजन किया। इस दौरान सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, अतुल जैन, ईओ डॉ बृजेश सिंह, सीएमओ, आदि रहे।

### चेयरमैन व ईओ ने गो माता का पूजन किया

**गजरौला, अमृत विचार :** जन्माष्टमी पर चेयरमैन राजेंद्री उर्फ उमा देवी एवं ईओ दीपिका शुक्ला ने गोशाला में पूजा की। गो पूजन के बाद प्रसाद का वितरण भी किया। इस अवसर पर स्वच्छता प्रभारी एवं लेखाकार आदेश अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, ललित कुमार, गौरव प्रजापति, रविंद्र सिंह, अक्षय शुक्ला, शुभम सिंघल, विभोर जिंदल, ओम प्रकाश सिंह, अनुज कुमार, गौरव कुमार, सफाई नायक जयचंद, गौतम कुमार, महेश चंद, मुनेश कुमार आदि रहे।

### नई पेंशन योजना सरकार का सकारात्मक कदम

**अमरोहा, अमृत विचार :** पुरानी पेंशन योजना बहाली के संघर्ष के बारे में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री एनजेसीए के केंद्रीय नेतृत्व से वार्ता करने के लिए सहमत हुए हैं। निश्चित ही यह कदम पुरानी पेंशन योजना बहाली के लिए सकारात्मक संदेश है। अभी खिड़की खुली है, लेकिन दरवाजा खुलने का इंतजार है।

महामंत्री शिवबरन सिंह यादव ने कहा कि परिषद ने वर्ष 2010 में जब पुरानी पेंशन योजना बहाली की कोई कल्पना भी नहीं करता था, पुरानी पेंशन योजना बहाली की मांग उठाना शुरू किया। लखनऊ में प्रधान कार्यालय में हुई राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद में संगठन के पदाधिकारियों ने नई पेंशन स्कीम के बारे में अपने विचार रखे। जिसमें मौजूद ज्ञानेंद्र सिंह त्यागी जिलाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने बताया कि इस कदम को कर्मचारियों के हित में माना जा रहा है।

## एक नजर

### बस की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** हसनपुर के मोहल्ला लाल बाग निवासी जुबैर पड़ोसी रियासत के साथ सोमवार सुबह बाइक से दिल्ली जा रहा था। इसी बीच नेशनल हाईवे पर गांव ख्यालीपुर ढाल के पास पीछे से आई रोडवेज बस ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी चालक बस समेत फरार हो गया। राहगीरों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने जुबैर की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया। मामले में प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तहसील के बाहर से प्रधान की बाइक चोरी

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव फत्तेपुर बाटुपुरा निवासी गजेंद्र पुत्र शीशराम ग्राम प्रधान हैं। तहसील कार्यालय से जमीन की फर्द लेने के लिए आये थे। वह बाइक को तहसील के गेट के बाहर खड़ा कर भीतर गये। कुछ देर के बाद जब वह बाहर आए तथा बाइक को गायब देखा तो उनके पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई। पुलिस को पीड़ित ने बाइक चोरी की तहरीर दी है।

### सर्राफ ने कारीगर के खिलाफ दी तहरीर

**हसनपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला निवासी सर्राफ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि एक कारीगर को 10 ग्राम सोना गलाने के लिए दिया था, वह अब सोना नहीं दे रहा। तहरीर मिलने पर पुलिस ने आभूषण कारीगर को कोतवाली में तलब कर लिया। कारीगर ने बताया कि मुझे सर्राफ ने सोना गलाने के लिए नहीं दिया। इसको लेकर विवाद बढ़ गया। कुछ ही देर में कई सर्राफ आभूषण कारीगर का समर्थन में कोतवाली पहुंच गए। सर्राफा व्यापारियों का कहना था आभूषण कारीगर पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है। सर्राफा व्यापारियों ने पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पर कार्रवाई करने की मांग की है। कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार ने बताया गया कि मामला संज्ञान में है। मामले की जांच के बाद दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जंजीरों का मातम कर खुद को किया लहूलुहान

## जुलूस में ताबूत बरामद किए, या हुसैन या हुसैन की सदाएं गूंजीं, कर्बला में दफन किए ताजिये

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** इमाम हुसैन के चेहल्लुम पर अजादारों ने जंजीर का मातम कर खुद को लहूलुहान कर लिया। गमगीन माहौल में ताबूत भी बरामद किए गए। इस दौरान फिजा में लब्बैक या हुसैन की सदाएं सुनाई दीं।

सोमवार को अंजुमन-ए-असगरी की ओर से सबसे पहले मोहल्ला बड़ा दरबार से ताबूत बरामद हुआ। जुलूस अपने तयशुदा रास्तों से होकर गुजरा। जुलूस में मातमी अंजुमन नौहा पढ़ती हुई चल रही थीं। दूसरा जुलूस सुबह 8 बजे बड़ा इमामबाड़ा दानिशमंदान से निकला। ताजियों का जुलूस रेलवे लाइन पार सुबोध नगर स्थित कर्बला पहुंचा। वहीं, मोहल्ला मंडी चौब स्थित सिब्तैन मंजिल से ताजिये का जुलूस निकला। जो दरबार ए कलां होता हुआ सबसे पहले मोहल्ला छेवड़ा पहुंचा और फिर छेवड़े के ताजिये के साथ कटरा गुलाम अली में आकर मुख्य जुलूस में शामिल हो गया। सुबह 11 बजे अजाखाना बगला से चेहल्लुम का मुख्य जुलूस बरामद हुआ। जुलूस में कदीमी पारम्परिक ताजिये निकाले गए। जुलूस कोट चौराहा, चाहगौरी, शफातपोता, बाजार शफातपोता, कटरा, गुजरी, नौबतखाना लकड़ा होता हुआ कर्बला में जाकर संपन्न हुआ। यहां मरसिया पढ़ा गया। दूसरे मोहल्लों से लगभग 30 ताजिये शामिल थे। अंजुमने अब्बासिया ने बाजार गुजरी और नौबतखाना में जंजीर का मातम किया। गमे हुसैन में अजादारों ने खुद को लहूलुहान कर लिया। फिजा में या हुसैन या हुसैन की सदाएं गूंजती रहीं।

दीवान खाना मासूम हसन आले अहमद इंटर कॉलेज में सैयद सिब्ते सज्जाद और हसन इमाम ने छुन्नू लाल दिलगीर का मशहूर मरसिया... कैद से छूटकर जब सैय्यदे सज्जाद आए...पढ़ा। काजीगली स्थित अजाखाना मुसम्मात छज्जि में रिवायेती ताजिया उठाया गया, जिसके से पहले मर्सिया पढ़ा। जुलूस का संचालन अंजुमन रजाकाराने हुसैनी ने किया। रजाकारान के काइद गुलाम सज्जाद खुरशीद हैदर जैदी, इमदाद आब्दी डॉ. चन्दन नकवी, वसीम जैदी, शाने मेंहदी, मोहम्मद हैदर, मोहम्मद गालिब, हुसैनी, कमर रजा सलीम, मोहम्मद तकी आदि रहे।


अमरोहा में जंजीरों से मातम करते अजादार। ● अमृत विचार


जुलूस निकालते अजादार। ● अमृत विचार

### जेनाब ने आबिद से पूछा, मेरे भाई की तुरबत कहां है...

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** अन्जुमने हैदरी ने चेहल्लुम का जुलूस इमाम बारगाह सैय्यद नूर गुला तालाब से सुबह बरामद किया। सबसे पहले मौलाना मोहम्मद अब्बास ने मसाहिबे आले मौहम्मद बयान किये और उस समय की मंजरकाशी पेश की। जब जिंदाने शाम से असीरो को रिहा किया था। ये जुलूस बगला दौलत शहीद बड़ी इमली पहुंचा। यहां पर जाहिद नौगांवी ने नोहा पढ़ा। इसके बाद मुख्य बाजार, अली नगर बुद्ध बाजार होता हुआ हफ्फता बाजार पहुंचा। यहाँ पर जाहिद नौगवी ने नोहा पढ़ा कि रोके जेनाब ने आबिद से पूछा मेरे भाई की तुरबत कहां है। फिर ये जुलूस कर्बला पहुंचा।


अंगारों पर चलते अजादार। ● अमृत विचार

## शहीदों के चेहल्लुम पर जुलूस बरामद

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** इमाम हुसैन और उनके 71 साथियों के चेहल्लुम पर जुलूस बरामद हुआ। सबसे पहले अजाखाना मीर मुजाहिद हुसैन में मजलिस हुईं जिसमें मर्सिया ख्वानी डॉ. नसीमुज्जफर बाकरी और उनके हमनवा ने की। मजलिस को सफी मुक्तदा ने खिताब किया। मजलिस के बाद जुलूस बरामद हुआ। जुलूस तयशुदा रास्तों व सभी स्थानीय इमामबारगाहों से होता हुआ हुसैनी चौक पहुंचा। जहां अजादारों ने दहकते हुए अंगारों पर मातम किया। जुलूस के दौरान नोहे हुसैन अब्बास सुहैल अब्बास, एजाज मुर्तजा, डॉ. लईक हैदर, अहमद रजा, हैदर अब्बास, रियाजुल हसन, मिसाल अब्बास, मुहम्मद हैदर, अयान अब्बास, सफदर अली आदि ने पढ़े। जबकि तकरीर हसन मसूद, मोहम्मद आदि रहे।

# सदस्यता अभियान में जुटें कार्यकर्ता

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** सोमवार को गोलघर स्थित एक रिसोर्ट में भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला हुई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक डॉ. हरी सिंह ढिल्लो ने एक सितंबर से होने वाले भारत जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

डॉ. ढिल्लो ने कहा कि कम से कम 100 सदस्य बनाएं तथा सभी वरिष्ठ पदाधिकारी को भी सदस्य बनाने के लक्ष्य दिया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष को दो हजार, ब्लाक प्रमुख को पांच हजार व सभासदों को 200 प्राथमिक सदस्य बनाने की बात कही। नगर पालिका के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं से प्रचार प्रसार कर कैंप लगाकर सदस्य बनाने की अपील की। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा, जिला उपाध्यक्ष शरद गर्ग, मंडल अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, सौरभ सैनी, राजीव उपाध्याय, परम सिंह मीनाक्षी जाटव, दुलीचंद गीहार, गितेश अग्रवाल, जगत सिंह सैनी, कवेंद्र गिल, सुरेंद्र सैनी, नरेंद्र सिंह, प्रत्यक्ष शर्मा, रामकिशोर सैनी, दिनेश चंद्र शर्मा बृजेश अग्रवाल, धर्मेंद्र प्रधान, सनोज प्रधान, विकास सैनी आदि मौजूद रहे।

उधर, कैलसा मंडल में भी कार्यशाला हुई। जिसमें चौधरी भूप सिंह, सुधीर चौहान, महेंद्र सिंह प्रजापति, महीपाल सिंह, जयवीर सिंह, योगेश कुमार, ओमेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में बोलते शिक्षक विधायक डॉ. हरी सिंह ढिल्लो। ● अमृत विचार

● शिक्षक विधायक ने कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों को दिया लक्ष्य

# तेंदुआ पकड़ने को लगाया पिंजरा

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव में तेंदुए ने जंगल में नीलगाय को निवाला बना लिया। ग्रामीण खेतों में पहुंचे तो नीलगाय का शव देख उन्होंने सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जंगल में तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया।

मामला तहसील क्षेत्र के गांव सदरपुर का है। यहां सोमवार सुबह ग्रामीण खेतों में काम करने के लिए गए तो गन्ने के खेत में नीलगाय का शव मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर खेतों में जानवर के पंजों के निशान को भी देखा। इसके बाद वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मौजूदगी में तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे को लगाया। वन रेंजर नरेश कुमार ने बताया कि तेंदुए ने नीलगाय को निवाला बनाया है। तेंदुए को पकड़ने के लिए जंगल में पिंजरा लगवा दिया गया है। ग्रामीणों को भी सचेत रहने के लिए कहा गया है।


हसनपुर क्षेत्र के गांव सदरपुर में पिंजरा लगाते वन कर्मी। ● अमृत विचार

### तेंदुए ने बछड़े को बनाया निवाला, किसान भागे

**अमरोहा, अमृत विचार :** रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव हाफिजपुर में किसान अरविंद व राजवीर सिंह का परिवार रहता है। सोमवार सुबह दोनों किसान खेत में काम करा रहे थे। इस दौरान तेंदुए ने हमला कर एक बछड़े को मार दिया। शिकार करने के बाद तेंदुआ बछड़े को खींचते हुए गन्ने के खेत में ले गया। यह देख किसानों और मजदूरों के होश उड़ गए। उन्होंने वहां से भाग कर जान बचाई। बाद में ग्रामीण एकत्र होकर वहां पहुंचे। लेकिन तेंदुआ बछड़े को छोड़कर वहां से भाग गया था। इसकी सूचना पर वन दरोगा पलटराम सहित थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। डीएफओ एसपी सिंह के निर्देश पर जंगल में पिंजरा लगाया गया है।

## दुकान पर मारपीट कर तोड़ा सामान, रिपोर्ट दर्ज

**अमरोहा, अमृत विचार :** जूस पीने के बाद रुपये नहीं देने को लेकर विवाद हो गया और युवकों ने मारपीट कर जूस कॉर्नर में तोड़फोड़ की। इससे राहगीरों में अफरातफरी मच गई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के बड़ा बाजार का है। मोहल्ला कटकुई निवासी बिलाल का शहर कोतवाली क्षेत्र के बड़ा बाजार में जूस कॉर्नर है। रविवार रात शहर के ही मोहल्ला बेरियान निवासी फिरोज, जहांगीर, सोनू व उनके अज्ञात साथी ने जूस पिया। पीने के बाद चारों ने रुपये नहीं दिए। टोकने पर आरोपियों ने बिलाल अहमद को मारपीट कर घायल कर दिया। बाद में काउंटर गिराते हुए तोड़फोड़ कर दी। हंगामा के बीच भगदड़ मच गई और आसपास लोग जुट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने बताया कि मामले में तीन नामजद सहित एक अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।



रालोद की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## रालोद करेगा विधानसभा क्षेत्रों की कार्यकारिणी का गठन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोकदल की बैठक एक होटल में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनवीर सिंह चिकारा ने करते हुए कहा कि चारों विधानसभा क्षेत्रों के अध्यक्ष और नगर अध्यक्ष कार्यकारिणी का गठन करें।

बैठक में मोहम्मद गुफरान को नगर अध्यक्ष बछरायूं मनोनीत किया। पूर्व लेफ्टिनेंट इस्माइल चौधरी, दिलदार हुसैन, चौधरी गजेंद्र सिंह, जोगेन्द्र सिंह को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। बैठक का संचालन सतीश चौधरी ने किया। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह, चौधरी सरजीत सिंह, हरपाल सिंह, सचिन चौधरी, योगेन्द्र सिंह, इरफान अली, राजीव राठी, रवि राठी, सुमित चौधरी, अंकुर चौधरी, संजीव चौधरी, रोहित चौधरी, बोबीन चौधरी, किरत पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप


गाय का तिलक करते शिक्षक विधायक व चेयरमैन। ● अमृत विचार

### ब्लॉक प्रमुख व पालिकाध्यक्ष ने गायों को खिलाया चना-गुड़

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** चुचेला कलां गांव स्थित गोशाला में शिक्षक विधायक डॉ. हरी सिंह ढिल्लो, ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा व नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने गायों का पूजन किया। उन्हें तिलक लगाया और गुड़, चना खिलाया। इस अवसर पर पशुधन प्रसार अधिकारी नेपाल सिंह, डॉ. कुलदीप सिंह, लोकेंद्र सिंह, मलखान सिंह रहे। वहीं, कान्हा गोशाला में प्रवीण अग्रवाल व ईओ अरुण कुमार यादव ने गो माता की पूजा की। इस अवसर पर सिम्मी अग्रवाल, जितेश कुमार, पशुधन प्रसार अधिकारी, नेपाल सिंह, डॉ. कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।


उझारी में निकलता चेहल्लुम का जुलूस। ● अमृत विचार

### उझारी में निकला चेहल्लुम का जुलूस

**उझारी, अमृत विचार :** नगर पंचायत उझारी में चेहल्लुम का जुलूस शांतिपूर्वक तरीके से निकाला गया। जुलूस कस्बे से टीपू चौक से होते हुए बस स्टैंड संभल हसनपुर मार्ग से होता हुआ कर्बला पहुंचा। जहां इमाम हुसैन के ताजिए दफनाए गए। अलविदा मजलिस हुई और जुलूस समाप्त हुआ।

### कल जिलाधिकारी को सौंपेगे ज्ञापन

**गजरौला, अमृत विचार :** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की खादगूजर बिजलीघर पर बैठक हुई। इसमें पश्चिमी उप्र के अध्यक्ष चौधरी उपेन्द्र सिंह ने कहा जब किसान डीजल, पेट्रोल, गैस, यूरिया, खाद, कीटनाशक आदि सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर खरीदने के लिए बाध्य है तो किसान के उत्पाद सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर बिकवाने की बाध्यता क्यों नहीं है। कहा कि देश के 250 किसान संगठनों ने एमएसपी गारंटी किसान मोर्चा के बैनर तले मोर्चा के अध्यक्ष वीएम सिंह के नेतृत्व में एमएसपी गारंटी कानून बनवाने के लिए किसानों की लड़ाई लड़ने का फैसला किया है। 28 अगस्त को सभी जनपदों में मोर्चा में शामिल किसान संगठनों के साथ मिलकर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री व नेता प्रतिपक्ष को ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

### अलमारी के ताले तोड़कर 9 लाख रुपये चोरी

**सैदनगली, अमृत विचार :** चोरों ने अलमारी के ताले तोड़कर 9 लाख रुपये साफ कर दिए। सैदनगली निवासी नाजिम पुत्र नफीस रविवार रात परिवार के साथ भांजे की शादी में मुरादाबाद गए हुए थे। चोरों ने उनकी छत का जाल तोड़कर कमरे में रखी लकड़ी अलमारी से नौ लाख रुपये को चोरी कर लिए। जानकारी पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू की। पीड़ित मोहम्मद नाजिम ने बताया कि वह भांजे की शादी में मुरादाबाद गए हुए थे। जब वह शादी से वापस लौटे थे उन्होंने अपने घर में लकड़ी की अलमारी के ताले टूटे देखे तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने अलमारी को चेक किया तो उनमें रखे नौ लाख रुपए गायब थे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की है। बता दें की पुलिस चौकी से मात्र 500 मीटर की दूरी पर पीड़ित मोहम्मद नाजिम का घर है।

### गांव की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव मुबारिजपुर में सोमवार को भाकियू शंकर के पदाधिकारियों की पंचायत ब्लाक अध्यक्ष के घर हुई। इसमें डॉ. योगेन्द्र सिंह ने कहा कि सभी एकता में रहकर संगठन को मजबूत करें तथा सरकार से किसानों को लाभ दिलाने के लिए विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया जा रहा है। मंगलवार को तहसील पर राष्ट्रीय स्तर की बैठक होगी। संगठन के सभी लोग समय पर पहुंचें और अपनी अपनी समस्याओं से पदाधिकारियों को अवगत कराएं ताकि समस्या का समाधान हो सके। सरकार से किसान पेंशन देने की मांग की जा रही है। इस मौके पर गोकल, श्रीपाल धनखड़, महेन्द्र सिंह, राजवीर, लालसिंह, चन्द्रेश, भग्गन, शिवा, सूरजपाल, ओमपाल, लल्लू आदि रहे।


हसनपुर में शपथ लेती सदस्य टोली। ● अमृत विचार

### कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न सहन नहीं होगा

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव रूपानंगल में उपस्थित सभापति एवं सदस्यता टोली सदस्य कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है। इनका उत्पीड़न सहन नहीं किया जाएगा। एक सितंबर से शुरू होने वाले सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओ को पहले खुद सदस्य बनना है बाद में परिवार और गांव के प्रत्येक 18 वर्ष उम्र पूर्ण होने वाले सदस्यों को 88000022024 पर मिस्ड कॉल कर सदस्य बनाना है। इस अवसर पर सुनील कुमार, गोवर्धन, योगेश, थान सिंह , जसवंत, हरजीत, रवि, राजेंद्र, मुकेश, करन सिंह, पंकज, मुकेश एवं कमल आदि उपस्थित रहे।

## उत्तराखंड-आसपास

## 18 घंटे लॉकअप में बंद रखा 22 हजार रुपये कराए ट्रांसफर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● पुलिस पर आरोप लगाकर की एसएसपी से शिकायत

**अमृत विचार :** थाना उसहैत क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस पर 18 घंटे लॉकअप में बंद करने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की है। कहा कि लॉकअप में बंद रखने के दौरान पुलिस ने खाने-पीने को कुछ नहीं दिया। प्रताड़ित करके उससे 22 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए।

गांव रिजौला निवासी राजपाल सिंह पुत्र हाकिम सिंह ने एसएसपी को शिकायत पत्र दिया कि 23 अगस्त शाम लगभग 8 बजे उनके पड़ोसी पिंकी और सुरजीत के बीच बाइक को लेकर झगड़ा हो गया था। डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस धीरेंद्र और विजय को पकड़कर थाने ले गई। पड़ोसी होने की वजह से वह फैसला कराने थाने पहुंचा। पुलिस ने दोनों पड़ोसियों के साथ उसे भी लॉकअप में बंद कर दिया। 18 घंटे तक बंद रखा जबकि उसका विवाद से कोई लेना देना नहीं था। लॉकअप में पुलिस ने कुछ खाने-पीने को नहीं दिया। उनके परिजनों को भी सूचना नहीं दी। आरोप है कि पुलिस ने प्रताड़ित करते हुए 22 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। दोनों पक्ष का फैसला करा दिया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा की ड्यूटी में गए थे। घटना की जानकारी की जाएगी। इसके बाद अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

## चार बच्चे अचानक हुए लापता, गुमशुदगी दर्ज

**बाजपुर, अमृत विचार:** यहां चार नाबालिग अचानक घरों से लापता हो गए। ये चारों आपस में दोस्त बताए जा रहे हैं। आसपास खोजबीन करने के बाद भी जब पता नहीं चला तो परिजन ने कोतवाली में गुमशुदगी तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बच्चों की तलाश शुरू कर दी है जिसमें सीसीटीवी आदि की मदद ली जा रही है।

कोतवाली पहुंचे लापता बच्चों के परिजन ने पुलिस को बताया कि वह लोग नगरपालिका के वार्ड नंबर-12 मोहल्ला भोना इस्लामनगर में निवासरत हैं। उनके बच्चे ध्रुव (15) पुत्र प्रीतम, सोहम (13) पुत्र बाबू, लवप्रीत गिल (13) पुत्र राजू गिल व आकाश सिंह (12) पुत्र राजेंद्र सिंह आपस में दोस्त हैं और एक साथ रहते व खेलते हैं। रविवार की देर सायं करीब साढ़े 6 बजे चारों बिना बताए कहीं चले गए।

## दोस्त के साथ गए युवक का खाली प्लाट में मिला शव

संवाददाता, काशीपुर

● गाजियाबाद में करता था नौकरी, कुछ समय से घर पर ही था

**अमृत विचार:** काशीपुर के खड़कपुर देवीपुरा स्थित क्रॉसिंग के पास एक खाली प्लाट में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस ने शव के पास से एक कार बरामद की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बता दें कि सोमवार सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान खड़कपुर देवीपुरा रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित एक प्लाट में एक युवक का शव दिखाई दिया। जिसके बाद लोगों में हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर आईटीआई थाना प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी मय फोर्स के मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लेते हुए शव को कब्जे में लिया। जिसके बाद पुलिस ने मृतक की पहचान आवास विकास निवासी 32 वर्षीय शशांक डोभाल पुत्र कृष्ण कुमार के रूप में की। वहीं घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता कृष्ण कुमार डोभाल ने बताया कि रविवार को उनका पुत्र घर से अपने दोस्त की कार लेकर निकला था। बताया कि शशांक पूर्व में नशा करने का आदी था और गाजियाबाद में नौकरी करता था। उसे डिप्रेशन की बीमारी थी, इसलिए एक दो महीने से घर में ही रहता था।

## 23 लाख की ठगी में तीन आरोपी गिरफ्तार

**देहरादून, अमृत विचार :** स्पेशल टास्क फोर्स की साइबर टीम ने नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाले गैंग का भंड़ाफोड़ किया है। टीम ने गैंग की तीन सदस्यों को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। गैंग ने देहरादून निवासी युवक से नौकरी दिलाने की बात कह कर 23 लाख रुपये की ठगी की थी।

एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने बताया कि देहरादून के मोहब्बेवाला निवासी युवक ने साइबर क्राईम पुलिस स्टेशन देहरादून में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उससे रजिस्ट्रेशन, इंटरव्यू आदि के नाम पर झांसा देकर कुल 22 लाख 96 हज़ार रुपये जमा करा लिए। ठगी में साइबर टीम ने दिल्ली में जनकपुरी में दबिश देकर दो भाइयों अलमास आजम (29) व अनस आजम (25) और विकासपुरी, दिल्ली निवासी सचिन अग्रवाल (41) को गिरफ्तार कर लिया।

## केदारनाथ पैदल मार्ग पर घोड़े खच्चरों की आवाजाही शुरू

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** केदारनाथ पैदल मार्ग पर 26 दिनों बाद आवाजाही शुरू हो गई है। अभी मार्ग पर घोड़े-खच्चरों से राशन व अन्य सामग्री की आपूर्ति की जा रही है। शीघ्र ही तीर्थयात्रियों के लिए भी मार्ग को खोल दिया जाएगा।

मालूम हो कि 31 जुलाई की रात भारी अतिवृष्टि के चलते केदारनाथ-गौरीकुंड पैदल मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। करीब 19 किलोमीटर लंबा यह मार्ग 29 स्थानों पर क्षतिग्रस्त हुआ था। इससे हजारों तीर्थयात्री व स्थानीय लोग विभिन्न पड़ावों पर फंस गए थे। प्रदेश सरकार के निर्देश पर युद्ध स्तर राहत एवं बचाव कार्य किया गया और फंसे सभी लोगों को सकुशल निकाल लिया गया। केदारघाटी में भारी तबाही की वजह से बाबा केदार की यात्रा को स्थगित कर दिया गया था। करीब 10 दिनों बाद हेलीकॉप्टर से यात्रा शुरू हो गई। लेकिन मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने से पैदल यात्रा प्रारंभ नही हो सकी। इधर, केदारनाथ पैदल मार्ग को दुरुस्त करने में जुटे जिला प्रशासन एवं मजदूरों की कड़ी मेहनत के बाद उसे काफी हद तक ठीक कर लिया गया है। इस मार्ग को घोड़ा खच्चर संचालन के लिए दुरुस्त कर लिया गया है। घोड़े-खच्चरों की मदद से राशन व अन्य सामग्री ले जाई जा रही है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया जिला प्रशासन जल्द से जल्द पैदल मार्ग को ठीक करने में जुटा है। पैदल मार्ग पर सैकड़ों की संख्या में लोनिवि गुप्तकाशी के मजदूर मार्ग का ट्रीटमेंट करने में लगे हुए हैं।

# बगैर किसी वैध परिस्थिति के जीवनसाथी का साथ न देना क्रूरता

## हिंदू विवाह केवल सामाजिक अनुबंध नहीं एक संस्कार: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बिना किसी उचित कारण के जीवनसाथी का साथ देने से इनकार करने को हिंदू विवाह कानून के तहत क्रूरता माना है। कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि कोई भी व्यक्ति जो वैवाहिक संबंध में प्रवेश करता है, वह अपने चुने हुए जीवनसाथी के साथ अपनी संगति का आनंद लेने और उसे साझा करने का सामाजिक तथा व्यक्तिगत दायित्व लेता है।

एक व्यक्ति दूसरे को बिना किसी कारण के जब अपनी संगति से पूरी तरह से वंचित करता है तो इसे क्रूरता ही मानी जाएगी। कोर्ट ने हिंदू विवाह के संदर्भ में क्रूरता की अवधारणा को परिभाषित करते हुए कहा कि हिंदू विवाह एक संस्कार है, न कि केवल



- कोर्ट ने पति द्वारा लगाए गए क्रूरता के आरोपों को बरकरार रखा

एक सामाजिक अनुबंध, जिसमें एक साथी बिना किसी वैध परिस्थिति के दूसरे को छोड़ देता है। ऐसा आचरण विवाह की आत्मा और भावना को नष्ट कर देता है। हिंदू विवाह की आत्मा की मृत्यु पति या पत्नी के लिए क्रूरता का कारण बन सकती है, जो न केवल शारीरिक संगति से बल्कि सभी स्तरों पर अपने पति या पत्नी के साथ पूरी तरह से वंचित हो जाता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति दोनाडी रमेश की खंडपीठ ने श्रीमती अभिलाषा श्रोती की प्रथम अपील को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए की। मामले के अनुसार वर्ष 1989 में पक्षकारों का विवाह संपन्न हुआ। दंपति के बीच वैवाहिक रिश्ता मुश्किलों से भरा था। शादी के कुछ साल बाद दंपति अलग हो गए, लेकिन 1999 में उनके बीच कुछ समय के लिए सुलह हो गया। इसके बाद वर्ष 2001 में वे हमेशा के लिए अलग हो गए। पत्नी ने वर्तमान अपील प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय झांसी द्वारा पारित तलाक के आदेश को चुनौती देते हुए दाखिल की। पत्नी की अपील पर विचार करते हुए कोर्ट ने पति द्वारा लगाए गए क्रूरता के आरोपों को बरकरार रखा। कोर्ट ने तलाक के आदेश को बरकरार रखते हुए पत्नी को स्थाई गुजारा भत्ता के रूप में 5 लाख रुपए देने का आदेश दिया।

## कोल्ड ड्रिंक में नशीली दवा पिलाकर किया बलात्कार, रिपोर्ट दर्ज

**मथुरा, एजेंसी :** जिले में सुरीर क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की को कोल्ड ड्रिंक में नशीली दवा मिलाकर पिलाने और उसके साथ बलात्कार करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि सुरीर थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी एक महिला द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछली 11 अगस्त को उसकी 16 वर्षीय पुत्री खेत पर गई थी जहां पड़ोसी गांव खायरा के रहने वाले आकाश और राम कोल्ड ड्रिंक पी रहे थे। महिला का आरोप है कि उन्होंने उनकी पुत्री को भी कोल्ड ड्रिंक पिला दी, जिसमें कोई नशीला पदार्थ मिला रखा था। महिला का आरोप है कि इसे पीने के बाद उनकी पुत्री को नशा हो गया और फिर आरोपियों ने लड़की के साथ दुष्कर्म किया। अधिकारियों के मुताबिक, महिला का आरोप है कि आरोपियों ने मोबाइल फोन से लड़की की अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दी।

## जिसे फिसड्डी माना वह प्रस्तुत कर रहा कानून-व्यवस्था का मॉडल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मोक्ष ग्रंथ है भगवतगीता न्यायपालिका में भी इसके प्रति उतनी ही श्रद्धा: योगी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश पुलिस बल ने हानि-लाभ की चिंता के बिना कर्म को प्रधान माना है। जिस पुलिस व प्रदेश को सबसे फिसड्डी मान लिया गया था। आज वह देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है। कानून-व्यवस्था का मॉडल प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने कहा कि भगवत गीता मोक्ष ग्रंथ है। न्यायपालिका में भी इसके प्रति उतनी ही श्रद्धा का भाव रखती है, जितना सनातन धर्मावलंबी रखते हैं। मुख्यमंत्री सोमवार को राजधानी के रिजर्व पुलिस लाइन में कृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन व कृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृष्ण भी अर्जुन से यही कहते हैं कि कर्म करो, फल की चिंता न करो। हम अक्सर कर्म से पहले लाभ-हानि की चिंता करते हैं। ऐसा करने से हम उसके पुण्य से वंचित हो जाते हैं। अच्छा करेंगे तो अच्छा होगा, बुरा करेंगे तो पाप से कोई मुक्त नहीं कर सकता। लोक कल्याण का कार्य किया है तो उसके पुण्य से कोई ताकत वंचित नहीं कर सकती।

कर्म की प्रेरणा महत्वपूर्ण है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा, संजय सेठ, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, मुख्य सचिव मनोज सिंह, अपर मुख्य सचिव (गृह) दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### नीरज अवस्थी और मुंतजिर को भेजा गया जेल

**कानपुर, अमृत विचार :** जूही लाल कालोनी की विधवा महिला की संपत्ति पर साथियों के साथ कब्जा करने के मामले में गिरफ्तार किए गए प्रेस क्लब के पूर्व उपाध्यक्ष नीरज अवस्थी और पत्रकार मुंतजिर अंसारी को सोमवार को स्पेशल मजिस्ट्रेट के यहां पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। जूही लाल कालोनी निवासी राबिया बेगम ने दर्ज एफआईआर में बताया कि पति की 2019 को मौत हो गई थी। उनका 530 गज का भूखंड साकेत नगर में है। आरोप है कि पति की मौत के बाद उक्त संपत्ति पर पत्रकार नीरज अवस्थी, प्रदीप श्रीवास्तव, मुंतजिर अंसारी व अन्य 40 से 50 पत्रकारों ने आपराधिक गुटों के साथ मिलकर कब्जा कर लिया। जगह खाली करने के लिए बोला तो मेरे पुत्र अमान अली को जान से मारने की धमकी देकर डराया धमकाया गया। आरोप है कि पत्रकारों के आतंक से लगभग 1 साल तक कानपुर छोड़कर अपने पुत्र के साथ फर्रुखाबाद चली गई थी।

### एससी आरक्षण पर कांग्रेस को देना चाहिए जवाब

**लखनऊ, अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने सवाल करते हुए कहा कि जातीय जनगणना के बाद क्या कांग्रेस एससी, एसटी व ओबीसी वर्गों को वाजिब हक दिला पाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एससी-एससी आरक्षण के वर्गीकरण व क्रीमीलेयर को लेकर अभी भी चुप्पी साधे हुए है। कांग्रेस को इसका जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बसपा वर्षों से जातीय जनगणना के लिए पहले केंद्र की तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर व वर्तमान में भाजपा सरकार पर दबाव बना रही है। इसकी पार्टी वर्षों से पक्षधर रही है और अभी भी है। उन्होंने कांग्रेस को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि बसपा संस्थापक कांशीराम को अपनी गंभीर बीमारी की हालत में भी हास्पिटल छोड़कर रात में इनकी सरकार के तत्कालीन गृह मंत्री को हड़काना पड़ा था। विपक्ष ने भी संसद को घेरा था, तब जाकर यह कांग्रेसी सरकार हरकत में आई थी। उस समय केंद्र की कांग्रेस सरकार की नीयत खराब हो चुकी थी। जो कुछ भी अनहोनी के बाद राष्ट्रपति शासन लगाकर पर्दे के पीछे से अपनी सरकार चलाना चाह रही थी। बसपा ने इनका यह षडयंत्र फेल कर दिया था।

### झूठी खबर छापने के मामले में पत्रकारों को दी राहत

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दो मानहानि और झूठी खबर छापने के मामले में पत्रकारों को राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। याचियों पर उत्तर प्रदेश पुलिस ने आपराधिक मानहानि का मामला दर्ज किया था, क्योंकि उन्होंने पुलिस जीप से कथित रूप से डीजल चोरी होने की खबर प्रकाशित करवाई थी। रिपोर्ट के सामने आने के बाद पुलिस ने याचियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) की धारा 212 (झूठी सूचना), 229 (झूठे साक्ष्य देने की सजा) और 356 (मानहानि) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी एक्ट) की धारा 66 का हवाला देते हुए पुलिस स्टेशन फतेहगंज बांदा में आपराधिक मामला दर्ज किया। याचियों के अधिवक्ता ने दावा किया कि आपराधिक मामला दुर्भावनापूर्ण इरादे से दायर किया गया था और वास्तव में पत्रकारों ने कोई अपराध नहीं किया था।

### कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में शामिल हुए अखिलेश

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव सोमवार को यदुनगर जौरी बिजनौर रोड सरोजनी नगर स्थित राधाकृष्ण मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में शामिल हुए। वहां उन्होंने पूजा अर्चना की और भगवत भजन सुना। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी और अयोध्या के पूर्व विधायक पवन पाण्डेय भी उनके साथ कार्यक्रम में शामिल रहे। इस अवसर पर इस्कान से आस्था रखने वाले विदेशी भक्तों ने हरेरामा-हरेकृष्णा के भजन भी प्रस्तुत किए। अखिलेश यादव ने पार्टी पूर्व विधायक श्याम किशोर यादव के पिताजी एवं वरिष्ठ समाजवादी नेता स्व. हीरा लाल यादव की समाधि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। यहां सपा प्रमुख ने कहा कि वरिष्ठ समाजवादी नेता हीरा लाल आजीवन सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ते रहे। वे नेताजी के साथी और पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे।

## सेवानिवृत न्यायाधीशों के नाम से पहले सेवानिवृत्त शब्द का प्रयोग अनुचित

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के संबोधन को संशोधित करते हुए कहा कि सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को न्यायमूर्ति कहकर ही संबोधित किया जाएगा। उनके नाम के पहले सेवानिवृत्त शब्द का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए।

सेवानिवृत्त शब्द को न्यायाधीश के नाम के साथ इस तरह नहीं जोड़ा जाना चाहिए, जैसे कि वह न्यायाधीश का पद हो। हाईकोर्ट के न्यायाधीश सेवानिवृत्त होने के बाद भी अपने नाम के साथ न्यायमूर्ति संबोधन लगाते हैं। सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के नाम का उल्लेख सेवानिवृत्त न्यायाधीश या हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के रूप में किया जाना चाहिए। सेवानिवृत्त होने के बाद न्यायाधीश के नाम से पहले 'सेवानिवृत्त' शब्द का प्रयोग होना चाहिए, यह एक भ्रांति है, जिस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकलपीठ ने लवकुश तिवारी और 1486 अन्य की याचिका पर विचार करते हुए की, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ के अपर मुख्य सचिव (गृह) के व्यक्तिगत हलफनामे में न्यायाधीश के नाम का वर्णन करते समय प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया गया है।

# शारदा नहर कटने से दर्जनों गांव जलमग्न

संवाददाता सदरपुर/ सीतापुर

**अमृत विचार:** सीतापुर में शारदा सहायक नहर के पास बनी सड़क धसने से अचानक नहर कट गई। ज़िले के कई इलाकों में किसान अभी बाढ़ से निपट भी नहीं पाए थे कि तेज बहाव से कटी शारदा नहर के पानी से उनकी हजारों बीघा फसल जलमग्न हो गई। इसके अलावा शारदा नहर का पानी तेज़ी से करीब दो दर्जन गांवों को अपनी जद में लेने के बाद अब और गांवों की ओर रुख कर रहा है। नहर का भयावह मंजर देखकर आस पास के गांव वालों में दहशत का माहौल है। उपजिलाधिकारी और क्षेत्रीय विधायक मौके पर लोगों की मदद के लिए पहुंचे हैं। हालांकि कई थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है और रेस्क्यू ऑपरेशन कर लोगों को सुरक्षित गांव से ऊंचे स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। हादसा सदरपुर इलाके के सद्धूपुर गांव के पश्चिम रूसहन पुल के पास की है।



नहर कटने से धंसी सड़क, आवागमन का रास्ता हुआ बंद।

### तेज़ बहाव से कटी आठ फिट ऊंची सड़क

सदरपुर थाना क्षेत्र के सद्धूपुर गांव के निकट शारदा सहायक नहर में ज्यादा पानी के चलते तेज़ बहाव से नहर की पटरी कट जाने से किनारे की आठ फिट ऊंची सड़क के धंसने से कोहराम मच गया। नहर के कटने के बाद पानी के तेज़ बहाव ने पास के ही दो दर्जन गावों में सैकड़ों किसानों की हजारों बीघा जमीन को अपनी जद में ले लिया। नहर कटान के भयावह मंजर से ग्रामीणों में हाहाकार मच गया। गांवों के लोग अपने परिवार को बचाने के लिए ऊंची जगह तलाश रहे हैं।

## धर्म दर्शन

### श्रीकृष्ण जन्म स्थान

बर्बरता और अत्याचार की कुछ कम कहानियां थीं? आक्रान्ताओं ने जनता को लूटा, किन्तु इतने से ही वे संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने लोकविश्वास और आस्था को तोड़ने के लिए मन्दिरों और मूर्तियों को भी तोड़ा। किन्तु उससे भी बड़ी बात वह अमृत-चेतना है कि तुमने सौ बार तोड़ी, किन्तु वह फिर से और अधिक तेज से उद्दीप्त होकर खड़ी हो गई। 1815 में ईस्ट-इंडिया कंपनी ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि को नीलाम किया, बनारस के राजा पटनीमल ने उसे खरीद लिया।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

1944 में पं. मदन मोहन मालवीय ने जुगल किशोर बिरला की आर्थिक सहायता से कटरा के तत्कालीन मालिक रायकृष्णदास से यह भूमि खरीद ली। मालवीय जी की अन्तिम इच्छा को साकार करने के लिए 1951 में जुगल किशोर बिरला ने श्रीकृष्ण जन्म स्थान-सेवासंघ नाम से एक ट्रस्ट बनाया, जिसके अध्यक्ष लोकसभाध्यक्ष जीवी मावलंकर बने और बाद में श्री अनन्तशयनं आयंगर ट्रस्ट के अध्यक्ष बने। भागवत भवन के निर्माण की कहानी, पढ़ी-सुनी नहीं, आंखों देखी है। उस समय तनिक सा सौभाग्य प्रभु-कृपा से इन पंक्तियों के लेखक को भी मिला, जब 1966-67 में श्रीश्रीकृष्ण जन्मस्थान-सेवासंघ की पत्रिका श्रीकृष्ण संदेश के संपादन की सेवा का सुयोग बना। सोचने की बात है! भागवत-भवन कभी राजनीति का मुद्दा बना? नहीं! क्यों? महामना मालवीय जैसा निर्मल और विशाल हृदय संकल्प तो उन्हीं का था। हनुमानप्रसाद पोद्दार और सेठ जुगल किशोर बिरला का निश्छल-भाव मिल गया, फिर तो सारी बाधाएं मानो शरण में ही आगयीं। बिरलाजी का विचार था कि इस मन्दिर में श्रीमद्भागवत को शिलांकित कराया जाए, लेकिन वह काम बहुत कठिन था, ताम्रपत्र पर अंकित करने की विधि बहुत आसान थी। इसलिए जयदयाल डालमिया के नेतृत्व में ट्रस्ट ने यही निश्चय किया। भव्य भागवतभवन! उसकी दीवालों पर ताम्रपत्रो में श्रीमद्भागवत अंकित है। आज भागवत-भवन समस्त भारत का आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

### विश्वात्मा के विश्वरूप हरि विष्णु

ब्रह्मा, विष्णु और शिव इन त्रिमूर्ति की कल्पना में विष्णु का विश्वरूप निखर कर सामने आया उनको विश्वात्मा के विश्वरूप के सात्विकतत्व के रूप में मान्यता प्राप्त हुई। इस तात्विक रूप में उनके प्रमुख कार्य संयोजन, धारण, केन्द्रीकरण और संरक्षण माने गए। सृष्टि की जो प्रवृतियां केन्द्र की ओर जाती है, एकता की भावनात्मक शक्ति उत्पन्न करती हैं, प्रकाश और सत्य का निर्देश करती हैं, वे सभी विष्णु से उत्पन्न होती है। जैसा कि विष्णु शब्द की व्युत्पत्ति 'विष्लृ' धातु अर्थात सर्वत्र विस्तार या व्यापक होने से स्पष्ट है।

महाभारत के उद्योग पर्व (5/70/13,214) के अनुसार भी विष्णु सर्वत्र व्यापक हैं, वे सबके स्वामी और विध्वंसक शक्तियों का दमन करते हैं। इसीलिए उनको सभी शक्तियों पर स्वामित्व प्राप्त हुआ। 'विष्णु सहस्रनाम' मे उनके एक हजार नामों का उल्लेख है। पांचरात्र या पंचदेवोपासना (शिव, शक्ति, गणेश, विष्णु और सूर्य) के प्रवर्तक आदि गुरू शंकराचार्य जी ने अपने भाष्य में विष्णु के सभी हजार नामों का अर्थ और रहस्य बताया है। उनका "हरि" नाम ही समस्त पापों और दुःखों के हरण का द्योतक है। आचार्य ब्रह्मयोगीने "कलिसन्तरण उपनिषद" (2/1/215) के अपने भाष्य मे लिखा हे, "जो अग्यान(अविद्या)और इसके दुष्परिणाम का अपहरण करता है, वह हरि है।" एक अति संक्षिप्त लेख माला में भगवान विष्णु के सभी नामों की व्याख्या अकल्पनीय है। इसलिए यहां मात्र शेषशायी विष्णु भगवान के "नारायण" की व्याख्या ही उल्लिखित है। इस शब्द की दो उपाधियों में पहली का अर्थ 'नार' अर्थात जल में निवास करने वाला है। इसकी दूसरी व्याख्या है, "जिसमें समस्त नरों (मनुष्यों का अयन) आवास हो।" नारायण की महिमा का विस्तृत विवरण महाभारत के मोक्षधर्म के नाराणीय उपाख्यान में ऋषि नारद उत्तरदिशा की लंबी यात्रा के क्रम में छीरसागर के तटवर्ती श्वेत द्वीप पर जा पहुंचे थे जहां श्वेत या धवल वर्ण के निवासी नारायण अर्थात विष्णु के उपासक थे।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

परवर्ती महोपनिषद के अनुसार नारायण विष्णु ही। अनन्त हैं। नारायणीय उपनिषदों का मूल मंत्र है- "ॐ नमो नारायणाय।" जहां तक मूर्तिविग्यान अथवा प्रति माशास्त्र का प्रश्न है विष्णु की प्रतिमाओं मे विविधता सर्वाधिक है। मूर्तिकारों ने श्रीहरि विष्णु के विभिन्न अवतारों के प्रमुख गुणों का सवावेश विभिन्न मूर्तियों में किया है। प्रतिमा शास्त्र का एक प्रमुख संस्कृतग्रंथ "रूपमण्डन" है। पद्मपुराण एवं रूपमंडन के अनुसार कुछ प्रमुख मूर्तियों की व्याख्या निम्नवत् हैः- केशव (लंबे कशवाले)। माधव(मायापति या ग्यानपति)। गोविन्द (पृथ्वी के रक्षक)। विष्णु (सर्वव्यापक)। नारायण (शेषशायी, सार्वभौम निवास। जनार्दन (भक्तपुरस्कर्ता या भक्तों की पुकार सुनने वाला)। उपेन्द्र (इन्द्र के भ्राता या परम सहायक)। हरि (दुःख, दारिद्र्य, पाप आदि का हरण करने वाला)। वासुदेव (विश्वान्तर्यामी)। कृष्ण (सबके आकर्षण का केंद्र, श्याम) आदि। महाभारत में वसुदेव द्वारा देवकी के गर्भ से श्रीहरिविष्णु के श्रीकृष्णरूप से अवतरण का उल्लेख है। आदि पर्व में इनकी गणना बारह आदित्यों में सबसे कनिष्ठ किन्तु गुणों सबसे श्रेष्ठ की गई है। वनपर्व में समुद्र सोखने के लिए देवों द्वारा इनकी स्तुति तथा इनके द्वारा ही देवताओं के कार्य के निमित्त महर्षि अगस्त्य के पास भेजने का वर्णन, अध्याय 102 तथा 103 में हुआ है। गीता के गायक, कुरुक्षेत्र के युद्ध में पार्थसारथी एवं महासमर के वास्तविक नियन्ता और वास्तविक नायक, श्री हरि विष्णु के अवतार श्री कृष्ण ही हैं।

## वर्ग पहेली-173

बाएं से दाएं

1. 1. सिर के बाल, अलक, कुंतल 2. सिंह और घोड़े की गरदन पर होने वाले बाल, अयाल।
4. 1. छोटा गड्ढा 2. दरार 3. अंतराल।
5. 1. मज़बूत, ताकतवर, शक्तिशाली, बलवान 2. सर्वशक्तिमान, ईश्वर 3. समर्थ।
7. 1. दाब या भार के नीचे पड़ना 2. प्रबल शत्रु से डरकर पीछे हटना 3. भय से किसी का विरोध न करने के लिए न केवल मजबूर होना अपितु उसके अनुकूल आचरण करना 4. किसी बात या मामले का ज़ोर न पकड़ना 5. आर्थिक अभाव में लाचार होना 6. संकुचित या शांत होना 7. सम्मान करने का भाव 8. तुलना में फ़ीका पड़ना 9. किसी के सामने अपनी इच्छा के अनुसार कार्य न कर पाना। (मु.) दबी ज़बान में कहना : संकोचपूर्वक कोई बात कहना,अस्पष्ट या धीमी आवाज़ में कहना ताकि कोई दूसरा न सुन सके।
10. 1. जमात या कक्षा में साथ रहने वाला, सहपाठी 2. साधुओं की संगति में रहने वाला व्यक्ति।
11. 1. गले का एक आभूषण 2. (काव्यशास्त्र) एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में दो सगण होते हैं जिसे 'तिल्ला' या 'डिल्ला' भी कहते हैं।

ऊपर से नीचे

1. 1. घर, आवास, भवन 2. स्थान, जगह 3. अन्न 4. सलाह, परामर्श।
2. 1. साझेदारी की शर्तें लिखा हुआ पत्र 2. करारनामा।
3. 1. आम का रस 2. आम और दूध को मिला कर बनाया गया पेय, (मैंगोशेक)।
6. 1. अवरूद्ध, रोक 2. बांध, मेंड़ 3. कैद, बंधन 4. अंगों का जोड़ 5. सिला हुआ फीता जिससे अंगरखा
8. आलू
9. 1. पान करने की क्रिया, पीना 2. पिपासा, प्यास 3. आराधन 4. विचार करने की क्रिया 5. संतुष्ट करना, तोषण।



### वर्ग पहेली -172 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 आ | ■ | 2 टा |
| ■ | 3 उ | त | रा | य | ल |
| 4 झें | प | ■ | म | ■ | ना |
| ■ | दे | ■ | कु | ■ | ■ |
| 5 क | श | ■ | 6 र | 7 म | णी |
| ठि | ■ | 8 ल | सी | का | ■ |
| 9 का | च | ■ | ■ | मी | ■ |

## सुडोकू -86

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | 1 | | | | 3 |
| 1 | | | | 2 | 8 | | 4 | |
| | 2 | | 4 | | 5 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | | |
| 6 | 1 | | 8 | | 3 | | 7 | 2 |
| | | | | 4 | | | 1 | |
| 5 | | | 3 | | 2 | | 9 | |
| | 9 | | 1 | 7 | | | | 5 |
| 7 | | | | 8 | | 6 | | |

### सुडोकू -85 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 9 | 1 | 6 | 4 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 | 6 | 3 | 2 |
| 8 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 9 |
| 5 | 4 | 2 | 3 | 8 | 7 | 9 | 6 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 6 | 1 | 2 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 3 | 4 | 5 | 2 | 1 | 8 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 8 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 8 | 4 | 6 | 1 | 7 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 अगस्त मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 28 अगस्त 01.33 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 03 .38 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष** — आज का दिन विद्यार्थियों के लिए काफी सामान्य रहने वाला है। परिवार में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। कार्यक्षेत्र के उपकरणों में खराबी आने की संभावना है। अनजान व्यक्तियों पर ज्यादा विश्वास न करें। मुंह में छाले पड़ सकते हैं।

**वृष** — आज आपके सभी काम धीरे-धीरे बनते जायेंगे। छात्रों का मन पढ़ाई में लगेगा। बच्चों को नीति की शिक्षा अवश्य दें। कई दिनों से चली आ रही बाधा का निवारण होगा। मनोरंजन उद्योग से जुड़े लोगों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

**मिथुन** — आज आपका मन अशांत हो सकता है। माता के साथ वैचारिक मतभेद होने की आशंका है। नया काम शुरू कर रहे हैं तो अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन अवश्य ले लें। आपका कोई दोस्त आपसे मदद मांग सकता है। जीवनसाथी को लेकर थोड़ी चिंता रहेगी।

**कर्क** — आज स्वास्थ्य के प्रति आपको उदासीन नहीं रहना चाहिए। आपकी संवादशैली से लोग प्रभावित रहेंगे। युवाओं को अपने करियर को लेकर अच्छे विकल्प सूझ सकते हैं। विधिक मामलों में विजय मिलने की संभावना बन रही है। गृहक्लेश से मुक्ति मिलेगी।

**सिंह** — आज युवाओं को किसी बड़ी कंपनी से जॉब ऑफर हो सकती है। लेकिन आपको आज मेहनत भी काफी करनी पड़ेगी। लवमेट्स से कुछ वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। गुस्से में आकर प्रतिक्रिया न दें। उच्च तकनीक से जुड़े कारोबार में अच्छा लाभ प्राप्त होगा।

**कन्या** — आज कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थितियों का अभाव रहेगा। धन के लेन-देन में उधारी बिल्कुल न करें। उच्च अधिकारियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ेगी। अपनी गलतियों से सीखने का उत्तम अवसर है।

**तुला** — आज आपकी लापरवाही की वजह से आपको परेशानी होगी। तनाव की वजह से सिरदर्द की समस्या होने की संभावना है। दूसरों के मामलों में आपको हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। घर में थोड़ी परेशानी रहेगी। मन में नए-नए विचार उत्पन्न होंगे।

**वृश्चिक** — आज कई दिनों से अटके हुए मामले सुलझ सकते हैं। नई ऊर्जा के साथ कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ेंगे। रिटेल कारोबारियों की आय में वृद्धि हो सकती है। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगी। प्रभावशाली लोगों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे।

**धनु** — आज व्यवसाय में उत्तम धन लाभ होगा। शत्रु अपनी योजनाओं में विफल होंगे। अपने मन की बातों को मित्रों से साझा कर सकते हैं। घर की आन्तरिक साज-सज्जा में कुछ बदलाव लाने का विचार बना सकते हैं। विश्वस्त लोगों की सलाह आज आपके काफी काम आयेगी।

**मकर** — आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। बच्चों का व्यवहार अजीब हो सकता है। प्रेम संबंधों में भावनात्मक दुविधाओं का सामना करना पड़ेगा। सरकारी अधिकारियों को कार्यक्षेत्र में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। नकारात्मक विचारों का प्रभाव आपके स्वास्थ्य के ऊपर भी पड़ सकता है।

**कुंभ** — आज दूसरों के भरोसे ज्यादा न रहें। काल्पनिक विचारों में खोये रहेंगे। आपसी संबंधों में खटास हो सकती है। घर की शांति में विघ्न उत्पन्न हो सकता है। अनावश्यक खर्चों के कारण आपका बजट खराब हो सकता है। ज्यादा सोच-विचार के कारण आपका मन कुछ परेशान रहेगा।

**मीन** — आज अपने व्यवहार में परिस्थितियों के अनुरूप कुछ बदलाव ला सकते हैं। आज का दिन आपके पक्ष में रहेगा। छोटे भाई-बहनों की मदद करनी पड़ सकती है। लेखन क्षेत्र से जुड़े लोगों के मन में कुछ नये विचार उभर सकते हैं। स्थान परिवर्तन की योजना बना सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
परदेशी — सुबह : 08 .17
थैंक गॉड — शाम : 06 .45

&pictures
सूर्या एस थ्री — सुबह : 10 .36
क्रैक — रात : 07 .30

SONY PIX
स्पाइडर मैन — सुबह : 08 .07
रैमपेज — शाम : 04 .44

ZEE CINEMA
शिवा द सुपर हीरो — सुबह : 11 .23
नवरत्ना — शाम : 05 .23

colors CINEPLEX
कुछ कुछ होता है — सुबह : 10 .53
दिल का रिश्ता — शाम :06 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गोलू- एक पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- 20 हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं...

टीचर- बेटा अगर सच्चे दिल से प्रार्थना की जाए तो वो सफल जरूर होती है।
छात्र- रहने दीजिए सर, अगर ऐसा होता तो आज आप मेरे सर नहीं, ससुर होते।

## एक नजर

### कॉल, मैसेजिंग ऐप नियमों का पालन करें: सीओएआई

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को उम्मीद है कि व्हाट्सएप, गूगल मीट और टेलीग्राम जैसे इंटरनेट कॉलिंग और मैसेजिंग ऐप नियमों का बाकी सभी सेवा प्रदाताओं की तरह पालन करेंगे। उद्योग निकाय सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने सोमवार को कहा कि ओवर-द-टॉप (ओटीटी) संचार ऐप को दूरसंचार अधिनियम, 2023 से बाहर करने की मांग भ्रामक है क्योंकि विभिन्न गैर-क्षेत्रीय नियमों के दूरसंचार कंपनियों पर भी लागू होने से वे अन्य नियमों के दायरे में आते हैं। सीओएआई के सदस्यों में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया हैं। सीओएआई के महानिदेशक एसपी कोचर ने कहा, सीओएआई यह बताना चाहता है कि देश की सुरक्षा महत्वपूर्ण है।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव :** दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये ।

## मेंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक– 980 फ्लैग– 1120 बोल्ड– 1160 डीएमओ– 880
**रामपुर :** शिवालिक–1000 फ्लैग– 1115 डीएमओ–875 बोल्ड–1190

## सर्राफा

मुरादाबाद

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 74,300 |
| चांदी आभूषण | 88,500 |

# वित्तीय क्षेत्र को मजबूत बनाने का प्रयास

## डिजिटल अवसंरचना तथा प्रौद्योगिकियों पर वैश्विक सम्मेलन में बोले आरबीआई के गवर्नर दास

**बेंगलुरु, एजेंसी**



- यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस और सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी के संबंध में विभिन्न पहलों का किया जिक्र

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय बैंक ऐसी नीतियां, प्रणालियां और मंच तैयार करने पर काम कर रहा है जो वित्तीय क्षेत्र को मजबूत, जुझारू और ग्राहक केंद्रित बनाएंगे। आरबीआई@90 पहल के तहत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना तथा उभरती प्रौद्योगिकियों पर वैश्विक सम्मेलन में दास ने यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस (यूएलआई) और सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) के संबंध में आरबीआई द्वारा की जा रही विभिन्न पहलों का जिक्र किया।

गवर्नर ने कहा कि यूपीआई प्रणाली में सीमा पार धन प्रेषण के उपलब्ध माध्यमों के लिए सस्ता तथा त्वरित विकल्प बनने की क्षमता है और इसकी शुरुआत छोटे मूल्य के व्यक्तिगत धन प्रेषण से की जा सकती है, क्योंकि इसे शीघ्रता से क्रियान्वित किया जा सकता है। संसद में जुलाई में पेश आर्थिक समीक्षा के अनुसार, भारत में धन प्रेषण (जो सेवा निर्यात के बाद बाह्य वित्तपोषण का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है) 2024 में 3.7% बढ़कर 124 अरब अमेरिकी डॉलर और 2025 में 4% बढ़कर 129 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। दास ने कहा कि रिजर्व बैंक आरबीआई@100 की ओर बढ़ने की यात्रा को लेकर काफी आशावादी है। उन्होंने कहा कि हम ऐसी नीतियां, दृष्टिकोण, प्रणालियां और मंच तैयार करने पर काम कर रहे हैं जो वित्तीय क्षेत्र को अधिक मजबूत, गतिशील और ग्राहक केंद्रित बनाएंगे। डीपीआई और उभरती प्रौद्योगिकियों पर उन्होंने कहा कि पिछले दशक में बैंकिंग प्रणाली में अभूतपूर्व प्रौद्योगिकी बदलाव हुआ है। डीपीआई ने देश को एक दशक से भी कम समय में वित्तीय समावेश के ऐसे स्तर को हासिल करने में सक्षम बनाया है, जिसे हासिल करने में अन्यथा कई दशक या उससे भी अधिक समय लग जाता।

### रिजर्व बैंक कर्ज के लिए एकीकृत मंच यूएलआई लाने की तैयारी में

**बेंगलुरु।** आरबीआई वित्तीय सेवाओं के डिजिटलीकरण की सफलता से उत्साहित होकर विशेष रूप से छोटे और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए ऋण का सहज प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए एकीकृत ऋण मंच (यूएलआई) लाने जा रहा है। पिछले साल, रिजर्व बैंक ने दो राज्यों में आसान ऋण को सक्षम बनाने वाले प्रौद्योगिकी मंच की पायलट परियोजना शुरू की थी। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि अब से हम इस मंच को यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस (यूएलआई) का नाम देने का प्रस्ताव रखते हैं। यह मंच कई डेटा सेवा प्रदाताओं से ऋणदाताओं तक विभिन्न राज्यों के भूमि रिकॉर्ड सहित डिजिटल जानकारी के निर्बाध और सहमति-आधारित प्रवाह की सुविधा प्रदान करता है। जनधन-आधार, यूपीआई और यूएलआई की नई त्रिमूर्ति भारत की डिजिटल अवसंरचना यात्रा में क्रांतिकारी कदम होगी। दास ने कहा कि 2016 में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा पेश की गई यूपीआई ने खुदरा भुगतान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# बाजार में तेजी, सेंसेक्स 612 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,000 अंक के पार

**मुंबई, एजेंसी**



- फेडरल रिजर्व से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों से बाजारों को मिली मजबूती
- विदेशी पूंजी प्रवाह और एचडीएफसी बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे शेयरों में खरीदारी से आया उछाल

अमेरिकी फेडरल रिजर्व की तरफ से ब्याज दरों में कटौती का सिलसिला जल्द शुरू होने की उम्मीदों के बीच सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में खासी तेजी दर्ज की गई। मानक सूचकांक सेंसेक्स 612 अंक उछल गया, जबकि निफ्टी 25,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी के प्रवाह और एचडीएफसी बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे प्रमुख शेयरों में खरीदारी से भी बाजार में तेजी आई।

बीएसई सूचकांक सेंसेक्स 611.90 अंक यानी 0.75 प्रतिशत उछलकर 81,698.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 738.06 अंक बढ़कर 81,824.27 अंक पर पहुंच गया था। सेंसेक्स में तेजी का यह पांचवां सत्र रहा। एनएसई का निफ्टी 187.45 अंक यानी 0.76 प्रतिशत बढ़कर 25,010.60 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी लगातार आठवें सत्र में बढ़त पर रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक, मारुति सुजुकी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में गिरावट रही।

### मिडकैप स्मॉलकैप ने दर्ज की बढ़त

व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.66 प्रतिशत उछल गया जबकि स्मॉलकैप में 0.20 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि फेडरल रिजर्व ने सितंबर में ब्याज दर में कटौती के संकेत दिए हैं। इससे अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और डॉलर सूचकांक में कमजोरी आई और वैश्विक बाजारों में तेजी का माहौल रहा। भारतीय बाजार विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख में बदलाव से नई ऊंचाई की तरफ बढ़ते दिखे। खासतौर पर बड़ी कंपनियों के शेयरों को लेकर उत्साह दिखा।

# वैध जानकारी दिए बिना जीएसटीआर-1 दाखिल नहीं कर पाएंगे करदाता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- जीएसटीएन ने कहा- यह नियम एक सितंबर, 2024 से हो रहा है लागू

वैध बैंक खाते का ब्योरा नहीं देने वाले जीएसटी करदाता 1 सितंबर से अधिकारियों के समक्ष बाहरी आपूर्ति रिटर्न जीएसटीआर-1 दाखिल नहीं कर पाएंगे। जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने यह बात कही है।

जीएसटी नियम 10ए के अनुसार, करदाता को पंजीकरण की तिथि से 30 दिन की अवधि में वैध बैंक खाते का विवरण प्रस्तुत करना आवश्यक है, या फॉर्म जीएसटीआर-1 में माल या सेवाओं या दोनों की बाहरी आपूर्ति का विवरण प्रस्तुत करने से पहले या इन्वॉयस जमा करने की सुविधा (आईएफएफ) का उपयोग करने से पहले, जो भी पहले हो। जीएसटीएन ने कहा कि यह नियम एक सितंबर, 2024 से लागू हो रहा है। इसलिए अगस्त, 2024 से आगे की कर अवधि के लिए करदाता जीएसटी मंच पर पंजीकरण विवरण में वैध बैंक खाते का विवरण प्रस्तुत किए बिना जीएसटीआर-01/आईएफएफ (जैसा भी मामला हो) दाखिल नहीं कर पाएंगे। जीएसटी परिषद ने पिछले साल जुलाई की बैठक में पंजीकरण प्रक्रिया को मजबूत करने और फर्जी पंजीकरणों की समस्या से निपटने के लिए नियम 10ए में संशोधन को मंजूरी दी थी।

## खनन उपकर से इस्पात विनिर्माताओं पर बढ़ेगा लागत का दबाव : इक्रा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कुछ राज्यों द्वारा नए खनन उपकर को लागू करने और लागत दबाव बढ़ने से घरेलू इस्पात उद्योग के लिए चुनौतियां उत्पन्न हो सकती हैं। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने यह बात कही है। कोर्ट ने खनिज-युक्त भूमि पर कर लगाने की राज्यों के अधिकार को 14 अगस्त को बरकरार रखा था। उन्हें 1 अप्रैल, 2005 से रॉयल्टी की की अनुमति दी थी। इक्रा ने कहा कि इससे परिचालन मुनाफा कम होगा जिससे प्राथमिक तथा माध्यमिक इस्पात उत्पादक दोनों प्रभावित होंगे।

# पहली तिमाही की वृद्धि 7.1% रह सकती है : एसबीआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सार्वजनिक बैंक के आर्थिक अनुसंधान प्रभाग ने जारी की रिपोर्ट
- कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 4.5 से 5.0 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आर्थिक अनुसंधान प्रभाग का अनुमान है कि अच्छी वर्षा के बीच कृषि क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन के साथ चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि सालाना आधार पर 7.1% रहेगी। रविवार को जारी इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वृद्धि का आंकड़ा इससे कम भी रह सकता है।

रिपोर्ट में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 4.5 से 5.0% के बीच रहने का अनुमान है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच कंपनियों का मार्जिन प्रभावित हो रहा है लेकिन मुद्रास्फीति के दबाव में कमी से ब्याज नीति में उदारता की गुंजाइश पैदा हुई है। बैंक के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ सौम्य कांति घोष द्वारा लिखी गई इस रिपोर्ट में कहा गया है कि विनिर्माण क्षेत्र में सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) कम होगा, कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर में उछाल आएगा। जीडीपी की गणना करते समय वस्तु और सेवाओं पर कर को जोड़ दिया जाता है और सरकारी सब्सिडी घटा दी जाती है। एसबीआई नाउकास्टिंग मॉडल (अब तक प्रकाशित नियमित आर्थिक आंकड़ों पर आधारित मॉडल) के आधार पर वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून, 2024) में जीडीपी वृद्धि 7.0-7.1% के दायरे में रह सकती है, साथ ही संभावना इसके इससे नीचे रहने की भी है। पहली तिमाही में जीवीए नीचे खिसक कर 6.7-6.8% के दायरे में रह है। वैश्विक आर्थिक विकास का दृष्टिकोण अनिश्चित बना हुआ है, लेकिन नरम होती मुद्रास्फीति ने ब्याज नीति को दार किये जाने की गुंजाइश बनाई है। विनिर्माण क्षेत्र में कर्मचारियों की लागत में मामूली वृद्धि हुई है, लेकिन कंपनियों की ऋण की किस्तें चुकाने की क्षमता मजबूत बनी हुई है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### दर्शन को जेल में सुविधाएं के आरोप में नौ निलंबित

**बेंगलुरु।** रेणुकास्वामी हत्या मामले में जेल में बंद कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को कथित तौर पर विशेष सुविधाएं देने पर कारागार के नौ अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। इनमें मुख्य जेल अधीक्षक वी शेषमूर्ति और जेल अधीक्षक मल्लिकार्जुन स्वामी हैं। परप्पना अग्रहारा केंद्रीय कारागार में अभिनेता के धूम्रपान की तस्वीर रविवार को सोशल मीडिया पर आने के बाद सोमवार को यह कार्रवाई की गई। तस्वीर में दर्शन तीन अन्य लोगों के साथ जेल के प्रांगण में आराम से कुर्सी पर बैठे हुए दिखायी दे रहे हैं। उनके साथ मौजूद तीन लोगों में से दो कथित तौर पर अपराधी थे।

### इनामी महिला नक्सली सहित तीन गिरफ्तार

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में जगरगुंडा थाना क्षेत्र के बेदरे कैंप और आसपास जंगल क्षेत्र से सीआरपीएफ व जिला बल ने घेराबंदी कर दो लाख की इनामी महिला सहित तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। सुरक्षा बलों ने जगरगुण्डा एरिया कमेटी सीएनएम सदस्या उईका मोटी (20) पिता कोआ और मिलिशिया सदस्य डोडी भीमा (21) पिता बधरु को पकड़ा है। दोनों के थैले से दो जिलेटिन राड, एक बीजीएल सेल, 100 ग्राम बारुद आदि बरामद हुआ है।

### कोर्ट ने आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की अदालत ने बदलापुर के कथित यौन शोषण में गिरफ्तार व्यक्ति को सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। निजी स्कूल में सहायक के रूप में कार्यरत आरोपी को उसकी पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद कल्याण में मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया। अधिकारी ने कहा कि अदालत ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### फुटपाथ पर सो रहे पांच को ट्रक ने कुचला, तीन की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में सोमवार को तड़के ट्रक ने फुटपाथ पर सो रहे पांच लोगों को कुचल दिया, जिससे उनमें से तीन की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना शास्त्री पार्क मेट्रो स्टेशन के पास तरबूज बाजार में सुबह करीब साढ़े चार बजे हुई। उन्होंने बताया कि ये सभी लोग बेघर थे और फुटपाथ पर सो रहे थे। एक मालवाहक वाहन सीलमपुर से आयरन ब्रिज की ओर आ रहा था, जो पुल पर बीच में डिवाइडर पर चढ़ गया और उसने पांच लोगों को कुचल दिया।

# टिकट कटने पर भाजपा दफ्तर में हंगामा

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव : पहली सूची आते ही कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पांच घंटे में भाजपा की तीन सूचियां, सुबह 10 बजे 44 नाम जारी किए, दो घंटे बाद 15 रह गए

जम्मू-कश्मीर में दस साल बाद हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने सोमवार को उम्मीदवारों की तीन सूचियां जारी की। पहली सूची सुबह 10 बजे आई। इसमें तीन चरणों के 44 उम्मीदवारों के नाम थे, लेकिन इसे थोड़ी ही देर में रद कर दिया गया।

पहली सूची आते ही जम्मू भाजपा दफ्तर में कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन शुरू हो गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी ने पैराशूट प्रत्याशी उतार दिए हैं। इसके बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रविंद्र रैना अपने केबिन में चले गए और दरवाजा बंद कर लिया। थोड़ी देर बाद बाहर निकले और कहा कि परेशान ना हों, सभी से व्यक्तिगत रूप से बात करूंगा। बात हाईकमान तक पहुंची तो पहली सूची जारी होने के दो घंटे बाद 12 बजे एक और सूची आई। इसमें सिर्फ पहले चरण के 15 उम्मीदवारों के नाम थे। रविंद्र रैना ने कहा कि अभी ध्यान 18 सितंबर को होने वाली पहले चरण की वोटिंग पर है। मैं हर कार्यकर्ता से व्यक्तिग रूप से बात करूंगा।

इसके बाद 2 बजकर 45 मिनट पर एक और सूची आई। इसमें सिर्फ एक नाम था। कोंकरनाग से चौधरी रोशन हुसैन के नाम की घोषणा की गई। बता दें कि जम्मू-कश्मीर की 90 सीटों के लिए 18 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच 3 चरणों में मतदान होंगे। नतीजे 4 अक्टूबर 2024 को आएंगे। यह विधानसभा चुनाव अगस्त 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 को खत्म किए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश के लोगों के लिए सरकार चुनने का मंच तैयार करेगा। जम्मू-कश्मीर में 2014 में हुए पिछले विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 25 सीट जीती थीं। तब यह पूर्ण राज्य था।

### पहले चरण के स्टार प्रचारकों में मोदी शामिल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को पहले चरण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत 40 स्टार प्रचारकों के नाम घोषित किये। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए 18 और 25 सितंबर और 01 अक्टूबर को तीन चरणों में मतदान हो रहा है। वोटों की गिनती 04 अक्टूबर को होनी है। राष्ट्रीय महासचिव, प्रभारी मुख्यालय अरुण सिंह द्वारा जारी सूची के अनुसार, स्टार प्रचारकों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जगत प्रकाश नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, मनोहर लाल खट्टर, जी कृष्ण रेड्डी, शिवराज सिंह चौहान, जय राम ठाकुर, डॉ जितेंद्र सिंह, योगी आदित्यनाथ, भजन लाल शर्मा, राम माधव, तरूण चुघ , आशीष सूद, जुगल किशोर शर्मा, गुलाम अली खटाना, डॉ नरिंदर सिंह, अनुराग ठाकुर, स्मृति ईरानी, जनरल वी के सिंह (सेवानिवृत्त), रविंदर रैना, अशोक कौल, डॉ निर्मल सिंह, कविंदर गुप्ता, सुनील शर्मा, देवेंद्र सिंह राणा, सुखनंदन चौधरी, शाम लाल शर्मा, त्रिलोक जम्वाल (हिमाचल प्रदेश), अरुणप्रभात सिंह, नीलम लंगेह, रणजोध सिंह नलवा, सरबजीत सिंह जोहल, धनंतर सिंह कोटवाल, संगीता भगत, हाजी जावेद जरगर, सोफी यूसुफ, मोहम्मद अनवर खान और संजीता डोगरा शामिल हैं।

# शादी की योजना नहीं बना रहा हूं लेकिन होती है तो ठीक : राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- राहुल ने जम्मू-कश्मीर की यात्रा के दौरान कश्मीरी छात्राओं के साथ बातचीत के दौरान की टिप्पणी

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वह शादी की योजना नहीं बना रहे हैं, लेकिन अगर होती है तो (ठीक) है, हालांकि वह 20-30 वर्षों से शादी के दबाव से बाहर निकल चुके हैं। राहुल ने जम्मू-कश्मीर की यात्रा के दौरान कश्मीरी छात्राओं के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की।

उन्होंने कश्मीरी छात्राओं के समूह के साथ इस बातचीत का वीडियो सोमवार को अपने यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया। इसमें जब कश्मीर की छात्राओं ने उनसे शादी की योजना के बारे में सवाल किया तो कांग्रेस नेता ने कहा कि मैं शादी की योजना नहीं बना रहा हूं, लेकिन अगर होती है तो ठीक है। उनका यह भी कहना था कि वह 20-30 वर्षों से शादी के दबाव से बाहर निकल चुके हैं। राहुल ने उन लड़कियों से यह भी कहा कि वह अपनी शादी में उन्हें आमंत्रित करेंगे। उन्होंने एक बार फिर जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग उठाई और कहा कि इस केंद्र शासित प्रदेश को दिल्ली से चलाने का कोई मतलब नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में पूछे जाने पर राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ मेरी समस्या यह है कि वह किसी की बात नहीं सुनते हैं। मुझे ऐसे किसी भी व्यक्ति से समस्या है जो शुरू से मान लेता है कि वह सही हैं, यहां तक कि अगर उसे कोई कुछ दिखा रहा है कि वह गलत है, तो वह इसे स्वीकार नहीं करेंगे। ऐसे में इस प्रकार का व्यक्ति हमेशा कोई न कोई समस्या पैदा करता है।

# नेकां-कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे पर सहमति बनीं

**श्रीनगर, एजेंसी**

- नेशनल कांफ्रेंस 51, कांग्रेस 32, माकपा व जम्मू-कश्मीर नेशनल पैंथर्स मिले एक-एक सीट

नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के बीच सोमवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे पर सहमति बन गई। नेशनल कांफ्रेंस 51 जबकि कांग्रेस 32 सीट पर चुनाव लड़ेगी। इसके अलावा दोनों पार्टियों के गठबंधन में शामिल मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और जम्मू-कश्मीर नेशनल पैंथर्स पार्टी को एक-एक सीट दी गई है।

नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के घर दिनभर चली बैठक के बाद यह घोषणा की गई। कांग्रेस की जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा ने कहा कि आने वाले समय में बताया जाएगा कि किस सीट पर कौनसी पार्टी चुनाव लड़ेगी, साथ ही उम्मीदवारों की सूची भी जारी की जाएगी।

### प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया शुरू

**चंडीगढ़।** हरियाणा विस चुनाव के मद्देनज़र कांग्रेस के प्रत्याशी चयन के लिए स्क्रीनिंग कमेटी का कार्य सोमवार से शुरू हो गया। राष्ट्रीय महासचिव हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया ने यह जानकारी दी। उन्होंने आवेदकों को विधानसभा संयोजक, जिला संयोजक को बूथ कमेटी की सूचियां मंगलवार शाम तक सौंपने के लिए कहा है।

# पूर्व प्राचार्य का हुआ दूसरे दौर का पॉलीग्राफ टेस्ट

## महिला चिकित्सक से दरिंदगी

**कोलकाता, एजेंसी**

सीबीआई ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या की जांच के सिलसिले में सोमवार को पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और पांच अन्य का दूसरे दौर का पॉलीग्राफ टेस्ट शुरू किया। एक अधिकारी के अनुसार, 10 दिनों में घोष से हुई पूछताछ के दौरान उनके बयानों में तारतम्य नहीं दिखा, जिससे अधिकारियों को पॉलीग्राफ टेस्ट का एक और दौर आयोजित करना पड़ा।

सीबीआई ने शनिवार को घोष और पांच अन्य पर झूठ पकड़ने वाले परीक्षण किए थे। अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच के में सोमवार को संस्थान के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और पूर्व चिकित्सा अधीक्षक एवं उप प्राचार्य संजय वशिष्ठ से पूछताछ की गई। सीबीआई ने रविवार को घोष के बेलियाघाटा आवास पर तलाशी ली थी। घोष सोमवार को सुबह फाइल और दस्तावेजों के साथ साल्ट लेक स्थित एजेंसी के दफ्तर पहुंचे।

### कई दुर्गा पूजा समितियों का सरकार से अनुदान लेने से इनकार

**कोलकाता।** महिला चिकित्सक से दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में न्याय की मांग की कड़ी में राज्य की कई दुर्गा पूजा समितियों ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दी जाने वाली अनुदान राशि लेने से इनकार कर दिया है। समितियों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा 85 हजार रुपये अनुदान देने की पेशकश को अस्वीकार करते हुए कहा कि वे ऐसी सरकार से मदद नहीं ले सकते जब महिलाएं सुरक्षा की मांग को लेकर सड़कों पर हैं।

### त्वरित न्यायालय स्थापित करें : देवी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पश्चिम बंगाल में बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम के तहत त्वरित विशेष न्यायालय स्थापित करने पर जोर देते हुए कहा है कि राज्य सरकार को महिलाओं और बच्चों के लिए सुरक्षित परिवेश पर विशेष ध्यान देना चाहिए। मंत्री ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को रविवार को लिखे पत्र में यह बात कही।

# नितिन और धैर्यशील राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नितिन पाटिल और भाजपा के धैर्यशील पाटिल सोमवार को राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए। ये दोनों सीटें पीयूष गोयल और उदयनराजे भोसले के लोकसभा चुनाव में जीत से रिक्त हुई थीं। लोकसभा चुनाव में भोसले सतारा सीट से, जबकि गोयल मुंबई उत्तर निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित हुए। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के नितिन पाटिल ने निर्विरोध निर्वाचन का प्रमाणपत्र स्वीकार किया।

# शराब के लिए पैसे नहीं देने पर बेटे ने की मां की हत्या

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम जिले में शराब के लिए पैसे नहीं देने पर बेटे ने बुजुर्ग मां की हत्या कर दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी नूरपुर गांव निवासी रविंद्र (35) है। उसकी मां की उम्र 70 साल थी। रविंद्र की बहन कबूल ने बताया कि उसका भाई शराब का आदि व दिव्यांग है। रविंद्र नशामुक्ति केंद्र में इलाज कराकर लौटा था। रविंद्र ने मां रोशनी देवी की हत्या के बाद कबूल को घटना की जानकारी दी।

# 18 प्रदेशों के मुख्य सचिव सुप्रीम कोर्ट में होंगे पेश

- वेतन आयोग की सिफारिशों पर अमल नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों को बकाया पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभों के भुगतान पर द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग (एसएनजेपीसी) की सिफारिशों को लागू न करने के मामले में 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को मंगलवार को अपने समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए तलब किया है। तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, दिल्ली, असम, नगालैंड, मेघालय, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, झारखंड, केरल, बिहार, गोवा, हरियाणा और ओडिशा के मुख्य सचिवों को 27 अगस्त को उच्चतम न्यायालय के समक्ष पेश होना है।

# सुनिश्चित करें कि विवाह के गवाह प्रामाणिक हों : कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**




- कोर्ट ने आर्य समाज मंदिर को दिया निर्देश- दोनों पक्षों से एक गवाह रखे जो रिश्तेदार या परिचित हों

दिल्ली में एक युवती और उसके फूफा के बीच हुये विवाहोत्सव पर संज्ञान लेते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने आर्य समाज मंदिर से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि जो लोग ऐसे समारोहों के गवाह बनें, वे वास्तविक एवं प्रामाणिक हों। युवती के फूफा ने खुद को अविवाहित बताया था।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह की पीठ ने कहा कि मंदिर दोनों पक्षों से कम से कम एक गवाह रखने का प्रयास करेगा, जो या तो रिश्तेदार हो या परिचित हों जो उन्हें उचित समय से जानता हो। वर्तमान मामले में, कोर्ट ने कहा कि जिस तरह से लड़की के सगे फूफा ने आर्य समाज मंदिर में स्वयं को अविवाहित बताया, वह कानून के विपरीत है, और यह विवाह अमान्य है। इसमें कहा गया कि मालवीय नगर स्थित आर्य समाज मंदिर में आयोजित विवाह समारोह में जोड़े और विवाह संपन्न कराने वाले पुजारी के अलावा कोई भी मौजूद नहीं था। अदालत ने कहा कि इसकी वैधता और पवित्रता पूरी तरह से संदिग्ध है। अदालत को बताया गया कि आर्य समाज मंदिर वैवाहिक स्थिति के संबंध में पक्षों से हलफनामा तो लेता है, लेकिन आगे कोई सत्यापन नहीं किया जाता। पीठ ने न्यायमूर्ति अमित शर्मा भी शामिल हैं।

### आदेश की प्रति जीएनसीटीडी के मुख्य सचिव को भेजी जाए

कोर्ट ने आदेश दिया कि आदेश की प्रति जानकारी के लिए तथा उचित कदम उठाने के लिए जीएनसीटीडी के मुख्य सचिव को भेजी जाए। अदालत लड़की के पिता की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उसने एक जुलाई से लापता बेटी को पेश करने की मांग की थी। कोर्ट में उपस्थित हुई लड़की ने दावा किया कि याचिकाकर्ता उसका जैविक पिता नहीं है, बल्कि उसकी मां का दूसरा पति है और वह शादी के बाद अपने पति के साथ रह रही है। कोर्ट ने कहा कि यह विवाह फूफा की वैवाहिक स्थिति के संबंध में दोनों पक्षों द्वारा दिए झूठे हलफनामों पर था, इसलिए कानून की नजर में इसका कोई आधार नहीं है।

## खेल डायरी

### सर्फिंग चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने जीता रजत



**थुलुसधू।** भारत ने मालदीव के थुलुसधू में आयोजित एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2024 में टीम स्पर्धा, मारुहाबा कप में रजत पदक अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में जापान ने भारत से 58.40 के बड़े अंतर के साथ स्वर्ण पदक जीता। जिसमें भारत को 24.13 का स्कोर दर्ज किया। जबकि चीनी ताइपे (23.93) और चीन (22.10) क्रमश: तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। इससे पहले कमली पी, अजीश अली, श्रीकांत डी और संजय सेल्वामणि की भारतीय टीम ने हीट 2 सेमीफाइनल में 32.16 के कुल स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया था। चीनी ताइपे 29.70 के टीम स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहा था, जबकि दक्षिण कोरिया इस स्पर्धा के सेमीफाइनल में 27.74 के स्कोर अर्जित करने के साथ तीसरा स्थान पर रहा था। भारत ने शनिवार को एशियाई खेलों के लिए सर्फिंग में अपना पहला कोटा हासिल करने के एक दिन बाद रजत पदक जीता। इसी के साथ भारतीय पुरुष और महिला सर्फिंग टीमें जापान के आइची-नागोया में आयोजित होने वाले एशियाई खेलों 2026 में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

### जू. बैडमिंटन टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे 13 देशों के खिलाड़ी

**पुणे।** भारतीय खिलाड़ी अभिषेक कनपाला और प्रकृति भरत मंगलवार से शुरू हो रहे योनेक्स सनराइज इंडिया जूनियर इंटरनेशनल ग्रां प्री बैडमिंटन टूर्नामेंट में क्रमश: भारतीय लड़कों और लड़कियों की अगुआई करेंगे। इस टूर्नामेंट में 13 देशों के कुल 280 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे जिसका आयोजन भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के तत्वावधान में पूना जिला महानगर बैडमिंटन संघ द्वारा किया जाएगा। यह टूर्नामेंट स्वर्गीय सुशांत चिपलकट्टी की स्मृति में आयोजित किया जाता है जो अब अंतरराष्ट्रीय जूनियर बैडमिंटन कैलेंडर का अहम हिस्सा बन गया है। मेजबान भारत के अलावा अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), आस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, थाईलैंड, नेपाल, मलेशिया, स्विट्जरलैंड, इंग्लैंड, ताइपे, ईरान के खिलाड़ी टूर्नामेंट में शिरकत करेंगे।

### प्रज्ञानानंदा ने लिरेन और गुकेश ने लाग्रेव से खेला ड्रा

**सेंट लुई (अमेरिका)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने ग्रैंड शतरंज टूर के अंतिम टूर्नामेंट सिंकफील्ड कप के छठे दौर में मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ अपनी बाजी ड्रॉ खेली। विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश ने फ्रांस के मैक्सिम वाचिएर लाग्रेव के साथ एक और दिलचस्प ड्रॉ खेला, लेकिन रूस के इयान नेपोम्नियाचची को हार का सामना करना पड़ा। वह अमेरिका के फैबियानो कारुआना से केवल 25 चाल में हार गए। छठे दौर अन्य मैचों में नीदरलैंड के अनीश गिरी और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव तथा फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा और स्थानीय खिलाड़ी वेस्ली सो ने अंक बांटे। अब जबकि तीन दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब फिरोजा चार अंक लेकर शीर्ष बने हुए हैं। उनके बाद कारूआना और वेस्ली सो का नंबर आता है जिनमें से प्रत्येक 3.5 अंक हैं। प्रज्ञानानंदा, गुकेश, वाचिएर लाग्रेव और लिरेन तीन-तीन अंकों के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं, जबकि नेपोम्नियाचची और अब्दुसात्तोरोव उनसे आधा अंक पीछे हैं। अनीश गिरी दो अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं।

### राजनीति नहीं करूंगी, स्वर्ण लाना है लक्ष्य : मनु

**भिवानी।** पेरिस ओलंपिक में देश के लिए दो कांस्य पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर का सोमवार को उनके ननिहाल चरखी दादरी में भव्य स्वागत किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। मनु ने अपने ननिहाल के सम्मान को ताउम्र याद रखने की बात कही। उन्होंने साथ ही कहा मैं राजनीति में नहीं आऊंगी। बल्कि अपने खेल पर ध्यान देते हुए ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना ही मेरा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कोई भी खिलाड़ी हो उसकी सोच पर निर्भर रहता है कि वे राजनीति करें या फिर युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करें। मेरा ध्यान सिर्फ देश के लिए स्वर्ण जीतने का है। अभी राजनीति नहीं करूंगी। सम्मान समारोह में पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान, अंतर्राष्ट्रीय पहलवान और भाजपा नेता बबीता फोगाट सहित कई राजनेता मौजूद थे। मनु ने कहा जो सम्मान मिल रहा है, उसी उत्साह के साथ ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के लिए जज्बा भी बढ़ रहा है।

# सूर्यकुमार, सरफराज और श्रेयस पर रहेगी निगाह

कोयंबटूर, एजेंसी

**बुची बाबू क्रिकेट टूर्नामेंट**

भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अपना टेस्ट करियर पटरी पर लाने के लिए बुची बाबू क्रिकेट टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे जिसमें उनकी टीम मुंबई मंगलवार से यहां शुरू होने वाले मैच में टीएनसीए एकादश का सामना करेगी।

श्रेयस अय्यर भी मुंबई की टीम का हिस्सा हैं और वह भी सत्र की शुरुआत में होने वाले इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करके चयनकर्ताओं का ध्यान खींचने की कोशिश करेंगे। अय्यर ने अपना आखिरी टेस्ट मैच फरवरी में खेला था। कई स्टार खिलाड़ियों से सजी मुंबई की टीम का नेतृत्व सरफराज खान करेंगे जिनके लिए सभी शीर्ष खिलाड़ियों की वापसी के बाद टेस्ट टीम में जगह बनाना आसान नहीं होगा।

सरफराज ने इस साल के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करके अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था। बुची बाबू क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दौर के मैच में सभी का ध्यान निश्चित तौर पर सूर्यकुमार पर रहेगा जिन्होंने अपना एकमात्र टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फरवरी 2023 में खेला था।

## कोच स्वेन-गोरान एरिकसन का कैंसर के चलते निधन

**सुने (स्वीडन)।** विदेश में जन्में इंग्लैंड के पहले कोच स्वेन गोरान एरिकसन का निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे।

क्लब स्तर पर इटली, पुर्तगाल और स्वीडन में ट्रॉफी जीतने वाले स्वीडन के कोच एरिकसन पांच साल तक इंग्लैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच रहे। एरिकसन की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी बयान के अनुसार सोमवार को परिवार की मौजूदगी में उनका निधन हो गया। आठ महीने पहले उन्होंने खुलासा किया था कि उन्हें अग्नाशय के कैंसर का पता चला है और उनके पास जीने के लिए अधिकतम एक साल बचा है।

# स्वर्ण पर निशाने को तैयार रुद्रांश

नई दिल्ली, एजेंसी



- 50 मीटर पिस्टल में नंबर एक पर हैं पैरालंपियन
- 2015 में हुई एक दुर्घटना में गंवा दिया था बायां पैर

पैरा निशानेबाज रुद्रांश खंडेलवाल पेरिस पैरालंपिक में पदार्पण के दौरान स्वर्ण पदक जीतने का लक्ष्य बनाए हैं और उनके जीवन का मंत्र है किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार रहना और अपनी क्षमता पर भरोसा बनाए रखना। रुद्रांश जब महज आठ साल के थे तब एक दुर्घटना में अपना बायां पैर गंवा बैठे थे। भरतपुर के इस किशोर ने विकलांगता को कभी अपने आड़े नहीं आने दिया और निशानेबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) में नंबर एक स्थान पर पहुंच गए।

अब उनका लक्ष्य अपने पहले पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतना है। अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए वह कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं जिसमें एक अतिरिक्त पिस्टल के साथ अपने कृत्रिम पैर के लिए एक टूल-किट भी शामिल है ताकि अगर यह टूट जाए तो इससे मदद मिल सके। तोक्यो ओलंपिक के दौरान निशानेबाज मनु भाकर को पिस्टल की खराबी से जूझते देखना रुद्रांश के लिए सबक था जिससे वह अब घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों प्रतियोगिताओं के लिए हमेशा एक अतिरिक्त पिस्टल साथ रखते हैं।

उन्होंने कहा प्रतियोगिता के दौरान पिस्टल की खराबी के बाद आप कितनी जल्दी दूसरी अतिरिक्त पिस्टल का इस्तेमाल करके निशाना लगा सको। मैं प्रतियोगिता में हर स्थिति के लिए खुद को तैयार रखता हूं। अगर कोई प्रतिकूल स्थिति आती है तो मैं उससे निपटने के लिए तैयार रहूं। बुधवार से शुरू हो रहे पैरालंपिक में उनसे पदक की उम्मीद है। रुद्रांश का पैर 2015 में भरतपुर में चचेरी बहन की शादी के दौरान आतिशबाजी देखते समय हुई घटना के कारण कट गया था।

# कुश्ती खेलनी है तो संन्यास पर फिर विचार करें विनेश : संजय

## अध्यक्ष बोले- संस्थाएं हमारे काम में दखल न दें, हम ला सकते हैं चार-पांच पदक



इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने सोमवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में पदक से चूकने के बाद खेल से संन्यास की घोषणा करने वाली पहलवान विनेश फोगाट को अपने इस फैसले पर दोबारा विचार करना चाहिए, बशर्ते उनका इरादा शुद्ध रूप से कुश्ती खेलना ही हो। पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 50 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल से पहले विनेश का वजन 100 ग्राम अधिक निकला था जिसके कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने खेल से संन्यास की घोषणा कर दी थी।

संजय ने कहा अगर विनेश को शुद्ध रूप से कुश्ती खेलनी है, तो उन्हें संन्यास के अपने फैसले पर एक बार पुनर्विचार करना चाहिए। मौजूदा डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष ने कहा हम पेरिस ओलंपिक में भारतीय पहलवानों के छह पदक जीतने की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन देश विरोधी ताकतों के षड्यंत्र के तहत 18 महीने तक कुश्ती की गतिविधियां ठप कर दी गईं। इस आंदोलन के चलते देश को ओलंपिक में केवल एक पदक मिल सका। संजय ने कहा मैं कुश्ती और राजनीति को अलग-अलग रखना चाहता हूं। भारतीय महिला कुश्ती बहुत अच्छी स्थिति में है और लगातार आगे जा रही है। संजय ने कहा अगर डब्ल्यूएफआई को स्वतंत्र रूप से अपना काम करने दिया जाए और दो-चार संस्थाएं हमारे काम-काज में दखल देना बंद कर दें, तो हम अगले ओलंपिक में महिला कुश्ती में देश को चार से पांच पदक दिला सकते हैं।

### कुश्ती में राजनीति का कोई काम नहीं



अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा जिस हिसाब से विनेश आजकल राजनीतिक मंच साझा कर रही हैं, ऐसे में अगर उन्हें भविष्य में राजनीति ही करनी है, तो फिर उन्हें कुश्ती में राजनीति नहीं करनी चाहिए। विनेश के राजनीति के अखाड़े में उतरने की अटकलों पर संजय ने कोई भी टिप्पणी से इनकार करते हुए कहा कि यह इस 30 वर्षीय पहलवान का व्यक्तिगत मामला है। उन्होंने कहा कि अगर विनेश प्रतिस्पर्धात्मक कुश्ती में लौटती है तो वह उन्हें पूरा सहयोग करेंगे। संजय ने यह भी कहा कि 2023 में देश के पहलवानों का आंदोलन डब्ल्यूएफआई को बहुत बड़ी सीख देकर गया है। गौरतलब है कि यह आंदोलन कथित यौन उत्पीड़न मामले में तत्कालीन डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ किया गया था। मौजूदा डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह को बृजभूषण शरण सिंह का करीबी माना जाता है।

# पूरी तरह फिट रहा तो अगला ओलंपिक खेलूंगा : मनप्रीत

नई दिल्ली, एजेंसी



**378** मैच में 44 गोल दाग चुके हैं स्टार मिडफील्डर सिंह

**2028** लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भाग लेकर बनाना चाहते हैं नया रिकॉर्ड

मनप्रीत सिंह 30 साल की उम्र को पार कर चुके हैं लेकिन इस स्टार मिडफील्डर को उम्मीद है कि अगर वह फिट रहते हैं तो लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में भाग ले सकते हैं जो उनका पांचवा ओलंपिक होगा। मनप्रीत अभी 32 साल के हैं और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता हैं। भारत ने उनके कप्तान रहते हुए तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। वह पेरिस ओलंपिक में हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के सदस्य भी थे।

मनप्रीत ने कहा मेरा लक्ष्य लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेल हैं लेकिन सब कुछ मेरी फिटनेस पर निर्भर करता है। अगर मैं अपनी फिटनेस बनाए रखता हूं और अच्छा प्रदर्शन करता रहता हूं तो मैं निश्चित तौर पर अगले ओलंपिक में खेलूंगा। आज की हॉकी में फिटनेस बेहद महत्वपूर्ण हो गई है इसलिए आखिर में सब कुछ मेरी फिटनेस पर ही निर्भर करेगा। मनप्रीत को फिटनेस को लेकर अभी तक किसी खास समस्या का सामना नहीं करना पड़ा और उन्हें उम्मीद है कि वह आगे भी अपनी फिटनेस बनाए रखेंगे। मनप्रीत के अलावा पूर्व दिग्गज खिलाड़ी उधम सिंह, लेस्ली क्लॉडियस और धनराज पिल्लै तथा हाल में संन्यास लेने वाले पीआर श्रीजेश ने चार ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। भारत की तरफ से अभी तक 378 अंतर्राष्ट्रीय मैच में 44 गोल करने वाले मनप्रीत का लक्ष्य ओलंपिक खेल 2028 में भाग लेकर नया रिकॉर्ड बनाना है। उन्होंने कहा मैं चार ओलंपिक में भाग ले चुका हूं। पहले दो में मैं पदक हासिल नहीं कर पाया लेकिन पिछले दो ओलंपिक में मैंने पदक हासिल किए।

# वेस्टइंडीज ने द. अफ्रीका को हराया

तरौबा (त्रिनिदाद), एजेंसी



जश्न मनाते वेस्टइंडीज के खिलाड़ी। ● एजेंसी

- तीन मैचों की शृंखला में बनाई 2-0 की अजेय बढ़त, हैंड्रिग्स ने खेली ताबड़तोड़ पारी

वेस्टइंडीज ने अपनी पारी में 13 छक्के लगाए जिनके दम पर उसने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 30 रन से हराकर तीन मैच की शृंखला में 2-0 अजेय बढ़त हासिल की।

वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर छह विकेट पर 179 रन बनाए। एक समय 14 ओवर के बाद वेस्टइंडीज का स्कोर चार विकेट पर 114 रन था। शाई होप ने 22 गेंदों पर दो चौकों और चार छक्कों की मदद से 41 रन बनाए। कप्तान रोवमैन पॉवेल ने 22 गेंदों में तीन छक्कों की मदद से 35 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका ने आक्रामक शुरुआत की और चार ओवर के बाद उसका स्कोर बिना किसी नुकसान के 57 रन था लेकिन वह इस अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाया और उसकी पूरी टीम 19.4 ओवर में 149 रन पर आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज रीज़ा हेंड्रिक्स ने 18 गेंदों में 44 रन की पारी खेली। इन दोनों टीम के बीच तीसरा और अंतिम टी-20 मैच मंगलवार को इसी स्थान पर खेला जाएगा।

## संन्यास के बाद लीजेंड्स लीग से जुड़े शिखर धवन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद सोमवार को लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) से जुड़ गए। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की थी।

वह अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से इतर अन्य टी20 लीग में खेल सकते हैं। धवन ने यहां जारी बयान में कहा मैं अब भी खेलने के लिए पूरी तरह से फिट हूं। हालांकि मैं अपने फैसले से संतुष्ट हूं लेकिन क्रिकेट मेरे जीवन का अहम हिस्सा है और रहेगा। उन्होंने कहा मैं अपने क्रिकेट मित्रों के साथ फिर से जुड़ने और अपने प्रशंसकों का मनोरंजन करने के लिए उत्सुक हूं क्योंकि हम सब साथ मिलकर नई यादें बनाएंगे। धवन ने 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी-20 में भारत का प्रतिनिधित्व किया और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 12,286 रन बनाए।

# वकार सहित पांच को नियुक्त किया मेंटर

लाहौर, एजेंसी

- पीसीबी अध्यक्ष के सलाहाकार की भूमिका के लिए निकाला जाएगा विज्ञापन

पूर्व तेज गेंदबाज वकार यूनिस सहित पांच अन्य को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगले महीने होने वाली घरेलु प्रतियोगिताओं के लिये मेंटर नियुक्त किया गया है।

पीसीबी के अनुसार 12 सितंबर से फैसलाबाद में शुरु हो रहे चैंपियंस वनडे कप टूर्नामेंट के लिए वकार, मिस्बाह-उल-हक, शोएब मलिक, सकलैन मुश्ताक और सरफराज अहमद को मेंटर बनाया गया हैं। इससे पहले वकार को पाकिस्तान के क्रिकेट बोर्ड का अध्यक्ष के सलाहकार बनाया गया था इसी कार्यकाल के दौरान वकार घरेलु टूर्नामेंट के लिए मेंटर बनाया गया है। मेंटर के रूप में उनका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। पीसीबी अनुसार विचार विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया है कि वकार टीम निर्माण की भूमिका के लिए बेहतर साबित हो सकते है। उन्होंने कहा कि 'पारदर्शी और मजबूत भर्ती प्रक्रिया' के तहत यह नियुक्तियां की गई है। अध्यक्ष के सलाहकार की भूमिका के लिए विज्ञापन निकाला जाएगा।

### करारी हार के बाद पीसीबी अध्यक्ष ने किया बदलाव का वादा

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पहले टेस्ट में बांग्लादेश के खिलाफ राष्ट्रीय टीम की करारी हार के बाद सोमवार को समस्याओं को ठीक करने की बात करते हुए कहा कि बदलाव होने वाले हैं। शाहिद अफरीदी, मोहम्मद हफीज और फवद आलम जैसे पूर्व खिलाड़ियों ने रविवार को रावलपिंडी में बांग्लादेश से मिली 10 विकेट से मिली हार के लिए राष्ट्रीय टीम की आलोचना की। नकवी ने कहा मैं पाकिस्तान क्रिकेट में समस्याओं को ठीक करूंगा और पाकिस्तान क्रिकेट में बदलाव होने वाले हैं। नकवी ने कहा था शुरू में मुझे लगा कि छोटा बदलाव ही काफी होगा, लेकिन इस खराब प्रदर्शन के बाद यह स्पष्ट है कि एक बड़े बदलाव की जरूरत है।

## बॉलीवुड हलचल



# सुनील शेट्टी ने शुरू की हंटर 2 की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो सुनील शेट्टी अपनी आने वाली एक्शन थ्रिलर सीरीज हंटर 2 की शूटिंग शुरू कर दी है। सुनील शेट्टी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर हंटर 2 की शूटिंग की एक झलक साझा की।सुनील शेट्टी ने निर्देशक प्रिंस धीमान की पोस्ट को फिर से साझा किया जिसमें सीरीज का क्लैपबोर्ड था। एक्शन थ्रिलर हंटर के पहले सीजन में सुनील शेट्टी ने एसीपी विक्रम सिन्हा की मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके अलावा ईशा देओल, राहुल देव, बरखा बिष्ट, मिहिर आहूजा, टीना सिंह, चाहत तेजवानी, करणवीर शर्मा, सिद्धार्थ खेर, गार्गी सावंत और पवन चोपड़ा भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। आठ भाग की हंटर सीरीज का निर्माण यूडली फिल्म्स, सारेगामा इंडिया लिमिटेड के फिल्म डिवीजन द्वारा किया गया है और इसका निर्देशन प्रिंस धीमान और आलोक बत्रा ने किया है। सुनील शेट्टी की आगामी परियोजना में द लीजेंड ऑफ सोमनाथ, वेलकम टू द जंगल, लायंसगेट और नंदा देवी शो है। कहा जा रहा है कि नंदा देवी एक विस्फोटक थ्रिलर प्रोजेक्ट है।



## इटली से एमी जैक्शन और एड वेस्टविक ने साझा कीं शादी की तस्वीरें

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री एमी जैक्शन ने अपनी शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है। एमी जैक्सन ने हाल ही में अपने बॉयफ्रेंड एड वेस्टविक से शादी कर ली है। एमी जैक्शन ने इटली के अमाल्फी कोस्ट में बॉयफ्रेंड एड वेस्टविक से क्रिश्चियन रीति-रिवाजों से शादी की है। एमी जैक्सन और एड वेस्टविक ने इंस्टाग्राम पर एक जॉइंट पोस्ट के जरिए अपनी ड्रीमी वेडिंग की पहली ऑफीशियल तस्वीरें फैन्स के साथ शेयर कीं हैं। एमी अपनी क्रिश्चियन वेडिंग के लिए एक सफेद गाउन चुना जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने अपने हाथ में सफेद गुलाबों का गुलदस्ता लिया हुआ था। एड ने सफेद सूट पहना था और वे दोनों सफेद रंग के कपड़ों में बेहद खूबसूरत लग रहे थे। दोनों ने इंस्टाग्राम अकाउंट से शादी की तस्वीरें शेयर कर लिखा है, सफर बस शुरू ही हुआ है। एमी जैक्सन और एड वेस्टविक ने इस साल जनवरी में सगाई की थी। शादी की रस्मों की शुरुआत एक यॉट पार्टी से शुरू हुई थी, जिसमें उनके करीबी दोस्त और परिवार वाले शामिल हुए थे।

## फिल्म सिटी पहुंचकर भावुक हुईं प्रियंका



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा फिल्मसिटी पहुंचकर भावुक हो गईं। प्रियंका इन दिनों हॉलीवुड फिल्मों में नजर आ रही हैं। वह जल्द फिल्म द ब्लफ में नजर आएंगी जिसकी शूटिंग हाल ही में पूरी हुई है। प्रियंका चोपड़ा इस समय मुंबई में हैं। वह अपने छोटे भाई सिद्धार्थ चोपड़ा की शादी के जश्न के लिए भारत आई हुई हैं। प्रियंका फिल्मसिटी पहुंचकर भावुक हो गईं, जिसकी एक झलक उन्होंने फैंस के साथ भी साझा की है। प्रियंका चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह फिल्मसिटी के अंदर जाती नजर आ रही हैं।

## महेश बाबू की आवाज में मुफासा : द लायन किंग का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने अभिनेता महेश बाबू की आवाज में मुफासा : द लायन किंग का ट्रेलर रिलीज हो गया है। मुफासा : द लायन किंग के हिंदी वर्जन में शाहरुख खान ने डबिंग की है। वहीं, फिल्म के तेलुगू वर्जन में महेश बाबू ने उसी कैरेक्टर को आवाज दी है, जिसका वॉइस ओवर हिंदी में शाहरूख खान ने किया है। तेलुगू में महेश बाबू ने मुफासा के किरदार के लिए आवाज दी है। महेश बाबू ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर मुफासा : द लायन किंग का तेलुगू वर्जन का ट्रेलर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, उस किरदार को एक नया आयाम जिसे हम जानते हैं और प्यार करते हैं. तेलुगु में मुफासा की आवाज बनने के लिए काफी एक्साइडेट हूं। क्लासिक का बहुत बड़ा फैन होने के नाते, यह मेरे लिए एक खास बात है. राजा की जय हो। बेरी जेनकिंस निर्देशित फिल्म मुफासा : द लायन किंग 20 दिसंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज होगी।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### सूडान में बारिश से टूटा बांध कई लोगों की गई जान

**काहिरा।** सूडान के पूर्वी लाल सागर राज्य में भारी बारिश के कारण एक बांध टूट गया है, जिसमें कई लोगों के मरने और लापता होने की सूचना है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि भारी बारिश के बाद अरबात बांध टूट गया था, और फंसे हुए लोगों की मदद के लिए संसाधनों को क्षेत्र में तैनात किया गया है।

### थाईलैंड में भूस्खलन और बाढ़ से 22 लोगों की मौत

**बैंकॉक।** थाईलैंड में 16 अगस्त से अब तक बाढ़ और भूस्खलन से 22 लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। 13 प्रांतों में 30 हजार 900 से अधिक घर प्रभावित हुए हैं।

### जापान में मौसम विभाग का रिकॉर्ड बारिश का अलर्ट

**टोक्यो।** जापान की मौसम एजेंसी ने चेतावनी दी है कि भीषण तूफान शानशान बुधवार को पश्चिमी जापान में दस्तक दे सकता है तथा निवासियों, विशेषकर प्रशांत तट के आसपास रहने वाले लोगों से तेज हवाओं, ऊंची लहरों और भारी बारिश से निपटने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया।

### लेबनान के पूर्व प्रधानमंत्री सलीम का निधन

**बेरूत।** लेबनान के पूर्व प्रधानमंत्री सलीम अल-होस का लंबी बीमारी के बाद रविवार को निधन हो गया। वह 94 वर्ष के थे। लेबनान के प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। मिकाती ने लेबनान में अल-होस के सम्मान में तीन दिनों के आधिकारिक शोक की घोषणा की, उन्हें लेबनान का विवेक कहा और उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

### मादक पदार्थ बिक्री में कोर्ट ने दी भारतीय मूल के लोगों को सजा

**लंदन।** ब्रिटेन की अदालत ने फ्रोजन चिकन के पैकेट समेत अन्य चीजों में छुपाकर मादक पदार्थ की तस्करी करने के जुर्म में भारतीय मूल के लोगों को सजा सुनाई है। पिछले सप्ताह बर्मिंघम क्राउन अदालत ने मादक पदार्थ की आपूर्ति और धन शोधन की साजिश में मनिंदर दोसांझ (39) को 16 वर्ष और आठ महीने तथा अमनदीप ऋषि (42) को 11 वर्ष और दो महीने की जेल की सजा सुनाई। पुलिस ने अदालत को बताया कि उन्होंने 400 किलोग्राम उकोकीन के साथ 16 लाख पाउंड की अवैध नकदी जब्त की थी।

### उत्तर कोरिया ने किया नए ड्रोन का प्रदर्शन

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने लक्ष्यों पर हमला करने के लिए तैयार किए गए नए विस्फोटक ड्रोनों का प्रदर्शन देखा और अपनी सेना की युद्ध की तैयारी मजबूत करने के लिए ऐसे हथियारों के विकास को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। सरकारी मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। अमेरिका और उत्तर कोरिया के मध्य तनाव के बीच किम अपनी बढ़ती सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहे हैं।

### नीदरलैंड में उबर पर 32.4 करोड़ डॉलर का जुर्माना

**द हेग।** नीदरलैंड की डेटा सुरक्षा निगरानी संस्था ने उचित सुरक्षा के बिना यूरोपीय चालकों के व्यक्तिगत विवरण कथित तौर पर साझा करने के लिए कैब सेवा प्रदाता उबर पर सोमवार को 32 .4 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया है। उबर ने इस फैसले को अनुचित बताया ।

# चार और अभिनेताओं पर यौन उत्पीड़न के आरोप

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- मलयालम सिनेमा की अभिनेत्री के आरोपों से खलबली

मलयालम सिनेमा की एक अभिनेत्री ने सोमवार को एम. मुकेश समेत चार प्रतिष्ठित अभिनेताओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए, जिससे न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट में महिलाओं के उत्पीड़न के चौंकाने वाले खुलासों का सामना कर रहे फिल्म उद्योग में और खलबली मच गई है। अभिनेत्री द्वारा समाचार चैनलों को दिए साक्षात्कारों में माकपा के विधायक मुकेश के खिलाफ आरोप लगाए जाने के कुछ घंटों बाद युवा मोर्चा और महिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कोल्लम में अभिनेता के आवास की ओर मार्च निकाले और उनके खिलाफ मामला दर्ज करने तथा उनसे इस्तीफा देने की मांग की। कोल्लम के विधायक ने अभी इन आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

महिला कलाकार ने मलयालम फिल्म उद्योग में तीन अन्य प्रतिष्ठित अभिनेताओं के खिलाफ भी यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। इस बीच, अभिनेता मणियांपिल्ला राजू ने मलयालम फिल्म उद्योग में सामने आ रहे आरोपों की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कई और खुलासे होंगे और उनके पीछे कई हित शामिल होंगे। राजू ने कहा कि कुछ लोग स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

# लद्दाख : विशिष्ट भौगोलिक पहचान रखते हैं नए बने जिले

सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख चर्चा में है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार (26 अगस्त) को लद्दाख में 5 नए जिले बनाने की घोषणा की। नए जिलों का नाम जांस्कर, द्रास, शाम, नुब्रा और चांगथांग होगा। नए जिलों की घोषणा से पहले लद्दाख में केवल दो जिले थे, लेह और कारगिल। अब इनकी संख्या बढ़कर 7 हो जाएगी। लद्दाख का क्षेत्रफल 1,66,698 वर्ग किलोमीटर है। राजधानी लेह है। जनसंख्या करीब तीन लाख है। यहां बौद्ध धर्म का प्रभाव है, यहां कई प्रसिद्ध बौद्ध मठ हैं। यहां कि अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से पर्यटन, कृषि और पशुपालन पर आधारित है। नए बने जिले द्रास, नुब्रा, शाम, जांस्कर और चांगथांग की अपनी विशिष्ट भौगोलिक, जनसंख्या और सामाजिक विशेषताएं हैं।



### शाम
- शाम घाटी राजधानी लेह से 40 किमी पश्चिम में स्थित है।
- इसकी जनसंख्या लगभग 20,000 है।
- शाम घाटी में कई प्रसिद्ध बौद्ध मठ हैं।
- शाम घाटी की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है।

### नुब्रा
- नुब्रा घाटी लद्दाख की राजधानी लेह से 150 किमी उत्तर में है।
- इसकी जनसंख्या लगभग 30,000 है।
- नुब्रा घाटी में दो मुख्य नदियां हैं - श्योक और नुब्रा नदी।
- नुब्रा घाटी में बौद्ध मठों और पर्यटन स्थलों की बहुतायत है

### द्रास
- द्रास लद्दाख का दूसरा सबसे बड़ा शहर है।
- इसकी जनसंख्या लगभग 1,200 है।
- द्रास में एक छोटा सा हवाई अड्डा है
- अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से पर्यटन पर आधारित है।

### जांस्कर
- जांस्कर घाटी लेह से 250 किमी दक्षिण में स्थित है।
- इसकी जनसंख्या लगभग 15,000 है।
- जांस्कर घाटी में कई प्रसिद्ध बौद्ध मठ हैं।
- जांस्कर घाटी की अर्थव्यवस्था कृषि और पर्यटन पर आधारित है।

### चांगथांग
- चांगथांग राजधानी लेह से 160 किमी उत्तर-पूर्व में स्थित है।
- इसकी जनसंख्या लगभग 1,000 है।
- चांगथांग में एक छोटा सा हवाई अड्डा है

### दो पुराने जिले
- करगिल और लेह (लेह लद्दाख की राजधानी है)

# बलूचिस्तान में बंदूकधारियों के हमलों में 37 लोगों की मौत

## बस से उतारकर पहचान पत्र देखा फिर एक-एक कर मार दी गोली

कराची, एजेंसी।

- दूसरी घटना में चार पुलिस अफसरों सहित 10 लोगों की हत्या
- बलूच लिबरेशन आर्मी ने मूसाखेल में हमले की जिम्मेदारी ली

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सोमवार को दो अलग-अलग हमलों में हथियारबंद हमलावरों ने 37 लोगों की हत्या कर दी। पहली घटना में बलूचिस्तान के मूसाखेल जिले में बंदूकधारियों ने बसों से यात्रियों को उतारकर और उनके पहचान पत्र देखने के बाद पंजाब प्रांत के कम से कम 23 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयूब खोसो ने बताया कि यात्रियों को बसों से उतरने के लिए कहा गया और राष्ट्रीय पहचान पत्र देखने के बाद उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। खोसो ने बताया कि मृतकों में से ज्यादातर लोग दक्षिणी पंजाब के और कुछ खैबर पख्तूनख्वा के हैं जिससे पता चलता है कि उनकी जातीय पृष्ठभूमि के कारण उनकी हत्या की गई है।

प्राधिकारियों ने बताया कि एक अन्य हमले में बलूचिस्तान के कलात जिले में बंदूकधारियों ने चार पुलिस अधिकारियों समेत कम से कम 10 लोगों की हत्या कर दी। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने 24 अगस्त और 25 अगस्त की रात को बलूचिस्तान में कई स्थानों पर हमले किए। खोसो ने बताया कि हथियारबंद लोगों ने मूसाखेल में राजमार्ग पर करीब 12 वाहनों में आग भी लगा दी। प्रांत में सबसे ज्यादा सक्रिय आतंकवादी समूह बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने मूसाखेल में हमले की जिम्मेदारी ली है। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हमले की कड़ी निंदा की है।



घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त वाहन और मौजूद लोग।

### आतंकियों ने एक रेलवे पुल को भी उड़ाया

पुलिस ने बताया कि एक अन्य आतंकवादी हमले में बोलन के डोजन इलाके में एक रेलवे पुल को बम से उड़ा दिया गया। बलूचिस्तान, पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है लेकिन अन्य प्रांतों से अधिक संसाधन होने के बावजूद यह सबसे कम विकसित है। बीएलए और अन्य बलूच अलगाववादियों ने क्षेत्र में काम कर रहे पाकिस्तान के पंजाब और सिंध प्रांत के लोगों पर हमले तेज कर दिए हैं।

### चार माह पहले भी हुआ था इस तरह का हमला

मूसाखेल में हमले से करीब चार महीने पहले पंजाब के लोगों को निशाना बनाते हुए ऐसा ही हमला किया गया था। अप्रैल में नोश्की के समीप एक बस से नौ यात्रियों को उतारा गया था और बंदूकधारियों ने उनके पहचान पत्र देखने के बाद उन्हें मौत के घाट उतार दिया था। पिछले साल अक्टूबर में अज्ञात बंदूकधारियों ने बलूचिस्तान में केच जिले के तुरबत में पंजाब के छह श्रमिकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## आईएनएस मुंबई श्रीलंका पहुंचा

**कोलंबो।** भारतीय नौसेना का अग्रणी युद्धपोत आईएनएस मुंबई तीन दिवसीय यात्रा पर कोलंबो पहुंचा, जिसका श्रीलंका नौसेना द्वारा औपचारिक रूप से स्वागत किया जाएगा। यह जानकारी भारतीय उच्चायोग ने सोमवार को दी। यह आईएनएस मुंबई की श्रीलंका बंदरगाह की पहली यात्रा है और इस साल आईएनएस काबरा, करंज, कामोर्टा, शाल्की और भारतीय तटरक्षक जहाज समर्थ, अभिनव और सचेत के साथ भारतीय जहाजों की यह 8वीं बंदरगाह यात्रा होगी।

## चालक दल के 11 सदस्यों को बचाया

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल ने उस मालवाहक पोत के चालक दल के 11 सदस्यों को बचाया, जो बंगाल की खाड़ी में सागर द्वीप के दक्षिण में लगभग 90 समुद्री मील की दूरी पर डूब गया था। तटरक्षक बल ने कहा कि मुंबई में पंजीकृत मालवाहक जहाज कोलकाता से पोर्ट ब्लेयर जा रहा था।भारतीय तटरक्षक बल ने 26 अगस्त को रात्रिकालीन तलाश एवं बचाव अभियान के दौरान संकटग्रस्त पोत 'एमवी आईटीटी प्यूमा' के चालक दल के 11 सदस्यों को बचाया।

# भारत-सिंगापुर उभरते क्षेत्रों में बढ़ाएंगे आपसी सहयोग



सिंगापुर में दूसरे भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन के दौरान केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, एस जयशंकर, पीयूष गोयल और अश्विनी वैष्णव।

सिंगापुर, एजेंसी

- दोनों देशों के मंत्रियों ने विभिन्न मुद्दों पर किया विचार-विमर्श

भारत और सिंगापुर ने दोनों के बीच उभरते और भविष्य के क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों पर जोर देते हुए सोमवार को छह स्तंभों पर विचार-विमर्श किया, जिसमें डिजिटलीकरण, कौशल विकास, स्थिरता, स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा व उन्नत विनिर्माण और कनेक्टिविटी शामिल हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यहां विदेश मंत्री एस जयशंकर, केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी एवं सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ दूसरे भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया। सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री और व्यापार एवं उद्योग मंत्री जी किंगयोग ने किया, जिसमें विदेश मंत्री विवियान बाला, गृह मंत्री और कानून मंत्री के शनमुगम आदि शामिल रहे।

### सिंगापुर के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री से मिले मंत्री

**सिंगापुर।** विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शणमुगारत्नम और प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात की तथा द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। जयशंकर ने 'एक्स' पर जानकारी दी।

## बलात्कार की धमकी मामले में कार्रवाई करे पुलिसः आयोग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सोशल मीडिया पर वायरल उस वीडियो का स्वतः संज्ञान लिया, जिसमें एक व्यक्ति तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक शीर्ष नेता की नाबालिग बेटी के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने के लिए 10 करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा करता हुआ दिखाई दे रहा है। आयोग ने इस मामले में पुलिस से तत्काल कार्रवाई करने की गुजारिश की है। आयोग ने कहा है कि वीडियो में दिख रहा शख्स उत्तर 24 परगना जिले में मिनाखान ब्लॉक के मलांचा का रहने वाला है। आयोग ने कहा कि पूरा राज्य आरजी कर अस्पताल में डॉक्टर की दुखद मौत पर शोक मना रहा है, जबकि बदला लेने के लिए एक और बलात्कार का आह्वान करना स्पष्ट रूप से कानून का उल्लंघन है और अगर दंडात्मक उपाय नहीं किए गए तो समाज में एक खतरनाक संदेश जा सकता है।

# मोदी ने बाइडेन से यूक्रेन व बांग्लादेश पर की बात

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार देर शाम अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ फोन पर बात की तथा यूक्रेन और बांग्लादेश की स्थिति सहित अनेक वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। मोदी ने बाद में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा यूक्रेन की स्थिति सहित विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का विस्तृत आदान-प्रदान किया। मैंने शांति और स्थिरता की शीघ्र वापसी के लिए भारत का पूर्ण समर्थन दोहराया। उन्होंने कहा कि हमने बांग्लादेश की स्थिति पर भी चर्चा की और सामान्य स्थिति की शीघ्र बहाली और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### उमर अब्दुल्ला से मिले अमेरिकी राजनयिक

**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को यहां अपने आवास पर अमेरिकी राजनयिकों से मुलाकात की और केंद्र शासित प्रदेश की यात्रा पर रोक संबंधी परामर्श पर पुनर्विचार करने को कहा। नेकां ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा अमेरिकी राजनयिकों ने नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला से आज उनके गुपकर आवास में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ राजनयिक ग्राहम मेयर, गैर एप्पलगार्थ और अभिराम शामिल थे। पार्टी ने बताया कि बैठक में नेकां के सांसद आगा सईद रुहुल्लाह मेहदी और पार्टी प्रवक्ता एवं संचार प्रमुख तनवीर सादिक भी शामिल हुए।

## त्रिपुरा में बांग्लादेश के 20 अवैध प्रवासी गिरफ्तार

**अगरतला।** त्रिपुरा में सीमा पार आवाजाही और मानव तस्करी को बढ़ावा देने में शामिल कम से कम 14 अवैध बांग्लादेशियों, तीन रोहिंग्या, दो स्थानीय दलालों और एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अनुसार, पश्चिमी अगरतला के सीमावर्ती गांव बेलाबोर में भारतीय दलालों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट जानकारी के आधार पर बीएसएफ और जीआरपी ने रविवार को छापेमारी की और दो ग्रामीणों को उनके घरों से पकड़ा। प्रारंभिक जांच से पता चला कि ये दोनों त्रिपुरा के माध्यम से अवैध प्रवास और मानव तस्करी को सुविधाजनक बनाने में सक्रिय रूप से शामिल थे। बीएसएफ ने शनिवार दोपहर को एक छापेमारी में अगरतला के निश्चिंतपुर में दो बंगलादेशी नागरिकों को पकड़ लिया, जब वे सीमा बाड़ को तोड़कर भारतीय क्षेत्र में घुसने का प्रयास कर रहे थे।

# यूक्रेन पर बड़ा हमला, तीन की मौत

कीव, एजेंसी

- रूस ने हमले में 100 मिसाइल और 100 ड्रोन का किया इस्तेमाल
- यूक्रेन ने भी किया ड्रोन हमला, ऊंची आवासीय इमारत क्षतिग्रस्त

रूस की सेना ने सोमवार को यूक्रेन के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमला किया, जिसमें निशाने पर संभवतः ऊर्जा आधारभूत ढांचा था। इन हमलों में कम से कम तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। यह हमला रविवार मध्य रात्रि के आसपास शुरू हुआ और सोमवार भोर तक जारी था। यह पिछले कुछ सप्ताह में सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूसी बमबारी की निंदा करते हुए कहा कि इसमें विभिन्न प्रकार की 100 से अधिक मिसाइलों तथा करीब 100 शाहिद ड्रोन का इस्तेमाल किया गया।

यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, यूक्रेन के पूर्वी, उत्तरी, दक्षिणी और मध्य क्षेत्रों की ओर रूसी ड्रोन के कई समूह बढ़ रहे थे, जिसके बाद कई क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइल भी दागी गईं। कीव के मेयर विताली क्लित्स्को ने बताया कि राजधानी कीव में हमले की वजह से बिजली और जल आपूर्ति बाधित हुई है। यूक्रेन के पश्चिमी शहर लुत्स्क के मेयर इगोर पोलिशचुक ने कहा कि एक बहुमंजिला आवासीय इमारत और एक अज्ञात बुनियादी संरचना को हमले में नुकसान पहुंचा है और एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मध्य निप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्र में एक और व्यक्ति की मौत हो गई, जहां हमले के कारण कई जगहों पर आग लग गई, एक दर्जन घर क्षतिग्रस्त हो गए और दो घर पूरी तरह से नष्ट हो गए। क्षेत्रीय प्रमुख इवान फेडोरोव ने बताया कि जापोरिज्जिया के दक्षिण-पूर्वी, आंशिक रूप से कब्जे वाले क्षेत्र में भी एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक बुनियादी ढांचा इकाई को नुकसान पहुंचा और उसमें आग लग गई। दक्षिणी मायकोलाइव क्षेत्र में तीन लोग घायल हुए हैं।



हवाई लक्ष्यों पर फायर करती रूसी मिसाइल। • एजेंसी

ज्ञान-विज्ञान | सेंटर फॉर हाई एंगुलर रेजोल्यूशन एस्ट्रोनॉमी की महत्वपूर्ण खोज

# ध्रुव तारे की सतह पर हैं आश्चर्यजनक काले व चमकीले धब्बे

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** ध्रुव तारा यानी पोलारिस, नार्थ स्टार व उत्तरी तारे के नाम से परिचित दुनिया में इस तारे से भला कौन अनभिज्ञ होगा। मगर बड़ी खबर है कि इस तारे की सतह काले व चमकीले धब्बों से पटी हुई है। सेंटर फॉर हाई एंगुलर रेजोल्यूशन एस्ट्रोनॉमी (चारा) दूरबीन से इस आश्चर्यजनक रहस्य का पता चल पाया है।

उत्तर में स्थित ध्रुव तारा न केवल वैज्ञानिक बल्कि आस्था का प्रतीक है। इसकी महत्ता सदियों से बनी हुई है और भविष्य में यथावत रहेगी। दुनिया की घड़ी इसी तारे पर निर्भर करती है और दिशा का ज्ञान इसके बिना संभव नहीं है। वैवाहिक जीवन का पदार्पण इस तारे के दर्शन के बिना अधूरा माना जाता है। पृथ्वी के अधिकांश हिस्सों से इस तारे को स्थिर देखा जा सकता है। समुद्री जहाजों के मार्गदर्शन में यह प्राचीनकाल से अहम भूमिका निभाता रहा है। इस तारे पर किस्से कहानियां भी खूब गढ़ी गई हैं। उत्तरी ध्रुव तारे की जितनी प्रसंशा या जिक्र किया जाय, वह कम है। अब जो जानकारी निकलकर सामने आ रही है, वह इस तारे की अंदरूनी सच्चाई है। इसकी सतह में सूर्य की सतह जैसे उभरने वाले काले धब्बे हैं। साथ हो चमकीले धब्बों का पता भी चला है। इन धब्बों का ध्रुव तारे पर क्या प्रभाव पड़ता होगा, इसका खुलासा तो फिलहाल नहीं हो सका है। मगर इन धब्बों ने वैज्ञानिको का काम बढ़ा दिया है। निकट भविष्य में यह तारा वैज्ञानिकों के शोध का केंद्र बनने जा रहा है। जिससे इस तारे के अनेक रहस्य उजागर होंगे, जो तारों की दुनिया के प्रति हमारी सोच को बदल देंगे। जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। एस्ट्रोफिजिकल जर्नल में 20 अगस्त को शोध प्रकाशित हुआ है।



### ध्रुवमत्स्य तारामंडल का सबसे चमकीला तारा है नार्थ स्टार

ध्रुव तारा ध्रुवमत्स्य नामक तारामंडल का सबसे चमकीला तारा है। पृथ्वी से दिखने वाले सर्वाधिक चमकीले तारों में इसका स्थान 45वां है। यह पृथ्वी से करीब 434 प्रकाश वर्ष दूरी पर स्थित है। तारों की श्रेणी में यह विशाल आकार का महादानव तारा है। हमारे सूर्य से 30 गुना बड़ा है। इसकी चमक सूर्य से 22 सौ गुना अधिक है। इसका भार सूर्य से साढ़े सात गुना अधिक है।

## अमेरिका-भारत के बीच सेतु हैं प्रवासी भारतीय : राजनाथ

**वाशिंगटन।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका के टेनेसी राज्य में भारतीय समुदाय से मुलाकात की और समाज, विज्ञान एवं अर्थव्यवस्था में उनके योगदान की सराहना करते हुए उन्हें दोनों देशों के बीच सेतु की तरह बताया।

अपने दौरे के आखिरी दिन रविवार को मेम्फिस में राष्ट्रीय नागरिक अधिकार संग्रहालय में भारतीय समुदाय के लोगों से मिले। सिंह ने भारतीयों को दोनों देश के बीच सेतु की तरह बताया, जो घनिष्ठ संबंधों और सद्भावना को बढ़ावा देता है। रक्षा मंत्री ने महात्मा गांधी के सम्मान में प्रदर्शनी लगाने और साल 2019 में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के मौके पर राष्ट्रीय नागरिक अधिकार संग्रहालय के पास दो गांधी मार्ग सड़क संकेतक लगाने में भारतीयों के प्रयासों की भी सराहना की।

# यूनुस हिंदू समुदाय के नेताओं से मिले, दी जन्माष्टमी की बधाई

ढाका, एजेंसी

- स्वागत समारोह आयोजित करते हुए अंतरधार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने का संकल्प जताया

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने सोमवार को हिंदू समुदाय के नेताओं से मुलाकात की और जन्माष्टमी पर उनके लिए स्वागत समारोह आयोजित करते हुए अंतरधार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने का संकल्प जताया।

प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से हटने के बाद कई दिनों तक हिंसा में अल्पसंख्यक हिंदू आबादी के व्यापारिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया तथा मंदिरों में तोड़फोड़ की गई। मुख्य सलाहकार कार्यालय ने यूनुस के हवाले से कहा कि हमारे देश में लोगों के बीच कोई विभाजन नहीं हो सकता। हम समान नागरिक हैं। अंतरिम सरकार देश के हर नागरिक के अधिकारों की रक्षा करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। बयान के अनुसार, यूनुस ने उम्मीद जताई कि वह ऐसे बांग्लादेश का निर्माण करेंगे जहां हर कोई बिना किसी डर के अपने धर्म का पालन कर सके और जहां किसी मंदिर की सुरक्षा की जरूरत न हो।

यूनुस के कार्यालय ने 'एक्स' पर उनके हवाले से कहा कि बांग्लादेश एक बड़ा परिवार है, जहां सरकार की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक के अधिकारों की रक्षा करना है। बैठक के दौरान बांग्लादेश पूजा उद्जापन परिषद के अध्यक्ष बशुदेब धर, ढाका के रामकृष्ण मिशन के प्रमुख स्वामी पूर्णात्मानंद महाराज और काजोल देबनाथ एवं मोनिंद्र कुमार नाथ सहित हिंदू समुदाय के नेता उपस्थित थे।

## जम्मू-कश्मीर में बादल फटा, एक ही परिवार के तीन लोग लापता

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में रामबन जिले के एक सुदूर इलाके में सोमवार को बादल फटने के बाद एक महिला और उसके दो बच्चे लापता हो गए। रामबन के उपायुक्त बसीर-उल-हक चौधरी ने कहा कि बादल फटने की घटना कुमाते, ध्रमण और हल्ला पंचायतों में हुई तथा बचाव दल मौके पर हैं और जिला प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता के लिए सभी उपलब्ध संसाधन जुटा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि बादल फटने की घटना दोपहर करीब 2.30 बजे हुई, जिससे तंगेर और डादी नदियों में अचानक बाढ़ आ गई। जिला विकास परिषद के सदस्य मोहम्मद शफी जरगर ने बताया कि नसीमा बेगम (42), उनके बेटे यासिर अहमद (16) और छह साल की बेटी अपने घर से लापता हो गए हैं।